फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 318 प्रभात जयपुर, मंगलवार 20 जून , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT




**Early Pioneers 1914-1918**

By 1914, the competition between the aviators was raging and that was reflected in World War I which was not long in coming.

**Advancement of Aeronautical Era**

With the arrival of Wright Brother's invention there was fervent activity amid the early pioneers to make their own aircrafts.



*जम्मु कश्मीर वन विभाग ने 13 मई 2023 को एक हिमालय ब्राउन बेअर को पकड़ा। यह भालू कब्रिस्तान में कब्रों को खोद रहा था, शायद भोजन की तलाश में। घटना नॉर्थ कश्मीर के हांडवाड़ा जिले के राजवाड़ा क्षेत्र की है, जहाँ भालू को रिहायशी क्षेत्रों में भी घूमते हुए देखा गया। कई अन्य गांवों से भी ऐसी खबरें मिली हैं। अंदेशा है कि भोजन की तलाश में एक से ज्यादा भालू यहाँ घूम रहे हैं। राजपुरा गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि, कब्र से खोदकर निकाली गई लाशें देखकर हम सब डर गए फिर हमें पता लगा कि यह भालू का काम है। कब्रिस्तान की सुरक्षा के लिए अब गांव वाले पहरा दे रहे हैं। भालू के इस अटपटे व्यवहार के लिए उनके प्राकृतिक आवास में भोजन की कमी को जिम्मेवार माना जा रहा है। गत वर्ष नई दिल्ली के एक वन्यजीव संरक्षण संस्थान, वाइल्डलाइफ एस.ओ.एस. द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता लगा था, कि, कश्मीर में हिमालयन ब्राउन बेयर की डाइट के 75 प्रतिशत खाद्य पदार्थ कचरे से उठाए गए थे, जिसमें प्लास्टिक की थैलियां, चॉकलैट रैपर्स, मिल्क पाउडर और बिरयानी भी थी। शोध कहता है कि, कश्मीर के हिमालयन ब्राउन बेअर हमेशा से वन्यजीव संरक्षणविदों के लिए रहस्य का विषय रहे हैं, क्योंकि यह प्रजाति हिमालय की तलहटी में ही मिलती है। ब्राउन बेअर के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है और इस पर रिसर्च भी बहुत कम हुई है। प्राकृतिक आवासों के विनाश, अतिक्रमण, पर्यटन व मवेशियों की चराई की वजह से गत सदी में इनकी आबादी तेजी से घटी है और मात्र 500-700 ब्राउन बेअर ही रह गए हैं। यह सर्वे थाजवास (बलताल) वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी, सोनमर्ग, लक्षपथरी और सरबाल गांव में किया गया है क्योंकि यह क्षेत्र ना केवल ब्राउन बेअर का प्राकृतिक आवास है बल्कि, प्रमुख पर्यटन केन्द्र भी हैं। सोनमर्ग में भालू का आवास, ज़ोजी ला पास तक है, जो श्रीनगर और लेह को जोड़ता है। इनका मुख्य भोजन, कीट, छोटे क्रस्टेशियन, एल्पाइन पौधे, पौधों की जड़ें, घास की कोंपलें, बकरी, भेड़, नेवले आदि हैं। ये रात्रिचर हैं और इनकी सूंघने की क्षमता भोजन ढूंढने में बहुत मददगार होती है। कश्मीर में मिलने वाले सबसे बड़े स्तनपायी जीव ब्राउन बेअर ही हैं। वयस्क भालू का वजन 250 किलो या उससे ज्यादा तक हो सकता है। ब्राउन बेअर विश्व में सब जगह मिलते हैं परंतु केवल हिमालयन ब्राउन बेअर प्रजाति ही गंभीर रुप से संकटग्रस्त है।*

# क्या जयराम रमेश भारी मानसिक तनाव में हैं?

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हतप्रभ हैं, गीता प्रेस गोरखपुर पर की गयी उनकी भद्दी टिप्पणी से

- जयराम रमेश ने गीता प्रेस, जो लगभग सौ साल से धार्मिक पुस्तकें छाप रहा है तथा इस प्रेस में छपी पुस्तकें भारत में लगभग हर हिन्दु के घर में रहती आई हैं, को प्रकाशन के सौ साल पूरे होने पर, गांधी पुरस्कार देने का भारी विरोध किया।
- जयराम रमेश के अनुसार, गीता प्रेस गोरखपुर को सम्मानित करना, ऐसा है, जैसे सावरकर या गोडसे को सम्मानित करना।
- यह टिप्पणी, गीता प्रेस के साथ उन सभी भारतीय परिवारों को अपमानित करती है, जो दशकों से गीता प्रेस गोरखपुर द्वारा प्रकाशित श्रीमद् भगवत गीता व अन्य धार्मिक किताबें पढ़ते आये हैं।
- गीता प्रेस गोरखपुर के महात्मा गांधी से कुछ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, पर, ये मतभेद उसे साम्प्रदायिक नहीं बना देता।
- कांग्रेस के दिग्गजों का कहना है कि, जयराम रमेश तब से तनाव में हैं, जबसे उनको हटाने की चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं और ऐसी हिन्दु विरोधी टिप्पणियाँ करके, वे अपने आपको पार्टी में ''प्रासंगिक'' बनाये रखना चाहते हैं।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जून। जयराम रमेश ने कांग्रेस पार्टी को मुश्किल में डाल दिया है। उन्होंने सौ वर्ष पुराने प्रकाशक समूह गीता प्रेस को गांधी शांति पुरुस्कार दिए जाने की बहुत ही कड़ी निंदा की है।

उन्होंने कहा कि यह ऐसा है मानो सावरकर और गोडसे (गांधी के हत्यारे) को अवॉर्ड दिया गया हो।

जयराम रमेश के बयान को लेकर बड़ी संख्या में कांग्रेसी बहुत असहज हैं। पार्टी का एक बड़ा वर्ग मानता है कि रमेश ने पार्टी को क्षति पहुंचाई है क्योंकि यह जनभावना के खिलाफ है और आसानी से कांग्रेस को हिंदू विरोधी ठहराया जा सकता है।

हो सकता है गीता प्रैस के महात्मा गांधी से कुछ मतभेद रहे हों, पर इस आधार पर उन्हें साम्प्रदायिक नहीं ठहराया जा सकता है। यद्यपि वे गत 100 वर्षों से श्रीमद् भागवत गीता सहित अनेकों धार्मिक पुस्तकें प्रकाशित कर रहे हैं।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि जयराम रमेश को व्यवहारिक राजनीति और विचारधारा की कोई जानकारी नहीं है उन्होंने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा और वे एक सिद्धान्तकार की तरह व्यवहार करते हैं।

पार्टी के वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने खुले आम जयराम रमेश के गीता प्रैस विरोधी बयान की आलोचना की और कहा कि यह कांग्रेस को हिंदू विरोधी पार्टी बताने जैसा है, जो कि भाजपा कर रही है। उसके मंत्री व नेता इसे लेकर कांग्रेस पर निशाना साध रहे हैं।

सूत्रों ने कहा कि जयराम रमेश दबाव में है क्योंकि खबरें है कि उन्हें उनके पद से हटाया जा सकता है और क्या उन्होंने इसलिए पार्टी को बैकफुट पर धकेला है ताकि वे अपनी कुर्सी बचा सकें।

उनका उद्देश्य चाहे जो हो पर उन्होंने आम जन में कांग्रेस की छवि को भारी नुकसान पहुंचाया है क्योंकि गीता प्रैस द्वारा प्रकाशित एक धार्मिक पुस्तक अवश्य ही होती है।

# जो कभी भारत को ''बास्टर्ड'' बताते थे, अब क्यों गुणगान में लगे हैं?

## हेनरी किसिंजर ने बहु प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय मैगज़ीन ''द इकॉनमिस्ट'' को दिये गये लम्बे इन्टरव्यू में भारत को कूटनीति में अव्वल बताया

- किसिंजर के अनुसार भारत की कूटनीति विश्व के देशों के बीच लगातार रिश्तों में उत्पन्न अस्थिरता में संतुलन बिठाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।
- 1971 में अमेरिका के राष्ट्रपति निक्सन के आमंत्रण जब प्र.मंत्री इंदिरा गांधी अमेरिका गयी थीं, तो राष्ट्रपति निक्सन द्वारा इंदिरा जी के सम्मान में दिये गये रात्रि भोज के बाद किसिंजर ने पत्रकारों से बात करते हुए भारत को ''बास्टर्ड'' बताया था।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जून। हेनरी किसिंजर को याद कीजिए, जो अमेरिका के तेज तर्रार सेक्रेटरी ऑफ स्टेट (विदेश मंत्री) थे तथा जिन्होंने भारतीयों के लिये अपशब्दों का प्रयोग किया था और कहा था भारतीय ''बास्टर्ड'' हैं। इस समय वे भारत की विदेश नीति की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय कूटनीति के वर्तमान दौर में, जब पुरानी ताकतें क्षीण हो रही हैं तथा नई ताकतें उभर रही हैं, उन्हें भारत की भूमिका स्थिरतापूर्ण लगी है। उन्होंने कहा है: ''इस समय भारतीय जिस तरह से अपनी विदेश नीति को संचालित कर रहे हैं, उसके प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है क्योंकि इसमें संतुलन दिखाई दे रहा है।''

कैसा विरोधाभास है। जब राष्ट्रपति निक्सन ने तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 1971 में वाइट हाउस में आमंत्रित किया था, उसके बाद किसिंजर ने ऐसी टिप्पणी की थी, जो आज तक भुलाई नहीं जा सकी है।

लेकिन, अब उनका मानना है कि भारत की कूटनीति ''संतुलित'' है और यह वैश्विक मामलों में निर्णायक महत्व रखने वाले देशों में से एक है। यह बात तो उन्होंने इस स्थिति में कही है, जब भारत रूस-युक्रेन युद्ध के संबंध में पश्चिमी देशों के अनुरूप चलने से इंकार कर रहा है तथा रूस से तेल खरीदने पर लगे प्रतिबंधों की उपेक्षा कर रहा है।

उन्होंने प्रशंसा के लिये खासतौर से भारत के विदेश मंत्री सुब्रमन्यम जयशंकर को प्राथमिकता दी है। उन्होंने ''द इकोनॉमिस्ट'' को बताया कि जयशंकर एक राजनेता के रूप में उसी तरह से काम कर रहे हैं, जो मेरे विचारों के बिल्कुल नजदीक है।''

और वे विचार क्या हैं। किसिंजर ने

(शेष पृष्ठ 6 पर)

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# रवि सिन्हा नये ''रॉ'' प्रमुख

- आई.पी.एस सेवा के छत्तीसगढ़ कैडर के अधिकारी रवि सिन्हा को भारत की टॉप गुप्तचर एजेन्सी रिसर्च एण्ड एनालिसिस विंग (रॉ) का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

नई दिल्ली 19 जून (वार्ता)। भारतीय पुलिस सेवा के छत्तीसगढ़ कैडर के अधिकारी रवि सिन्हा को देश की सबसे टॉप गुप्तचर एजेन्सी रिसर्च एण्ड एनालिसिस विंग (रॉ) का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है और उनका कार्यकाल कार्यभार संभालने के बाद दो वर्ष तक या अगले आदेश तक रहेगा।

सिन्हा को मौजूदा रॉ प्रमुख सामंत कुमार गोयल के स्थान पर इस पद पर नियुक्त किया गया है।

सामंत आगामी 30 जून को सेवानिवृत हो रहे हैं।

# 'बी.पी.एल. परिवारों को चावल बांटने के लिये चावल हम देंगे'

## पंजाब आगे आया कर्नाटक सरकार की मदद के लिये

- जैसा कि विदित ही है, कर्नाटक की नव निर्वाचित कांग्रेस सरकार को केन्द्रीय सरकार के निर्देश के बाद फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने चावल बेचने से मना कर दिया था। कर्नाटक को 2.8 लाख टन चावल की आवश्यकता थी, हर बी.पी.एल. परिवार को दस किलो चावल फ्री देने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने के लिये।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जून। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से लड़ने के लिये साझा कार्यक्रम पर विचार करने के लिये पटना में 23 जून को होने वाली मीटिंग से पहले, आम आदमी पार्टी सोमवार को कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के बचाव के लिये आ गई तथा उसने अन्न भाग्य स्कीम के क्रियान्वयन के लिये चावल उपलब्ध कराने की पेशकश की।

आम आदमी पार्टी के स्थानीय नेतृत्व के माध्यम से किय गये इस वादे से पहले, पार्टी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को कर्नाटक सरकार के बचाव के लिए मनाया, जिसके सामने एक बहुत बड़ी समस्या आ गई थी क्योंकि केन्द्र सरकार ने भारतीय खाद्य निगम को 2.8 लाख टन चावल की वह खेप बेचने से मना कर दिया था जिसकी कर्नाटक को जरूरत थी, ताकि वह 10 कि.ग्रा. मुफ्त चावल देने की अपनी उस योजना को क्रियान्वित कर सके जिसका वादा चुनावों के दौरान कांग्रेस ने किया था। कर्नाटक के मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया ने पंजाब के मुख्यमंत्री से बात कर ली है क्योंकि कर्नाटक राज्य के आप संयोजक पृथ्वी रेड्डी ने इससे पहले पृष्ठ भूमि तैयार कर दी थी। रेड्डी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर सूचित कर दिया था कि पंजाब सरकार कर्नाटक को चावल बेचने के लिये तैयार है तथा वे (सिद्धारमैया) इस मामले में यथाशीघ्र पंजाब के मुख्यमंत्री से बात कर लें।

कुछ ही क्षणों के अंदर, दोनों मुख्यमंत्रियों की परस्पर बात हो गई और अब दोनों ही राज्यों के अधिकारी संबंधित मसौदा तैयार करने में लग गये हैं। आम आदमी पार्टी द्वारा प्रस्तावित यह सहयोग दो काम कर रहा है-जहां यह पेशकश पंजाब के मुख्यमंत्री के सहयोगपूर्ण व्यवहार को दर्शा रही है, वहीं केन्द्र सरकार के एकदम विपरीत रवैये को दर्शा रही है जिससे लगता है कि केन्द्र सरकार कर्नाटक की जनता को भाजपा के खिलाफ वोट देने के लिए दंड देना चाहती है। जहां भाजपा को इस तथ्य रेखांकित करने में भी कष्ट हो रहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रतिमाह 5 कि.ग्रा. मुफ्त दिया जाना तो जारी है किन्तु सवाल उस अतिरिक्त 5 कि.ग्रा. चावल का है, जिसका वादा कांग्रेस ने किया था तथा उसे दे पाना संभव नहीं हो पा रहा था, क्योंकि किसी भी आकस्मिक

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# जे.डी.यू. गठबंधन टूट रहा है?

- पूर्व मु.मंत्री जीतनराम मांझी की पार्टी जे.डी.यू. गठबंधन से अलग हुई। चर्चा है कि, जीतनराम मांझी अब दिल्ली जायेंगे और बसपा, कांग्रेस और एन.डी.ए. के कई नेताओं से मिल सकते हैं।

पटना, 19 जून। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन सरकार से समर्थन वापस लेने के लिए राज्यपाल को पत्र सौंपा है।

उन्होंने कहा कि, वे अब दिल्ली जा रहे हैं और दो-तीन दिन वहीं रहेंगे। कहा कि इस दौरान वे बसपा, कांग्रेस और एन.डी.ए. के कई नेताओं से मिल सकते हैं। उन्होंने मायावती, राहुल गांधी और अमित शाह से मुलाकात करने के संकेत दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# राहुल गांधी को तिरपनवें जन्मदिन पर कांग्रेस व विपक्ष से बधाई मिली

## कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिव कुमार ने शुभ कामनाएं ट्विटर के माध्यम से भेजीं

- बिहार के मु.मंत्री नीतीश कुमार व पुराने मराठा लीडर, शरद पवार भी अग्रणी रहे, गैर कांग्रेस पार्टी के नेताओं में, राहुल गांधी को जन्मदिन पर मुबारकवाद देने वालों में।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जून। राहुल गांधी आज 53 वर्ष के हो गए हैं। विभिन्न दलों के नेताओं ने इस अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं और बधाइयां दीं।

कांग्रेस ने घोषणा की है कि राहुल गांधी के जन्म दिवस पर देश के अलग-अलग राज्यों में विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे।

कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्विटर पर लिखा कि, ''संवैधानिक मूल्यों के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता और विपरीत परिस्थितियों में आपका अदम्य साहस प्रशंसनीय है। आप करूणा और सद्भाव का संदेश फैलाते हुए सत्ता के सामने सच बोलते रहेंगे और लाखों भारतीयों की आवाज़ बने रहेंगे।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने भी ट्विटर पर राहुल गांधी को बधाई दी और कहा, ''जन सेवा के प्रति आपका समर्पण और प्रतिबद्धता सही मायने में प्रेरणास्पद है। ईश्वर से प्रार्थना है यह वर्ष आपके लिए ढेर सारी प्रसन्नता, और स्वास्थ्य लेकर आए तथा सकारात्मक बदलाव लाए आपको और ज्यादा ताकत मिलें।

बिहार के मुख्यमंत्री ने लिखा, ''श्री राहुल गांधी को उनके जन्म दिन पर हार्दिक बधाइयां और शुभकामनाएं। आप दीर्घायु हों और स्वस्थ रहे।'' नीतिश आम चुनाव से पहले विपक्ष को एकजुट करने में लगे हुए हैं।

नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के नेता शरद पवार, जो महाराष्ट्र में कांग्रेस क सहयोगी है और महाविकास अघाड़ी में भी शामिल हैं, ने लिखा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जन्म दिन पर शुभकामनाएं। आप स्वस्थ और प्रसन्न रहे और भविष्य में हर कार्य में आज को सफलता मिले।

राहुल गांधी का दिल्ली में 19 जून 1970 को जन्म हुआ था। वे कांग्रेस और भारत के जाने माने नेता हैं। स्व. राजीव गांधी के पुत्र, इंदिरा गांधी के पौत्र, जवाहर लाल नेहरू के प्रपौत्र हैं। ये तीनो ही भारत के प्रधानमंत्री रहे हैं। उनकी मां सोनिया गांधी, अपने पति राजीव गांधी की मृत्यु के बाद से कांग्रेस पार्टी की रीढ़ रहीं हैं।

शुरुआत से ही राहुल गांधी सार्वजनिक जीवन से दूर रहते थे। वर्ष 1984 में इंदिरा गांधी की मृत्यु के बाद उन्होंने घर पर ही पढ़ाई की। दिल्ली में सेंट स्टीफंस और फिर हारवर्ड में पढ़ने के बाद वर्ष 1991 में उनके पिता की मृत्यु के बाद उन्हें फ्लोरिडा के रोलिंस कॉलेज में भेज दिया गया। उन्होंने कैम्ब्रिज के ट्रिबिटी कॉलेज से 1994 में ग्रेजुएशन किया था और अगले वर्ष पी.जी. भी यही से किया, इसके बाद उन्होंने यू.के. की एक कंसलटिंग फर्म में काम किया और फिर भारत लौट कर मुम्बई में एक बिजनैस कंपनी में काम किया।

राहुल गांधी राजनीति में 2004 में आये थे, जब वे पहली बार लोकसभा के लिये चुने गये थे। 2009 के चुनाव के बाद, वे उसी पद पर बने रहे। 2013 में, वे कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष बना दिये गये। उसके बाद 2014 में हुये चुनावों में उनकी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी से बुरी तरह हार गई क्योंकि कांग्रेस की छवि भ्रष्टाचार के कई घोटालों से खराब हो गई थी। लेकिन किसी तरह से, राहुल ने अपनी लोकसभा सीट उन्होंने बचा ली। कांग्रेस के बहुत खराब चुनावी प्रदर्शन के बावजूद, राहुल गांधी तथा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# इंडिगो 500 नई एयरबस खरीदेगी

- यह भारतीय एयलाइन्स इण्डस्ट्री की अब तक की सबसे बड़ी डील मानी जा रही है। वर्तमान समय के लिहाज से यह डील इसलिए भी काफी अहम है, क्योंकि, देखा जाये तो यह समय एविएशन इण्डस्ट्री के लिए कुछ अच्छा नहीं चल रहा है।

नई दिल्ली, 19 जून। प्राइवेट सैक्टर की एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने एयरबस के साथ एक बड़ी डील का ऐलान किया है। इंडिगो 500 एयरबस ए-320 विमान खरीदेगी। हालांकि, इस सौदे के वित्तीय पहलुओं का ब्योरा अभी सामने नहीं आया है, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि, यह कुल 50

(शेष पृष्ठ 6 पर)

## विचार बिन्दु

उपदेश के बजाय कहीं ज्यादा हम करके सीखते हैं। –बर्क

# समान नागरिक संहिता- आवश्यकता और संभावना

14 जून, 2023 को एक सार्वजनिक अधिसूचना जारी कर भारत के विधि आयोग ने देश के नागरिकों, धर्मगुरुओं और संस्थाओं से समान नागरिक संहिता के बारे में 30 दिन के अंदर सुझाव मांगे हैं।

वर्तमान में भारत के नागरिकों पर उनके धर्म के अनुसार निजी मामलों हेतु निम्न कानून लागू होते हैं:–

1. हिन्दुओं के लिए :
i. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955
ii. हिन्दू उत्तराधिकार, अधिनियम, 1956
iii. हिन्दू माइनॉरिटी एंड गार्डियनशिप एक्ट, 1956
Vi. हिंदू एडॉप्शन एंड मेंटेनेंस,एक्ट, 1956
(ये सभी कानून सिक्खों, जैनों, बौद्धों पर भी लागू है)
2. मुसलमानों के लिए: दी मुस्लिम पर्सनल लॉ ( शरीयत) ऐप्लिकेशन एक्ट, 1937
3. ईसाइयों के लिए: इंडियन क्रिश्चियन मैरेज एक्ट, 1872
4. पारसियों के लिए : पारसी विवाह एवं तलाक अधिनियम, 1936 ( इसे 1988 में संशोधित किया गया)

भारतीय संविधान के भाग 4 में अनुच्छेद 36 से 51 तक नीति निर्देशक तत्व का उल्लेख किया गया है। सरकारों से अपेक्षा की गई है कि वह अच्छे शासन के लिए नीति निर्देशक तत्वों के अनुसार कानून बनाने की कार्यवाही करें। इसी प्रकार संविधान के भाग 3 के अनुच्छेद 25 एवं 26 में सभी को अपने अपने धर्मों के अनुसार जीवन यापन करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है। यह उल्लेखनीय है कि मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होने पर न्यायालय का आदेश प्राप्त किया जा सकता है, जबकि नीति निर्देशक तत्व को लागू कराने हेतु न्यायालय द्वारा बाध्य नहीं किया जा सकता है।

स्वतन्त्रता के 75 साल बाद भी समान नागरिक संहिता नहीं बनाना एक प्रकार से संविधान की प्रस्तावना और विधि के शासन के विरुद्ध है। संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के अनुसार प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म के सिद्धांतों के आधार पर जीवन जीने का अधिकार है। इसी को आधार बनाकर मुसलमानों के धर्मगुरु समान नागरिक संहिता का विरोध करते रहे हैं और इसे, उनके धार्मिक रीति-रिवाजों में हस्तक्षेप बताते रहे हैं।

पहली बार 2015 में 21वें विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के विषय में सुझाव मांगे थे। विधि आयोग ने प्राप्त सुझावों पर विचार करने के बाद अपनी रिपोर्ट 2018 में सरकार को सौंपी जिसमें यह सिफारिश की गई कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करना न तो वांछित है न ही आवश्यक।

सरकार ने 2020 में 22 वें विधि आयोग का गठन किया। इस विधि आयोग द्वारा एक बार फिर समान नागरिक संहिता के बारे में सुझाव मांगने हेतु अधिसूचना जारी की गई है। इस अधिसूचना के जारी होते ही राजनीतिक क्षेत्र में बवाल मच गया है। सभी विपक्षी दल इस प्रक्रिया के प्रारंभ होने का ही विरोध करने लगे हैं।

यह सही है कि संविधान के नीति निर्देशक तत्व में देश के लिए समान नागरिक संहिता बनाने की बात कही गई थी और सरकारों का यह दायित्व था कि इस दिशा में कदम उठाएँ। जब-जब भी इस विषय पर चर्चा हुई, इसे राजनीतिक रंग दिया गया और इसे विभिन्न धर्मावलंबियों में विवाद उत्पन्न करने वाला कदम बताने का प्रयास किया गया।

अल्प संख्यक समुदायों, विशेषकर मुस्लिम समाज को यह आशंका है कि सरकार समान नागरिक संहिता के नाम पर हिंदुओं के रीति-रिवाजों को अन्य धर्मों पर थोपने का कार्य करेगी।

पहले तो हम यह समझ लें कि समान नागरिक संहिता किसी भी नागरिक के जीवन के किस-किस पहलू को प्रभावित करेगी? मुख्य रूप से यह विवाह, तलाक, निर्वाह भत्ता, उत्तराधिकार, गोद लेने आदि पर लागू होगा। वर्तमान में नागरिकों पर वह संहिता लागू होती है जो संबंधित व्यक्तियों के धर्म के अनुसार हो।जहां तक विवाह का प्रश्न है, विशेष विवाह अधिनियम के अंतर्गत भी इसका पंजीयन कराया जा सकता है, यदि संबंधित दोनों व्यक्ति अलग-अलग धर्मों के भी हों। वर्तमान में देश में केवल गोवा ही ऐसा राज्य है जहां पर समान नागरिक संहिता लागू है।

अब यह समझने का प्रयास करें कि इसका विरोध करने वाले इसका विरोध किस आधार पर कर रहे हैं? सबसे प्रमुख आधार तो यही है भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है और भारतीय संविधान में आर्टिकल 25 में सभी धर्मों के मानने वालों को अपने-अपने धर्म के अनुसार अपना जीवन का संचालन करने का एक मूलभूत अधिकार दिया गया है। क्योंकि विभिन्न धर्मों में निजी, पारिवारिक कार्यों जैसे विवाह, तलाक आदि के संबंध में विभिन्न अलग-अलग प्रकार के प्रावधान किए गए हैं, क्या सबके लिए अलग-अलग निजी कानून को बनाए रखना संविधान सम्मत है? अंतर्द्वंद ,मौलिक अधिकार और नीति निदेशक तत्व के बीच में उत्पन्न किया गया है। ऐसा कोई कानून जो समाज में महिला पुरुष के बीच में गैर बराबरी को बनाए रखें, एवं समान रूप से नहीं देखे तो

> **इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि पूरे देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान संहिता होनी चाहिए। कुछ समाजों के मन में संशय यह है कि क्या समान संहिता के नाम पर बहुसंख्यक समाज की ही परंपराओं एवं के नियमों को सभी समाजों पर थोप दिया जाएगा या इसमें सभी धर्मों के निजी कानूनों की अच्छी बातों का भी समावेश होगा?**

इस प्रकार के निजी कानून, मौलिक अधिकारों की अवहेलना है। दूसरी ओर अल्पसंख्यक समाज के प्रतिनिधियों एवं तथाकथित ठेकेदारों के द्वारा विभिन्न निजी विषयों के लिए शरियत को आधार बताते हुए इनमें किसी भी प्रकार के दखल को नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन माना जा रहा है। यह कहा जाता है कि ऐसा करके सरकार धार्मिक स्वतंत्रता पर चोट पहुंचाना चाह रही है। कुछ इसी प्रकार का तर्क तब भी दिया गया था जब सरकार द्वारा ट्रिपल तलाक कानून पारित किया गया था। विरोध के बावजूद संसद ने इस कानून को पारित कर दिया। इस कानून का समर्थन अधिकांश मुस्लिम महिलाओं ने भी किया था, क्योंकि यह ऐसे पुरुष को सजा देता है जो एक ही बार में तीन बार तलाक, तलाक, तलाक बोलकर किसी भी पत्नी को घर से निकाल सकता था।

विपक्षी दल यह भी आरोप लगा रहे हैं कि यह सारी प्रक्रिया लोकसभा चुनाव के कुछ समय पूर्व प्रारंभ की गई है, ताकि विभिन्न समुदायों में कटुता उत्पन्न की जा सके और ध्रुवीकरण करके बहुसंख्यक समाज के मत बड़ी संख्या में प्राप्त कर चुनाव में विजय सुनिश्चित की जा सके। यह उल्लेखनीय है कि विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में साफ कहा था कि समान नागरिक संहिता की आवश्यकता फ़िलहाल नहीं है।

इस विषय में सर्वसम्मति बनना लगभग असंभव प्रतीत हो रहा है। उत्तराखंड की बीजेपी सरकार द्वारा एक प्रारूप समान नागरिक संहिता का बनाया जा रहा है। विधि आयोग ने अपनी ओर से कोई प्रारूप नहीं जारी किया है। इसका कोई ठोस कारण नहीं बताया गया कि जब एक विधि आयोग ने इसकी आवश्यकता नहीं बताई तो अब दुबारा चर्चा प्रारंभ कराने का इस समय क्या उद्देश्य है? प्रश्न यह भी है कि सभी धर्मों के अपने अपने निजी कानून हैं तो समान नागरिक संहिता के नाम पर क्या किसी एक धर्म के निजी कानून को अन्य धर्मावलंबियों पर लागू करना उचित होगा? सरकार का यह कहना है कि वह नीति निर्देशक तत्व में दी गई जिम्मेदारी के अनुसार ही इस दिशा में आगे बढ़ रही है। यदि 75 वर्ष तक किसी सरकार ने इस बारे में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की तो इसका अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि वर्तमान सरकार भी इस बारे में कोई कार्रवाई नहीं करे। पुराने विधि आयोग की सिफारिश के अनुसार सरकार को विभिन्न धर्मावलंबियों की वर्तमान परंपराओं को कुछ कानूनी जामा पहनाया जाना था ताकि प्रत्येक धर्म के कुछ ठेकेदार और तथाकथित धर्मगुरु अपनी मनमानी नहीं कर पाएँ। समस्या, मुख्य रूप से इस्लाम धर्मावलंबियों की है, क्योंकि ईसाई और पारसी संख्या में बहुत अधिक नहीं होने के कारण कोई मजबूत विरोध कर पाने की स्थिति में नहीं हैं। पारसियों के निजी कानून के अनुसार कोई पारसी किसी अन्य धर्म को मानने वाले से विवाह करता है तो उनके बच्चे पारसी नहीं माने जाते हैं।

समान नागरिक संहिता का विषय स्वतंत्रता से पूर्व भी उठता रहा था और अंग्रेजों ने देश की विविधता को दृष्टिगत रखते हुए ही एक समान नागरिक संहिता नहीं बनाई एवं न ही लागू की। उन्होंने अलग-अलग समाज के लिए जो भी उनके परंपराएं थी उनको लिपि बंद करके इस संहिता के रूप में जारी किया, उदाहरण के लिए मुसलमानों के लिए अलग संहिता बनी, पारसियों के लिए अलग थी और हिंदुओं के लिए अलग थी। स्वतंत्रता के बाद हिंदुओं के लिए हिंदू कोड बिल लाया गया जिसे कानून का रूप दिया गया। समान नागरिक संहिता के अंतर्गत केवल निजी कानून ही सम्मिलित होते हैं जैसे विवाह, तलाक, निर्वाह, भत्ता गोद लेने की प्रक्रिया, उत्तराधिकार।

इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि पूरे देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान संहिता होनी चाहिए। कुछ समाजों के मन में संशय यह है कि क्या समान संहिता के नाम पर बहुसंख्यक समाज की ही परंपराओं एवं के नियमों को सभी समाजों पर थोप दिया जाएगा या इसमें सभी धर्मों के निजी कानूनों की अच्छी बातों का भी समावेश होगा?

अत: सरकार के लिए समान संहिता बनाने हेतु आवश्यक है कि वह अल्पसंख्यक समाजों की इन आशंकाओं को समाप्त करें एवं एक प्रारूप पहले समान नागरिक संहिता का बनाकर जारी करे। संभव है, महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए अधिक ठोस प्रावधान अल्पसंख्यक समुदायों के निजी कानूनों में हों। उन्हें अपनाने में लचीला दृष्टिकोण रखना चाहिए।

वैसे भी देश में दंड प्रक्रिया संहिता, सभी के लिए समान रूप से लागू है। जिस प्रकार भारतीय दंड संहिता सभी पर लागू होती है, निजी कानून भी समान रूप से सब पर लागू हो सकते हैं। समान नागरिक संहिता के लिए चर्चा कराने का जो समय चुना है, वह अवश्य सरकार की मंशा को संदेह के घेरे में लाता है।

उपयुक्त होगा, यदि नए कानून को इंडियन पर्सनल लॉ या इंडियन सिविल कोड के नाम से बनाया जाय। आशा है, सरकार संवाद के माध्यम से ही इस दिशा में आगे कदम बढ़ाएगी एवं केवल चुनावी लाभ को दृष्टि गत रखते हुए जल्दबाजी नहीं करेगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# वर्षा नहीं होने के कारण फसलों को नुकसान

**सादुलपुर,** (निसं)। पश्चिमी विक्षोभ से होने वाली वर्षा से उपखंड के ग्रामीण क्षेत्र में शत प्रतिशत देसी बाजरे की बुवाई की जा चुकी है। वहीं कहीं-कहीं पर ग्वार एवं मूंग की बुआई की गई है। लेकिन तापमान ज्यादा होने एवं बुवाई के लंबे अंतराल के बाद भी वर्षा नहीं होने के कारण ग्वार की फसल को काफी नुकसान हुआ है। वहीं ग्वार की फसल के अंकुरित हुए पौधे जलकर नष्ट हो गए हैं।

लगभग सवा महीने पहले बोई गई बाजरे की फसल अब खेतों में लहराने लगी है। लेकिन राजगढ उपखंड के दर्जनों गाँवों में अभी भी चक्रवात बिपरजाय के असर के बाद भी वर्षा नहीं हुई है। देसी बाजरे की फसल सुबह शाम

> ■ **ग्वार की फसल के अंकुरित हुए पौधे जलकर नष्ट हुये**



भाकरां गांव की रोही में खड़ी फसल।

परवान पर है, लेकिन बढवार फसल में नहीं हो रही है तथा दिन में तेज धूप में बाजरे के कारण फसल मुरझा रही है। भाकरां के सीताराम मेहरा, नरेंद्र सिंह व जयसिंह मिल ने बताया की अबकी बार चक्रवात की बरसात भी नहीं हुई एवं चक्रवात के कारण मानसून भी रुका हुआ है तथा मानसून से पहले प्री मानसून की बारिश भी नहीं हो रही है। अगर अभी एक-दो दिन में अच्छी वर्षा हो जाती है तो बाजरे की अगेती फसल में बढवार हो जाएगी तथा फसल में होने वाले खरपतवार निनाण भी समय रहते निकालेंगे। गौरतलब है कि भाकरां, राधा बडी एवं थानमठुई रोही में अगेती बोई गई बाजरे की फसल परवान पर है, लेकिन अच्छी वर्षा का इंतजार है। अल सुबह भाकरां रोही में निरीक्षण के दौरान खेतों में बाजरे की फसल का नजारा बहुत ही बढिया मनमोहक दृश्य था।

# चूरू में रेलवे विभाग ने तिरंगे को ही गायब कर दिया

**चूरू,** (कासं)। चूरू में रेलवे विभाग ने लापरवाही की सभी हदें पार करते हुए तिरंगे को ही गायब कर दिया है। जबकि यहां ना तो कोई आंधी आई है और ना ही कोई तूफान आया है। बस रेलवे के अधिकारियों की अनदेखी ने तिरंगे का मजाक बनाकर रख दिया है। मिली जानकारी के अनुसार चूरू जंक्शन के परिसर में से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा काफी दिनों से गायब है।

यहां रेलवे विभाग के अधिकारी तिरंगे को लहराते हुए देखना पसंद नहीं करते बताए। यही कारण है कि एक साजिश रचकर तिरंगा हटा दिया गया है। रेलवे के अधिकारी इस संबंध में आंखें बंद करके बैठे हुए हैं। उन्हें कुछ दिखाई ही नहीं दे रहा है। रेल मंत्रालय के निर्देश इनके लिए कोई मायने नहीं रखते हैं। यहां आने-जाने वाले लोगों ने दोषी अधिकारियों पर

> ■ **यहां पर ना तो कोई आंधी आई और ना ही कोई तूफान आया**
>
> ■ **मामले में दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग**

कार्यवाही करने की मांग की है। लोगों ने कहा कि यहां तिरंगे को हटाकर चूरू रेलवे विभाग के अधिकारी क्या साबित करना चाहते हैं। यहां आमजन की भावनाओं के साथ खिलवाड़ भी हो रहा है। क्यों नहीं संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए। इस प्रकार से मनमानी नहीं चलेगी।




चूरू में रेलवे विभाग ने लापरवाही की सभी हदें पार करते हुए तिरंगे को ही गायब कर दिया है।

# निर्माण श्रमिकों के लिए पेंशन लागू करने की मांग

**हनुमानगढ़,** (निसं)। निर्माण श्रमिकों के लिए पेंशन लागू करने सहित 10 सूत्री मांगों को लेकर निर्माण मजदूरों ने सोमवार को राजस्थान निर्माण मजदूर यूनियन (सीटू) के बैनर तले जिला मुख्यालय पर स्थित श्रम विभाग ऑफिस पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम जिला श्रम कल्याण अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि शुभ शक्ति योजना को चालू कर 8वीं पास की अनिवार्यता समाप्त की जाए ताकि बच्चियों को आगे बढ़ने में सहायता मिल सके।

श्रम विभाग की ओर से करवाए गए भौतिक सत्यापन में निरस्त किए गए आवेदनों में वंचित पात्र निर्माण श्रमिकों के आवेदन स्वीकृत कर उन्हें सहायता दी जाए और आवेदन करने की समय सीमा बढ़ाई जाए। विभाग की ओर से सैस एकत्रित करने में की जा रही भारी अनियमितता को लेकर अभियान चलाकर सैस एकत्र किया जाए, दूसरे राज्यों की भांति राजस्थान में भी निर्माण श्रमिकों को 60 वर्ष आयू के बाद पेंशन लागू की जाए। निर्माण श्रमिकों की पंजीयन डायरी में आधार, जनआधार जोड़ने की व्यवस्था सभी जिला स्तर पर की जाए। निर्माण श्रमिकों को शीघ्र ही भविष्य निधि एवं ईएसआई जैसी केन्द्रीय योजनाओं से जोड़ा जाए।

प्रदेश के सभी श्रम कार्यालयों पर बोर्ड की ओर से ई-मित्र की व्यवस्था की जाए, क्योंकि बाहर के ई-मित्र भारी राशि वसूल कर रहे हैं। योजनाओं में समय सीमा तय की जाए। प्रवासी निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण आधार कार्ड और उनके स्वयं के शपथ-पत्र पर पंजीयन किया जाए। बीओसी डब्लूयू बोर्ड की राशि लगभग 385 करोड़ जो राज्य सरकार ने कोविड-19 के समय अन्य राहत कार्यों के लिए उधार ली थी वह वापस बोर्ड में जमा करवाई जाए। इस मौके पर शेरसिंह शाक्य, मुकद्दर अली, रामचन्द्र, बसंत सिंह, शत्रोहन, अरविन्द सिंह, हरीराम, भरत, सुरेश कुमार, प्रेमचन्द कुमार, रामस्वरूप, सुनील, पप्पूराम, तरसेम सिंह आदि मौजूद थे।

# श्रीविष्णु महायज्ञ में लगी सवा सात लाख आहुतियां

**शाहपुरा,** (निसं)। शहर के समीपवर्ती रुण्डल में संतों के बाग में जमदग्नि आश्रम के महंत रविदास महाराज के सानिध्य व अयोध्या धाम से महान्त गणेश दास महाराज के आचार्यत्व में सन्त बालक दास महाराज की मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित 51 कुण्डात्मक श्रीविष्णु महायज्ञ महोत्सव एवं संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस पर

> ■ **करीब 50 हजार लोगों ने पाई पंगत प्रसादी**

यज्ञाचार्य अयोध्या धाम से गणेश दास महाराज एवं विप्रों ने स्थापित देवताओं का पूजन कर 51कुण्डीय महायज्ञ में महायज्ञ के ब्रह्मा वैदिक सुरेश शर्मा खेजरोली एंव वैदिक नवीन शास्त्री ने बताया कि अब तक 6 लाख 21हजार आहुतियां यजमानों द्वारा लग चुकी हैं। भागवत कथा में अयोध्या धाम से महान्त गणेश दास महाराज द्वारा पंचम दिवस की कथा में श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया।

महाराज ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नहीं मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। सभी भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।प्रधान यजमान शिवपाल यादव,कैलाश सैनी, नन्दकिशोर सैनी, दिलीप खडोतिया, गोपाल सिंह शेखावत, रणवीर शेखावत, सत्यनारायण, कैलाश सैनी हरि शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा सहित अनेकों द्वारा भागवत जी का पूजन कर कथाव्यास यज्ञाचार्य का स्वागत कर आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं, बहनें व भक्तगण उपस्थित थे।



शाहपुरा के समीपवर्ती रुण्डल में संतों के बाग में जमदग्नि आश्रम में संतों ने प्रवचन दिये।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### मंगलवार 20 जून, 2023

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, पुनर्वसु नक्षत्र रात्रि 10:36 तक, धुव्र योग रात्रि 1:47 तक, कौलव करण दिन 11:08 तक, चन्द्रमा आज दिन 3:58 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-कर्क, बुध-वृष, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज त्रिपुष्कर योग सूर्योदय से दिन 1:08 तक है। रवियोग और राजयोग रात्रि 10:36 से आरम्भ होगा। बुध अस्त पूर्व में प्रात: 7:18 पर होगा। आज रथयात्रा उत्सव, मेला आषाढ़ी दशहरा, श्री जगदीश रथयात्रा जगन्नाथपुरी है। आज से जिलहिज मु. मास 12 आरम्भ होगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:03 से 10:46 तक, लाभ-अमृत 10:46 से 2:11 तक, शुभ 3:54 से 5:36 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:19

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ बनी रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। धन हानि का भय है। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। धन प्राप्त होगा।

**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**मकर**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा।

**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

# जे.जे.एम. में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों के आधार पर दो फर्मों को जारी किए ९०० करोड़ के टेंडर : डॉ. किरोड़ी लाल मीणा

## 'जलदाय विभाग के ए.सी.एस. सुबोध अग्रवाल और पीएचईडी मंत्री महेश जोशी ने मिलकर किया 20 हजार करोड़ का घोटाला'


डॉ.किरोड़ी लाल मीणा

■ भाजपा नेता डॉ. किरोड़ी आज सी.वी.सी. नोडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भ्रष्टाचार की जांच की मांग करेंगे, सुबोध अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएंगे

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेसवार्ता के दौरान किरोड़ीलाल मीणा ने राजस्थान में जल जीवन मिशन (जे.जे.एम.) के तहत पीएचईडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल और पीएचईडी मंत्री महेश जोशी के खिलाफ बीस हजार करोड़ के घोटालों का गंभीर आरोप लगाया।

डॉ किरोड़ी मीणा ने कहा कि पीएचईडी विभाग द्वारा प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत अपनी चहेती दो फर्मों गणपति ट्यूबवैल कंपनी शाहपुरा और श्री श्याम ट्यूबवैल कंपनी शाहपुरा को विगत दो वर्षों में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों के आधार पर एक हजार करोड़ से अधिक के टेंडर जारी किए हैं। इसको लेकर मंगलवार को भाजपा नेता डॉ. किरोड़ी लाल मीना सीवीसी के राज्य के प्रतिनिधि को शिकायत सौंपेंगे और इस भ्रष्टाचार के ख़िलाफ थाने में शिकायत दर्ज करायेंगे। डॉ. मीणा ने कहा कि इन दोनों फर्मों ने भारत सरकार के उपक्रम इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के फोरमेट की नकल करके उसी पर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र तैयार करवाए, और इसी के आधार पर पीएचईडी विभाग से कार्यआदेश प्राप्त कर लिए। इसमें अकेले गणपति ट्यूबवैल कंपनी ने दो वर्षों में 900 करोड़ के कार्यआदेश पीएचईडी अधिकारियों से मिलीभगत के आधार पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त किए हैं।

इस संदर्भ में इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने 22 मार्च और 6 अप्रैल को पीएचईडी विभाग के अधिकारियों को ई-मेल के द्वारा इस फर्जीवाडे के बारे में सूचित किया, लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत के चलते कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने विगत 7 जून को अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल को भी पत्र लिखकर इस मामले की जानकारी दी लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत के चलते इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले के पूर्व के तथ्यों पर नजर डालने पर पता चला कि विगत 6 अक्टूबर 2021 से 24 नवंबर 2022 के मध्य 11 विभिन्न कार्यों के लिए 48 निविदाएं आमंत्रित की गई थी। जिनका कुल मूल्य लगभग दस हजार करोड़ था। इस दौरान नियमों की अवहेलना करते हुए निविदा प्रीमीयम और राज्य के हिस्से की राशि को कम करने के उद्देश्य से प्रमुख परियोजना के 27 जलजीवन मिशन कार्यों की पेशकश री-बिड पर बातचीत करने का स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है। जिसमें निविदा प्रीमियम नियमानुसार 10 फीसदी से अधिक पाए गए। इसके अलावा इन सभी संविदाओं में किसी तरह का कोई मोलभाव नहीं किया गया। इन सभी निविदाओं में बिड से पहले साईट विजिट का प्रावधान रखा गया था। जिससे कि बिड करने वाली फर्मों को पूलिंग का मौका मिल गया। इन दोनों फर्मों को पूलिंग के चलते लागत तीस से चालीस प्रतिशत तक बढ़ाने का मौका मिल गया, इस तथ्य को पीएचईडी विभाग की फाईनेंस कमेटी ने स्वीकृत भी कर दिया। भारत सरकार के पैसे से जल जीवन मिशन चल रहा है। नियमों के अनुसार भारत सरकार की इजाज़त के बिना भारत सरकार का पैसा नहीं खर्च कर सकती है मगर राजस्थान सरकार बिना भारत सरकार से प्रस्ताव पास कराये पैसे का बंदरबाँट कर रही है। इस दौरान यह भी सामने आया कि कई परियोजनाओं को पूरा करने की निर्धारित समय सीमा वर्ष 2025 तक है। जो कि जल जीवन मिशन के दिशा निर्देशों का उल्लंघन है, क्योंकि समय सीमा के समाप्त होने के बाद परियोजनाओं को केंद्र से मिलने वाला अंश नहीं मिलेगा एंव परियोजनाओं का पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा ही वहन किया जाएगा। इन सभी के चलते परियोजनाओं के पूर्ण होने में अनावश्यक देरी हो रही है, जिससे कि जल जीवन मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो पा रही है एंव प्रदेश की आठ करोड जनता को उसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

# डिप्लोमाधारियों को विशेष शिक्षक पद पर नियुक्ति नहीं देने पर मांगा जवाब

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती-2022 के लेवल 2 विशेष शिक्षक के पद पर विशेष शिक्षा में डिप्लोमाधारियों को नियुक्ति नहीं देने पर शिक्षा सचिव, प्रारंभिक शिक्षा निदेशक, एनसीटीई सचिव, रिहैबिलिटेशन कौंसिल ऑफ इंडिया के सचिव और कर्मचारी चयन बोर्ड सचिव सहित अन्य से जवाब मांगा है। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि क्यों ना विशेष शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा रखने वाले अभ्यर्थियों को विशेष शिक्षक पद पर नियुक्ति दी जाए। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश विनीत कुमार व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने शिक्षक भर्ती-2022 के तहत विशेष शिक्षक पद लेवल 2 के लिए गत 16 दिसंबर को भर्ती निकाली थी। जिसमें याचिकाकर्ता अभ्यर्थियों ने भी आवेदन किया था। कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित लिखित परीक्षा में भाग लेकर याचिकाकर्ता के कट ऑफ से अधिक आ गए। इसके बावजूद उन्हें यह कहते हुए नियुक्ति देने से इनकार कर दिया कि उनके पास विशेष शिक्षा में बीएड के बजाए द्विवर्षीय डिप्लोमा है। याचिका में कहा गया कि स्नातक के साथ बीएसटीसी की योग्यता रखने वालों को सामान्य शिक्षक भर्ती लेवल 2 के लिए पात्र माना है। वहीं वर्ष 2018 की भर्ती में विशेष शिक्षा में डिप्लोमा रखने वाले अभ्यर्थियों को पात्र माना गया था। उस समय प्रारंभिक शिक्षा निदेशक ने पत्र जारी कर ऐसे अभ्यर्थियों को योग्य माना था। इसके अलावा रिहैबिलिटेशन कौंसिल ऑफ इंडिया के प्रावधानों के तहत भी डिप्लोमाधारी अभ्यर्थी भर्ती के लिए पात्र हैं। इसके बावजूद इस भर्ती में सिर्फ सामान्य बीएसटीसी वाले अभ्यर्थियों और विशेष शिक्षा में बीएड करने वाले अभ्यर्थियों को ही योग्य माना गया है।

याचिका में कहा गया कि सामान्य बीएसटीसी और स्पेशल शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा आपस में समकक्ष योग्यता है। ऐसे में स्पेशल शिक्षा में डिप्लोमा रखने वाले अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति दी जाए।

# पांच साल बाद भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा : पीयूष गोयल


पीयूष गोयल

■ 'अमेरिकी संसद को दूसरी बार संबोधित करेंगे मोदी, यह भारत के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण होगा'

■ गहलोत सरकार का नाम हुआ गहलूट सरकार, प्रदेश की जनता को राहत के नाम पर घूस देने का प्रयास : राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को जयपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सासंद राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने अधिवक्ता संघ, भूतपूर्व सैनिकों, चार्टर्ड अकाउंटेंट और खिलाड़ियों से मुलाकात कर सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान पीयूष गोयल ने मुद्रा लोन योजना के लाभार्थियों से भी संवाद किया। अपने संबोधन में गोयल ने कहा कि मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों की फेहरिस्त इतनी लंबी है कि 272 स्लाइड भी कामों को गिनाने के लिए कम पड गई। देश की 140 करोड़ जनता से प्रधानमंत्री मोदी का सीधा जुडाव है, क्योंकि लोगों के जीवन में वाकई परिवर्तन आया है। मोदी सरकार ने इन नौ सालों में भारत को पांचवी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में प्रस्तुत किया है। इसी का परिणाम है कि आज विश्व का हर देश भारत के साथ व्यापार करने को आतुर है। पांच साल बाद भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगले सप्ताह होने वाले अमेरिका दौरे का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि मोदी अमेरिकी संसद कांग्रेस को दूसरी बार संबोधित करेंगे। विश्व के इतिहास में विस्टन चर्चिल और नेल्सन मंडेला के बाद यह सौभाग्य भारत के प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी को ही मिला है।

गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए गोयल ने कहा कि देश की जनता को तुष्टिकरण वाली नहीं सशक्त सरकार चाहिए। गहलोत सरकार के भ्रष्टाचार पर सवाल उठाते हुए उन्होने कहा कि साढे चार साल जनता को विकास से वंचित रखना ही भ्रष्टाचार है।

इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने गहलोत सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि यह सरकार गहलोत सरकार नहीं गहलूट सरकार है। जिसने हर क्षेत्र में प्रदेश की जनता को लूटा है। सरकार के विधायक और मंत्री अवैध खनन में लिप्त हैं। पेपर लीक हो या अपराध हर क्षेत्र में प्रदेश पिछड़ा है।

प्रबुद्धजन सम्मेलन में पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, मदन दिलावर, जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपडा, जयपुर देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष रामानंद गुर्जर और नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावट सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा का सम्पर्क से समर्थन अभियान आज से

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 वर्ष के सफल कार्यकाल को देकर प्रदेश स्तरीय अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश में भाजपा 20 जून से 30 जून तक 'सम्पर्क से समर्थन अभियान' की शुरूआत करने जा रही है, जिसमें 20 जून को प्रदेश के प्रमुख नेता विभिन्न वर्गों में जाकर 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की पुस्तिका का वितरण करेंगे एवं अभियान से जुड़ने के लिए 9090902024 नम्बर पर मिस्ड कॉल करवाये जायेंगे।


राज्यपाल कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, राजस्थान प्रशांत भूषण ने मुलाकात की। मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# 'केजरीवाल झूठ का जनरेटर और नकलची, उनकी भाषा में अहंकार'

■ हाथ उठाकर लोकपाल के नारे लगाते थे, आज लोकपाल कहां गया, याद तक नहीं करते, देश को गुमराह किया : खाचरियावास

**जयपुर, (का.प्र.)।** खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को झूठ का जनरेटर और नकलची कहा है।

जयपुर में मीडिया से बात करते हुए खाचरियावास ने कहा कि देश में तीन-चार झूठ के जनरेटर हैं, केजरीवाल उनमें से एक हैं। सबसे पहले उन्होंने लोकपाल के नाम पर लोगों को गुमराह किया। केजरीवाल हाथ उठाकर लोकपाल के नाम पर नारे लगाते थे। आज लोकपाल कहां गया, याद तक नहीं करते। केजरीवाल ने देश को गुमराह किया है।

खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान योजनाओं के मामले में मॉडल स्टेट है। राजस्थान देश का पहला राज्य है जिसने राहत हेल्थ लाग किया। गहलोत सरकार की योजनाओं की पूरे देश में चर्चा है। हमारी सरकार धरातल पर योजनाओं को उतारती है। हमारी योजनाओं में कमी निकालते तो बात समझ में आती है लेकिन अरविंद केजरीवाल की भाषा में अहंकार झलकता है। जनता किसी का अहंकार नहीं सहती, मौका आने पर जवाब देती है। राजस्थान की जनता बहुत समझदार है, यहां केजरीवाल चाहे कितने प्रयास कर लें, यहां आप की एक सीट नहीं आने वाली है। राजस्थान की जनता इस तरह के झांसों में नहीं आने वाली है। केजरीवाल को शायद राजस्थान की जनता की तासीर पता नहीं है, घमंड किसी का नहीं चलता है। यहां आम आदमी पार्टी का खाता नहीं खुलेगा।

# 'चक्रवाती तूफान से हुई तबाही और नुकसान से पीड़ितों को दे विशेष पैकेज'

## नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लिखा पत्र

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर प्रदेश में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय से हुई तबाही एवं नुकसान से पीड़ित लोगों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज घोषित करते हुए मृतकों को 10 लाख रूपये व घायलों को 5 लाख रूपये का मुआवजा प्रदान करने तथा शीघ्र ही टास्क फोर्स का गठन करने की मांग की है।

राठौड़ ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा प्रदेश के 5 जिलों बाड़मेर, जोधपुर, जालोर, नागौर व पाली में चक्रवाती तूफान, भारी वर्षा बिपरजॉय का रेड अलर्ट पूर्व में ही जारी कर दिया था तथा प्रदेश के अन्य 16 जिलों में भी वर्षा के साथ तेज गति की हवा के कारण ऑरेंज/यलो अलर्ट जारी किया गया था। दुर्भाग्य की बात है कि मौसम विभाग की पूर्व चेतावनी के बाद भी प्रशासनिक तौर पर किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गई। जिससे चक्रवात 'बिपरजॉय' से राज्य के कई इलाकों में 40 घंटे से बारिश जारी है, जिससे बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बाड़मेर, सिरोही, बांसवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद, पाली, अजमेर, कोटा सहित कई जिलों में तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तूफान के कारण प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर 7 लोग काल कल्वित हो गये तथा दर्जनों व्यक्ति घायल हो गये।

राठौड़ ने कहा कि बिपरजाय तूफान को लेकर भारी जान-माल का पूर्वानुमान होने के बावजूद सरकारी स्तर पर बदइंतजामी का आलम इतना रहा है कि जगह-जगह निचले इलाके पानी में डूब गये तथा कई क्षेत्र जलमग्न हो गये हैं। अजमेर के सबसे बड़े जेएलएन हास्पिटल के वार्डों में मरीजों के बैड तैरते नजर आ रहे हैं, जिनके फुटेज एवं वीडियो सामने आ रहे हैं जिसमें कुप्रबन्धन दिख रहा है।

राठौड़ ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि चक्रवात तूफान को लेकर राज्य सरकार ने आपदा से निपटने के लिए प्रभावी इंतजाम नहीं किये हैं। सिर्फ कागजी एडवाइजरी के कारण तूफान से निपटने की सरकार की तैयारी धरी रह गई है। राज्य सरकार ने ना तो टास्क फोर्स का गठन किया है और ना ही निचले इलाकों में भारी बारिश का पानी जाने से रोकने व प्रभावितों को अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा पुर्नवास की कोई वैकल्पिक व्यवस्था की है।

राठौड़ ने कहा कि जालोर जिले के सांचौर में सुरावा व पांचला बांध टूटने से कई इलाके डूब गए हैं। बांध टूटने से नर्मदा लिफ्ट कैनाल में पानी बढ़ने से वह भी टूट गई है और सांचौर में बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गये हैं। आपदा प्रबन्धन एवं राहत एक पृथक मंत्रालय होने के बावजूद आपदा राहत मंत्री एवं उच्चाधिकारियों द्वारा ना तो प्रदेश में बचाव राहत कार्यों के निरीक्षण हेतु प्रभावित जिलों के दौरे किए गए और ना ही तूफान पूर्व तथा मानसून पूर्व की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

राठौड़ ने कहा कि राज्य आपदा प्रबन्धन राहत (एस.डी.आर.एफ.) कोष में लगभग 2750 करोड़ रूपये की राशि जिसमें 50 प्रतिशत राशि केन्द्रांश व 50 प्रतिशत राशि राज्यांश की उपलब्ध होने के बावजूद भी प्रदेश में अभी तक राहत कार्य प्रारम्भ नहीं किये जा रहे हैं।

# प्रदेश का आपदा प्रबंधन फेल, दावों की खुली पोल : सी.पी. जोशी

■ 'गुजरात सरकार के आपदा प्रबंधन से सीख लेनी चाहिए गहलोत सरकार को'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने बिपरजॉय तूफान से राजस्थान में हुए भारी नुकसान पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पहले से ही इस तूफान की भयावता को लेकर सभी प्रकार की सूचनाएं सरकार के पास थी और आपदा प्रबंधन को लेकर भी प्रदेश सरकार ने दावे किए थे कि हमने सभी प्रकार की तैयारी कर ली है। इसके बावजूद भी दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के 5 जिलों सहित अन्य स्थानों पर तूफान से भारी नुकसान हुआ है। समाचार पत्रों की सूचना के आधार पर 7 लोगों की मृत्यु हो गई है, सैंकड़ों लोग पानी में फंसे हुए हैं, कई घर ध्वस्त हो चुके हैं, अनेक लोग बेघर हो चुके हैं, कई गांव जलमग्न हो चुके हैं, लोगों के पास खाने पीने की वस्तुओं का अभाव है, कई लोगों के मवेशी मर चुके हैं और अस्पताल में पानी भरने से भर्ती मरीजों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

जोशी ने कहा कि गहलोत सरकार आपदा प्रबंधन में पूर्ण रूप से विफल रही है जिस कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को गुजरात सरकार के आपदा प्रबंधन से सीख लेनी चाहिए, वहां 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान आने के बाद भी किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।


मौसम में आये बदलाव के कारण शहर में बीमारियां बढ़ने लगी हैं। इस कारण सवाईमानसिंह अस्पताल में अन्य दिनों की अपेक्षा सोमवार को मरीजों की कतारें अधिक लगी रहीं।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# कोर्ट में पेश किए 55 हजार रुपए के सिक्के

■ भरण-पोषण के मुआवजे के तौर पर जमा कराये

**जयपुर, (का.सं.)।** घरेलू हिंसा से जुड़े मामले में पत्नी को गुजारा भत्ता देने के आदेश की पालना में आरोपी पति ने एडीजे कोर्ट क्रम-8 में 55 हजार रुपए के सिक्के पेश किए। समयाभाव के कारण सिक्कों की गणना नहीं होने पर अदालत ने 26 जून को इनकी गिनती कराने को कहा है।

मामले के अनुसार अदालत ने पत्नी के प्रार्थना पत्र पर पति दशरथ को पांच हजार रुपए गुजारा भत्ता देने के आदेश दिए थे। दशरथ ने इस आदेश की पालना नहीं की और कई महीनों तक भरण पोषण राशि जमा नहीं कराई। अदालत में इसकी जानकारी आने पर अभियुक्त के वारंट जारी किए गए। जिसकी पालना में हरमाड़ा थाना पुलिस ने पति दशरथ को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। फैमिली कोर्ट के पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के चलते आरोपी पति को लिंक कोर्ट में पेश किया गया। जहां अदालत ने उसे जेल भेजने के आदेश दिए। इस दौरान आरोपी की ओर से सात कट्टों में लाए 55 हजार रुपए के सिक्के अदालत में पेश किए। आरोपी की ओर से कहा गया कि एक और दो रुपए के यह सिक्के देश की मान्य मुद्रा है। ऐसे में इस राशि को स्वीकार किया जाए।

# प्रदेश में कोई नया संक्रमित नहीं मिला सोमवार को

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में सोमवार को कोई भी नया करोना संक्रमित नहीं मिला है। वहीं इस दौरान किसी मरीज के रिकवर नहीं होने से फिलहाल 15 एक्टिव केस मौजूद है। प्रदेश में सोमवार को किसी भी जिले में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है। इसस पहले रविवार को केवल एक ही मरीज पाया गया था। राज्य में आज 482 कोविड जांच की गई है।

प्रदेश में सोमवार को भी कोई मरीज ठीक नहीं हुआ है। राज्य में फिलहाल 15 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इनमें जयपुर व उदयपुर में 6-6, भरतपुर में 2 और बीकानेर में 1 एक्टिव केस मौजूद है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक राज्य में इस बीमारी से 9735 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

# 'बिना मंजूरी लगाए मोबाइल टावर को जब्त करें'

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर महानगर की स्थाई लोक अदालत ने नियमानुसार मंजूरी लिए बिना ही मनमानी पूर्वक कॉलोनी में मोबाइल टावर लगाने से जुड़े मामले में जेडीए को निर्देश दिए हैं कि वह एक महीने में रिलायंस जिओ के मोबाइल टावर को जब्त करे और उसके अगले 15 दिन में उसे डिस्मेंटल करे।


**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं किशन कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. श्री गीगराज अग्रवाल उम्र- 61 वर्ष, निवासी F- 25, गीता भवन, श्याम नगर विस्तार, राम पथ, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर (राज.) मेरी पुत्री वैशाली अग्रवाल उम्र- 26 वर्ष मेरे कहने सुनने में नहीं है। अतः आज के बाद मैं अपनी पुत्री वैशाली अग्रवाल को मेरी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, भविष्य में कोई भी व्यक्ति/ संस्था/ फर्म/ बैंक व रिश्तेदार किसी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। सूचित रहे।
भवदीय
किशन कुमार अग्रवाल, मो. 9772454447

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स एमएम लैमिनेट्स खसरा नंबर 2480, 2468 ग्राम बाढावाली ढोढसर सिगोदखुर्द तहसील चोमू जिला जयपुर रजि. RF/JPR/2020/629 रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस में हैं श्रीमती चेतना शर्मा एवं श्रीमती ज्योति शर्मा पुराने साझेदार इस फर्म से रिटायर हो रहे हैं एवं नए साझेदार के रूप में श्रीमती शीतल मित्तल एवं श्री नंदिश मित्तल दिनांक 1 जून 2023 से आ रहे हैं जिस किसी को इसमें आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर जिला उद्योग केन्द्र जयपुर ग्रामीण को सूचित करें।
M/s MM Laminates Partner M/s MM Laminates Partner
Khara No. 2480/2468 Gram Badawali, Dodsar Singot Khurd, Chomu Jaipur-303712, Mob.-9601400868, 7822078220

**खोया पाया**
मेरे मकान संख्या 115-ए, गणेश नगर श्योपुर, प्रताप नगर, सांगानेर की रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है जो कि सुभाष शर्मा से दुर्गालाल मीणा व दुर्गा लाल मीणा से नीरज गौतम से नाम से है। मिलने पर सूचित करें। सुधा गौतम-9314214189

मेरे आवास 50/340 रजत पथ, मानसरोवर (जो कि स्व. श्री चौथमल अग्रवाल के नाम से है) के सभी मूल दस्तावेज मानसरोवर में कहीं गिर गये है कृपया मिलने पर सूचित करें। 7219979999

**नाम परिवर्तन**
मैंने अपना नाम मनोज कुमार ओझा से बदलकर मनोज ओझा पुत्र श्री दिगम्बर ओझा निवासी 1925 ओझा हाऊस, धाभाईजी का खुर्रा, ब्रह्मा मार्ग, राजगंज, जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे मनोज ओझा के नाम से जाना पहचान जावें।

मैंने अपना नाम ज्योतिबाला जगदीश चन्द्र पाराशर से बदलकर ज्योति व्यास रख लिया है। भविष्य में मुझे ज्योति व्यास धर्मपत्नी योगेन्द्र व्यास निवासी मकान नं. 58 श्रीराम नगर, झोटवाडा, जयपुर जाना जावें।

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य श्री उमरदराज पुत्र श्री निजामुद्दीन एवं श्रीमती रेशमा पत्नि उमरदाज, निवासीगण-98 आजाद कॉलोनी, नाहरी का नाका, शास्त्रीनगर, जयपुर राजस्थान का पुत्र मोहम्मद सोहेल एवं फरहा पत्नि मोहम्मद सोहेल दोनो उनके कहने में नहीं है एवं आये दिन मेरे अभिभाष्यगण को झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देते है। तथा जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र व पुत्रवधू को उनकी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब सोहेल व फरहा से मेरे अभिभाष्यगण का कोई संबंध नहीं रहा है एवं उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरे अभिभाष्यगण का कोई लेना देना नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति सोहेल व फरहा से किसी भी प्रकार का संबंध रखता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। अतः सूचित रहें।
(मोहम्मद साबिर कुरैशी) एडवोकेट, मो.नं. 9828168963

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य भूपेन्द्र सिंह राठौड के स्वामित्व का फ्लैट नम्बर जी-1, ग्राउण्ड फ्लोर, नेशनल एनक्लेव-पांच प्लाट नम्बर 30, श्रीरामपुरी निवारू रोड, झोटवाड़ा, जयपुर में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट है। उक्त वर्णित फ्लैट को श्रीमती फूल कंवर ने दिनांक 29.04.2011 को दिनेश साहनी से जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा क्रय किया था। श्रीमती फूल कंवर का 24.05.2022 को स्वर्गवास हो गया। उनके स्वर्गवास के पश्चात उक्त सम्पत्ति के विधि वारिसान/उत्तराधिकारी में उनके पति भूपेन्द्र सिंह राठौड़, पुत्र मोनेश्वर राठौड़, लोकेश्वर सिंह राठौड़ व पुत्री शिवानिनी शेखावत संयुक्त रूपसे मालिक, स्वामी व अधिकारी हुए। तत्पश्चात मोनेश्वर राठौड़, लोकेश्वर सिंह राठौड़ व शिवानिनी शेखावत ने उक्त सम्पत्ति में अपने अपने हिस्से का हक त्याग जरिये पंजीकृत हक त्याग पत्र लिखा हुआ दिनांक 09.06.2023 द्वारा अपने पिता भूपेन्द्र सिंह राठौड़ के हक में त्याग कर दिया। इस प्रकार भूपेन्द्र सिंह राठौड़ उक्त सम्पत्ति का एकमात्र मालिक स्वामी व अधिकारी हैं। श्री भूपेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा उक्त सम्पत्ति को किसी दीगर व्यक्ति को विक्रय किया जा रहा है। यह कि स्व. श्रीमती फूल कंवर के उक्त वारिसान/उत्तराधिकारी के अलावा अन्य कोई वारिसान/उत्तराधिकारी नहीं हैं। यह कि उक्त सम्पत्ति बाबत यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, सगे सम्बन्धी या अन्य कोई वारिसान, इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, एतराज यदि हो तो इस सूचना के प्रकाशन से तीन दिवस की अवधि में मुझसे व्यक्तिगत रूप से मेरे निम्नलिखित ऑफिस पते पर अपनी आपत्ति/ऐतराजात मय असल दस्तावेज सहित व्यक्त करें। तीन दिवस की अवधि के पश्चात इस आम सूचना बाबत प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/ऐतराजात किसी भी न्यायालय में शून्य व निरस्त समझी जायेगी।
बी.सी. सांखला, एडवोकेट, राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन कोड-आर/1227/1999 पुराना रजि. नं. आर/2896/1999

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/890 दिनांक-19.06.2023
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 64/312 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 31.980 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री टेकमल इनानी पुत्र श्री कल्याण दास को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 8689 दिनांक 20.02.1986 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 21.03.1986 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3162 दिनांक 07.02.2007 के द्वारा श्री चन्द्र कुमार इनानी पुत्र स्व. श्री टेकमल इनानी के नाम मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण कर दिया गया। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 8356 दिनांक 12.02.2007 के द्वारा श्री चन्द्र कुमार इनानी पुत्र स्व. श्री टेकमल इनानी के नाम अदेय प्रमाण जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 07.05.2007 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री चन्द्र कुमार इनानी की मृत्यु दिनांक 02.05.2021 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती पुष्पा इनानी पत्नी स्व. श्री चन्द्र कुमार इनानी ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती पुष्पा इनानी पत्नी स्व. श्री चन्द्र कुमार इनानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/805 दिनांक-09.06.2023
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 1/132 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 114.75 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन डॉ. बलबीर सिंह बाबेल पुत्र स्व.श्री शोभा लाल बाबेल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 68 दिनांक 19.01.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.04.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1007 दिनांक 21.02.1995 के द्वारा श्री दिनेश चन्द्र त्यागी पुत्र श्री हरचरण सिंह त्यागी नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 22.02.1995 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री दिनेश चन्द्र त्यागी की मृत्यु दिनांक 27.01.2018 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री निखिल त्यागी पुत्र स्व. श्री दिनेश चन्द्र त्यागीने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री निखिल त्यागी पुत्र स्व. श्री दिनेश चन्द्र त्यागी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा, प.स. सांगानेर (जयपुर)**
क्रमांक: 259 दिनांक 19.06.2023
**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2023-24**
ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा में राजस्थान पंचायतीराज नियम 181 के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाइन निविदाऐं दिनांक 26.06.2023 समय 5 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in विवरण पर देखी व डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
NIB NO PEZ2324A0052 to 53 UBN No PEZ2324WSOB00059 to 62
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा — सरपंच, ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा

# "बिपरजॉय" तूफान : कई जिलों में बारिश जारी

**टोंक, अजमेर, जालोर, भीनमाल, पाली, करौली, निवाई, गंगापुरसिटी, सादड़ी में जन-जीवन अस्त-व्यस्त**

## टोंक जिले में बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त

**टोंक,** (निसं)। जिले में बीती रात से अब तक लगातार हो रही बारिश से जन जीवन-अस्त व्यस्त हो गया। जिले का सबसे बड़ा बीसलपुर बांध में देर शाम तक 25 सेमी पानी की आवक हुई है। वहीं शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली गुल रही। बिपरजॉय तूफान का 16 से

■ **बीसलपुर बांध में पच्चीस सेंटीमीटर पानी की आवक हुई**

18 तक अलर्ट रहा लेकिन जाते-जाते आखिरी दिन अपना असर जमकर दिखाया। बीती देर रात से शुरु हुई तेज हवा और बारिश से जन जीवन सहित काफी प्रभावित हुआ। तेज हवा के साथ गर्जन से भी लोग रात भर डरे रहे। वहीं गांवों में पाल टूट गए, कच्ची सड़कों पर पानी भर गया। बीते 24 घंटे में 118. 5 एमएम बारिश दर्ज की गई।



**टोंक में हुई बरसात के कारण कई जगह पर पानी भर गया।**

जिला मुख्यालय की मुख्य बस्तियों में बारिश से घरों सहित अन्य सड़कों पर पानी भर गया।

जल संसाधन विभाग की ओर से जिले के रेन गेज सेंटरों से जुटाए गए बारिश के आंकड़ों में सबसे ज्यादा बारिश नगरफोर्ट क्षेत्र में 338, दूनी क्षेत्र में 212 एमएम, पीपलू में 127 एमएम, मालपुरा 143 एमएम समेत जिले भर में 114.50 एमएम बारिश हुई है। इस साल ओसत बारिश 641.17 डड के मुकाबले करीब 17 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। बीसलपुर बांध परियोजना के एक्सईएन मनीश बंसल ने बताया कि रात भर बीसलपुर बांध के भराव क्षेत्र में हुई बारिश से बांध में दोपहर तक पच्चीस सेंटी मीटर पानी की आवक हुई है।

## अजमेर संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल बना दरिया

**अजमेर,** (कासं)। बिपरजॉय तूफान व तेज हवाओं के साथ दो दिन से अजमेर शहर में शहर लगातार बारिश के चलते शहर के हालात बिगड़ने लगे है तो वही अजमेर संभाग का सबसे बड़ा जवाहर लाल नेहरू अस्पताल दरिया बन गया, यहां के कुछ वार्डो को छोड़कर सभी वार्डों में पानी भरने से यहां आने वाले मरीज व उनके परिजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल के वार्ड पानी से लबालब जेएलएन असपताल है जहां महिला हड्डी वार्ड में दो फुट तक पानी जमा हो गया और आनन फानन में सभी मरीजों को अन्यत्र शिफ्ट करना पड़ा।

वहीं बरसात से शहर के वैशाली नगर, चौपाटी के सामने, कचहरी रोड, जवाहर लाल नेहरू अस्पताल, कमला नेहरू अस्पताल, इंडिया मोर्टस सर्किल, रेलवे स्टेशन, शहर का वार्ड नम्बर 54 शक्ति नगर, गुलाबबाडी, भजनगंज, जादूगर, अलवरगेट समेत शहर के कई इलाको में पानी भर गया, कई लोगों के घरों में पानी भरने से लोगों



**अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के वार्डों में भरा पानी।**

को परेशानी का सामना करना पड रहा है। संभाग के सबसे बडे जवाहर लाल नेहरू जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में बारिष का पानी भरने से मरीजों को हो रही परेशानी के चलते सोमवार को भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह शेखावत, विधायक वासुदेव देवनानी समेत नगर निगम के उपमहापौर ने अस्पताल के वार्डो का जायजा लिया और अस्पताल अधीक्षक नीरज गुप्ता से मुलाकात कर जल्द से जल्द पानी से समस्या से निजात दिलाने की मांग की।

## जालोर जिले में बाढ़ में फंसे 292 लोगों को रेस्क्यू कर बचाया, एक की मौत

**जालोर,** (का.सं.)। जालोर जिले में बिपरजॉय तूफान ने बाढ़ से जिले में कहर बरपाया है। बाढ राहत व आपदा प्रबंध को लेकर जिला प्रभारी अर्जुन सिंह बामनिया ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक ली। वहीं राहत बचाव दल की टीम ने जिलेभर में पानी में फंसे 292 लोगों को बचाया है। वहीं एक बालक की भीनमाल में मौत हो गई है। बाढ़ में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर बचाव का कार्य पूरा कर दिया गया है।

जालौर में बिपरजॉय तूफान के बाद एसडीआरएफ व एसडीआरएफ टीम ने राहत कार्य में लगी हुई है। टीम प्रभारी लोकेश सोनवाल ने बताया कि एसडीआरएफ टीम की ओर से 220 तथा एनडीआरएफ टीम की ओर से 70 लोगों को पानी से निकालकर सुरक्षित स्थान पर भेजा है। सोमवार सुबह आहोर क्षेत्र के भागली पुरोहितान गांव में चारों ओर से पानी में फंसे एक व्यक्ति का एसडीआरएफ टीम द्वारा जिला कलेक्टर निशान्त जैन व पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन की मौजूदगी में रेस्क्यू किया गया। इसी प्रकार भाद्राजून क्षेत्र के ग्राम चुण्डा में पानी में फंसे एक परिवार के 14 लोगों को पुलिस , प्रशासन और स्थानीय तैराकों की सहायता से रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। इसी प्रकार रसियावास ग्राम में सुबह आहोर एसडीएम की मौजूदगी में एनडीआरएफ द्वारा एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर रविवार को पानी के बीच फँसे चार पुरुष-महिलाओं का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। साथ ही पास में फँसे 12 श्रमिकों को भी सफलतापूर्वक निकाला गया। इसी प्रकार आकोरा पादर में फंसे लोगों व कवराडा में फंसे एक व्यक्ति को निकाल लिया गया। चार बच्चों सहित कुल 13 को सकुशल रेस्क्यू किया गया। इसी प्रकार जिला प्रशासन तथा रेस्क्यू टीम द्वारा जवाई नदी उफान पर होने से लेटा गाँव में फंसी बीमार महिला को रेस्क्यू कर अस्पताल भिजवाया पहुंचाया। जालोर जिले के कई गांवों में पानी का भराव होने के कारण विशेषकर खेतों में गए लोगों के फंसने की जानकारी सामने आने लगी है। जिस कारण टीम इस कार्य में तेजी से जुटी हुई है। सम्भागीय आयुक्त कैलाशचंद मीणा स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे है। वहीं बाढ़ से बचाव कार्य का जायजा लेने प्रभारी मंत्री अर्जुनसिंह बामनिया भी जालोर पहुंचकर बैठक ली। उनके साथ जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर भी थे। जिन्होंने अधिकारियों की बैठक ली। मंगलवार को सांचौर क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लेंगे।

वहीं जालोर में बीपरजॉय चक्रवाती तूफान से सांचौर में अत्यधिक नुकसान हुआ है। पांचला व अन्य बांध टूटने से उसका पानी सांचौर के शहरी क्षेत्र में घुसने से खासकर व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। सांचौर में बाढ़ का पानी व्यापारियों के दुकानों में घुस जाने से व्यापारियों का सामान पानी में डूब जाने से काफी नुकसान हुआ है। वहीं सांचौर व्यापार संघ के अध्यक्ष ने भी व्यापारियों के हुए नुकसान की भरपाई करने को लेकर सरकार से मांग की है। इसको लेकर व्यापार संघ का प्रतिनिधि मंडल सीएम से मंगलवार को सांचौर दौरे पर मुलाकात करेंगे।

### जालोर में रेल पटरियां हवा में झूली

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिलेभर में बिपरजॉय तूफान ने चारों ओर तबाही मचा दी। वहीं मोकलसर से बालवाडा व भीनमाल से कोरी के मध्य मिट्टी कटाव के चलत रेल्वे की पटरिया हवा में झूलती नजर आई। बिपरजॉय चक्रवात तूफान के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ। पुनः संचालित रेलसेवाएं जो गाडी संख्या 14804, साबरमती -जैसलमेर एक्सप्रेस रेलसेवा 19 जून को जोधपुर से जैसलमेर के मध्य संचालित होगी। जबकि तूफान के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा व रेल सेवाएं रद्द रहेंगी जिसमें गाड़ी संख्या 04841, जोधपुर-भीलडी एक्सप्रेस रेलसेवा 20 जून को रद्द रहेगी तथा गाडी संख्या 04842, भीलडी-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा भी रद्द रहेगी। गाडी संख्या 14893, जोधपुर-पालनपुर एक्सप्रेस रेलसेवा रद्द रहेंगी।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत

**भीनमाल,** (निसं)। बिपरजॉय चक्रवाती तूफान के दौरान रविवार शाम को स्थानीय महावीर नगर आवासीय कॉलोनी में एक रहवासी मकान की छत पर आकाशीय बिजली गिरने से विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष राव वचनसिंह मणधर के तेरह वर्षीय पुत्र की मौत हो गई। सोमवार सवेरे पीएम के बाद अंतिम संस्कार किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जसंवतपुरा उपखंड अंतर्गत मणधर हाल महावीर नगर भीनमाल निवासी वचनसिंह पुत्र शिवनाथसिंह राव का तेरह वर्षीय पुत्र सूर्यभानसिंह रविवार शाम करीब साढे पांच बजे मकान की छत पर कपडे लेने के लिए गया। इस दौरान उस पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिसे गंभीर अवस्था में स्थानीय डॉ भूपेन्द्र चौधरी हॉस्पीटल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। सोमवार सवेरे पोस्मार्टम के के बाद शव को उनके पैतृक गांव मणधर ले जाया गया।

जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। शव यात्रा में स्वामी नारायण संस्थान के दिव्यस्वरूपदास महाराज, आरएसएस के जिला प्रचारक बाबुलाल, डॉ रमेश देवासी रानीवाडा, पावली संरपच करताराम चौधरी, डॉ गणपतसिंह पावली, भरतसिंह भोजाणी सहित बडी संख्या में लोगो ने भाग लिया।

## सादड़ी में 17 पोल व तीन ट्रांसफार्मर टूटे

**कई बांध ओवरफ्लो हुये**

**सादड़ी,** (निसं)। बिपरजॉय चक्रवात में तेज आंधी व बारिश थमने के 24 घण्टे बाद भी दुकानों से पानी नहीं निकल पाया। जहां पानी उतरा उन जगहों पर मलबे, कचरे व मिट्टी ढेर लगे हुए हैं।

सादड़ी पूनम कॉम्प्लेक्स में रविवार सुबह तेज बारिश के बाद बेसमेंट ग्राउंड फ्लोर पूरी तरह पानी में डूब गया जहां 21 दुकानें पूरी तरह पानी से लबालब भरी हुई रही। सादड़ी क्षेत्र में शनिवार देर रात बिजली घुल हुई जो सोमवार रात तक सुचारू नही हो पाई। सादड़ी डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता तौकिर हुसैन ने बताया कि सादड़ी नगरपालिका क्षेत्र में 11 केवी के 17 पोल,3 ट्रांसफार्मर,7 जगहों पर पोल टूटने की जनाकारी मिली है। सोमवार सुबह मौसम साफ होने पर डिस्कॉम व एफआरटी की टीमें लाइन ठीक करने का प्रयास शुरू कर दिया।

उदयपुर जोधपुर मार्ग 24 घण्टे बाद खुला-रणकपुर घाट सेक्शन में पेड़ गिरने व नदिया उफान पर होंने के कारण रविवार सुबह मार्ग सुचारू हो पाया। वही सादड़ी देसूरी सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण जगह-जगह वाहन फंसे हुए हैं। सादड़ी गुडा जाटान मोड के निकट निर्माणधीन पुलिए के पास बस फस गई। तो वही मुंडारा में पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक व दूध से भरी पिकअप फंस गई। 62.70 फीट की भराव क्षमता वाला सिंचाई बांध रविवार देर रात ओवरफ्लो हो गया। जिस पर 2 इंच की चादर चल रही है। सादड़ी नगरपालिका क्षेत्र में पेयजलापूर्ति करने वाला बांध रविवार देर रात ओवरफ्लो हो गया।

इस बांध पर भी चादर चल रही हैं। परशुराम महादेव सड़क मार्ग स्थित 22 फीट की भराव क्षमता वाला राजपुरा बांध छलकने को आतुर है। वहीं माण्डीगढ़ बांध, सेलीनाल बांध, घोडाधडा बांध, हरिओम सागर, केसुली, मुथाणा, जुना मालारी, काणा भी ओवरफ्लो हो चुके हैं। सूकड़ी मघाई नदी बह रही है।

### पाली में तीन जनों की मौत

**पाली,** (निसं)। दो दिन के आंधी-तूफान के बाद सोमवार को जिले में कहीं भी बारिश नहीं हुई लेकिन नदी नालों में पानी की आवक जारी है। शहर की बांडी नदी भी रपट पर चल रही है, जिले के सबसे बड़े जवाई बांध का जलस्तर 40 फीट के करीब पहुंच गया है और उसमें सही बांध की टनल से पानी आ रहा है। इसी प्रकार पाली शहर के निकट हेमावास बांध 24 फीट पहुंच गया है और लोडिया तालाब में पानी की आवक जारी है। जिले के तीन छोटे बांध जून माह में ही भर गए हैं। बारिश के कारण शहर के नयागांव रोड स्थित कई कॉलोनियों में अभी भी पानी भरा हुआ है, तखतगढ़ में भारी बारिश की वजह से कई कॉलोनियां जलभराव के कारण वहां पहुंचे जिला कलेक्टर वह एसपी ने ट्रैक्टर में बैठकर अवलोकन किया, जिले में अभी तक कई नदियां बह रही है। इसी प्रकार दो व्यक्तियों की डूबने से और एक व्यक्ति की पाली में करंट से मौत हुई है।

## निवाई क्षेत्र में 60 एम.एम. बारिश दर्ज

**निवाई,** (निसं)। बिपरजॉय तूफान के असर को लेकर उपखण्ड क्षेत्र में रविवार की रात से ही लगातार रिमझिम व तेज बरसात का दौर जारी है। देर शाम तक भी रिमझिम बारिश हो रही थी। लगातार बारिश होने से मौसम खुशनुमा हो गया।

सोमवार की शाम 5 बजे तक शहर सहित उपखण्ड क्षेत्र में करीब 60 एमएम बारिश दर्ज की गई है। शहर के कई इलाकों में रविवार की रात से सोमवार की शाम तक बिजली की कटौती होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिपरजॉय तूफान के असर को लेकर चार दिन से लगातार आकाश में बादल छाए हुए हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। शनिवार को कई बार हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी भी हुई एवं रविवार से सोमवार की शाम तक बरसात का दौर जारी था। बरसात होने, बादल छाए रहने एवं ठण्डी हवा चलने से दिन व रात के तापमान में भी गिरावट आई है। मौसम के परिवर्तन से 12 डिग्री तापमान गिर गया है।

**बारिश में भीगने से घायल हुई चिड़ियाओं को बचाया :-** पीपलू में लगातार बारिश से पंचायत के सामने बने नाले में करीब दो दर्जन से अधिक चिडियां घायल अवस्था में तड़प रही थी। यह नजारा जब पंचायत समिति के कार्मिक राजेश वैष्णव ने देखा तो उसने विकास अधिकारी को सूचना दी। विकास अधिकारी योगेशकुमार मीणा ने चिडियाओं को देखा तो दिल पसीज गया। इतना ही नहीं नाले में मौजूद सांप इन घायल चिडियाओं का शिकार करने के फिराक में था। लेकिन विकास अधिकारी योगेश कुमार मीणा ने पक्षी प्रेम दिखाते हुए कार्मिक राजेश वैष्णव, मोहनलाल योगी, प्रधान जाट के सहयोग से नाले से सभी चिडियाओं को बाहर निकलवाया। साथ ही अपने हाथों से उठाकर पंचायत समिति कार्यालय में सुरक्षित स्थान पर रखा। इस दौरान एक पिंजरा मंगवाकर उसमें दाना-पानी डालते हुए उनकी सुरक्षा की। धीरे-धीरे चिडियाओं के पंख सूखने लगे तो वापस से चिडियाओं को वापस से पिंजरे से आजाद कर उन्मुक्त गगन में उड़ा दिया।

## करौली व गंगापुर सिटी में बारिश जारी

**करौली,** (नि.सं.)। विपरजॉय चक्रवात तूफान के कारण करौली शहर में पिछले 24 घंटे से कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश हो रही है। लगातार बारिश के चलने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है । शहर की कई सड़कें तालाब बन चुकी हैं।

वहीं कई कॉलोनियों में पानी भराव जैसी स्थिति बन चुकी है। रविवार की रात्रि आठ बजे से लगातार कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का दौर जारी है। प्रातः से ही व्यापारियों ने अपनी दुकानें नहीं खोली और जिन्होंने अपनी दुकान खोली वहां बाजारों में पूरी तरह से सन्नाटा नजर आया। सोमवार को प्रातः चार बजे से रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ जो दोपहर 11 बजे तक चला। इसके बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया और दोपहर 2:30 बजे तक हुई बारिश से सड़कों पर पानी बह निकला। फोटो

**गंगापुर सिटी संवाददाता के अनुसार :-** बिपरजॉय तुफान के कारण शहर में रविवार देर शाम से जारी बरसात सोमवार को भी जारी रही। रविवार देर शाम से बिपरजॉय चक्रवात के चलते चल रही बरसात के बाद शहर में कई जगहों पर पानी भरने की शिकायत मिली।

# आर.एल.पी. सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के ख़िलाफ़ रॉयल्टी कर्मचारियों का प्रदर्शन

**20 जून को भीलवाड़ा में प्रस्तावित बेनीवाल के नेतृत्व में होने वाली हल्ला बोल रैली का विरोध**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। बजरी माफियाओं के खिलाफ 20 जून को भीलवाड़ा में प्रस्तावित आर.एल.पी. सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में होने वाली हल्ला बोल रैली का विरोध करते हुए सोमवार को रॉयल्टी परिवहनकर्ता, श्रमिक संघ और श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, भीलवाड़ा की ओर से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इससे पूर्व अहिंसा सर्किल से निकली ट्रैक्टर रैली कलेक्ट्री पहुंची, जहां बैनीवाल के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की गई।

कलेक्टर को सीएम के नाम दिए गए ज्ञापन में बताया कि राज्य में 5 वर्ष तक बजरी खनन पर रोक के बाद सरकार ने आम जनता को राहत पहुंचाने और राजस्व में वृद्धि के लिए जून 2021 में बजरी खनन लीजों को अनुमति दी जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिला। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल



**भीलवाड़ा में बजरी रॉयल्टी कर्मचारियों ने रैनी निकाली।**

भीलवाड़ा के बजरी व्यवसायियों को धमका रहे हैं। इससे वहां काम करने वाले श्रमिकों के सामने रोजगार का संकट पैदा हो गया है। इसके अलावा बेनीवाल 20 जून को भीलवाड़ा में बजरी परिवहन व बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग को लेकर हल्ला बोल प्रदर्शन करने वाले हैं जिसका वैध बजरी परिवहनकर्ता एवं श्रमिक संघ भीलवाड़ा विरोध करता है।

वहीं श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना भीलवाड़ा के बबलू बन्ना ने सासद बैनीवाल द्वारा मेघराज सिंह के मानवीय प्रतिष्ठा और सम्मान को आघात पहुंचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मेघराज सिंह राजस्थान के प्रतिष्ठित भामाशाह, समाजसेवी और व्यापारी है जिनके विरूद्ध सासद नागौर हनुमान बैनीवाल द्वारा अभद्र टिप्पणी की गई है। सांसद द्वारा बजरी माफ़िया जैसे दुर्भावनापूर्ण शब्दों का उपयोग करना निंदनीय है। करणी सेना सासद बैनीवाल के व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए सिंह पर की गई टिपण्णी की कड़े शब्दों में निंदा करती है।

■ **ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल भीलवाड़ा के बजरी व्यवसायियों को धमका रहे हैं**

### किसान की मौत

**खैरथल,** (निसं)। कस्बा हरसौली में खेत पर कपास की फसल में कीटनाशक छिड़काव करते एक किसान की मौत हो गई। थानाधिकारी अंकेश कुमार ने बताया कि दयाशंकर पुत्र प्रभुदयाल जाट (48) रविवार को अपने खेत पर कपास की फसल में कीटनाशक दवा छिड़काव कर रहा था कि अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। इस पर परिजनों ने तुरंत उसे संभालते हुए खैरथल के राजकीय सेटेलाइट चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां डाक्टर उसे बचाने में सफल नहीं हुए और उसकी मौत हो गई।

### बघेरे ने बछड़े का शिकार किया

**निवाई,** (निसं)। गांव बस्सी में रविवार की रात बघेरे ने बाड़े में बंधे गाय के बछड़े का शिकार कर लिया। जानकारी के अनुसार श्योजीराम गुर्जर के बाड़े में गाय का बछड़ा बंधा हुआ था। जिसको बघेरा बाडे में से उठाकर पहाड़ पर ले गया। उन्होंने बताया कि गाय के 20 दिन पहले ही बछड़ा हुआ था। बछड़े के मृत हो जाने से गाय दूध तक नहीं दे रही है। जिससे आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसकी सूचना वन विभाग के रेंज को दी। बघेरा पूर्व में बस्सी, सिरस, मण्डालिया, नोहटा, किवाडा, बहड व बारेडा में भी कई जानवरों का शिकार कर चुका है।

## सूरतगढ़ को जिला बनाने की मांग, अनशन जारी

**सूरतगढ़,** (निसं)। सूरतगढ को जिला बनाने की मांग को लेकर महाराणा प्रताप चौक पर चल रहे धरने और क्रमिक अनशन को 90 दिन पूरे हो गए। इस अवसर पर शहर के ई-रिक्शा संचालक यूनियन ने रैली निकालकर सूरतगढ़ जिला बनाओ अभियान समिति को समर्थन दिया। रैली के दौरान लाउडस्पीकर के जरिए जिला बनाने की आवाज बुलंद की गई।

वहीं, विगत दिनों समिति की सर्वदल, सर्वसमाज की हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार महाराणा प्रताप चौक पर अंधड़, तूफान और बारिश के कारण बार-बार क्षतिग्रस्त हो रहे टेंट शामियाने पर भी चिंता जाहिर करते हुए स्थाई टेंट लगाने का निर्णय पारित किया गया था, जिस पर महाराणा प्रताप चौक स्थित धरनास्थल पर लोहे की ग्रिल, पाइप और फाइबर शीट से मंच का निर्माण किया गया।

समिति के अध्यक्ष एडवोकेट विष्णु शर्मा ने बताया कि जिले की मांग को लेकर गहलोत सरकार अभी तक आंखें मूंदे हुए हैं, जिसे विभिन्न क्रियाकलापों के जरिए जगाने का प्रयास किया जा रहा है। और जब तक सूरतगढ़ को जिला नहीं बनाया जाएगा, तब तक समिति का आंदोलन जारी रहेगा। विरोध की इस कड़ी में काली पट्टी बांधकर भी प्रदर्शन करते हुए लोगों को काली पट्टी का वितरण किया जा रहा है।

रैली के दौरान भुवनेश शर्मा, संदीप चुघ, संदीप गुंदल, जसवंत सिंह, अजय सिंह, सोनू सिंह, अमरजीत सिंह, प्रदीप कुमार, प्रेम कुमार, महेंद्र कुमार, सोमवीर गोस्वामी, वासुदेव शर्मा, सुनील कुमार, वारिस अली, नरेश कुमार, मदनलाल, मनप्रीत सिंह, नवाब सिंह, रमेश कुमार, मनीष चौहान, जगदीश बिश्नोई, मेहंदी हुसैन के अलावा पूर्व राजेंद्र भादू, पूर्व विधायक अशोक नागपाल, सत्यनारायण छींपा, मदन ओझा, श्याम सुंदर शर्मा, मुरलीधर उपाध्याय, सतनाम वर्मा आदि मौजूद रहे।

■ **शहर के ई-रिक्शा संचालक यूनियन ने रैली निकाल अभियान समिति को समर्थन दिया**

# 'गोनेर में ग्रास फार्म की 500 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा जमा रहे भूमाफिया, हजारों पेड़ काटे'

## आर.टी.आई. कार्यकर्ता अशोक पाठक की शिकायत के बाद जे.डी.ए. के निदेशक विधि ने जांच कमेटी बनाई

- **निदेशक विधि ने जांच कमेटी को यह देखने के लिए कहा है कि क्या गोनेर में जे.डी.ए. स्वामित्व की सरकारी भूमि पर कोई अवैध कब्जा हुआ है, वहां पर क्या-क्या निर्माण किए गए हैं और अतिक्रमण के लिए कितने पेड़ काटे गए हैं।**
- **इस तीन सदस्यीय कमेटी को कहा गया है कि पटवारी, गिरदावर, नायाब तहसीलदार व राजस्वकर्मियों के सहयोग से खसरा नंबर 3383 और ग्रास फार्म की भूमि को चिन्हित कर उस पर मौजूद व वर्तमान में जारी निर्माण कार्यों को चिन्हित करे और नक्शा बनाकर पूरी रिपोर्ट 19 जून तक सौंपी जाए।**

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर क्षेत्र के राजस्व गांव गोनेर में खसरा नंबर 3383 व 'ग्रास फॉर्म' की करीब 500 बीघा बेशकीमती सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा करने और हजारों की तादाद में पेड़ काटने के मामले में जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए) प्रशासन हरकत में आया है।

जे.डी.ए. के निदेशक विधि ने कनिष्ठ विधि अधिकारी मनीष कुमार, पटवारी धर्मराज गुर्जर और जेडीए अधिकरण के स्थायी अधिवक्ता प्रमोद सिंह शेखावत की कमेटी बनाकर पूरे मामले की जांच कर ग्राउंड रिपोर्ट मांगी है। हालांकि 19 जून तक रिपोर्ट सौंपने का समय कमेटी को दिया गया है, ऐसे में संभावना है कि मंगलवार तक कमेटी पूरा रिकॉर्ड सौंप दे।

निदेशक विधि ने जांच कमेटी को यह देखने के लिए कहा है, कि क्या गोनेर में जे.डी.ए. स्वामित्व की सरकारी भूमि पर कोई अवैध कब्जा हुआ है, वहां पर क्या-क्या निर्माण किए गए हैं और अतिक्रमण के लिए कितने पेड़ काटे गए हैं।

इस कमेटी को कहा गया है कि पटवारी, गिरदावर, नायाब तहसीलदार व राजस्वकर्मियों के सहयोग से खसरा नंबर 3383 और ग्रास फार्म की भूमि को चिन्हित कर उस पर मौजूद व वर्तमान में जारी निर्माण कार्यों को चिन्हित करे और नक्शा बनाकर पूरी रिपोर्ट सौंपे। इसके अलावा ग्रास फार्म और उसके आसपास हाल ही में काटे गए पेड़ों की संख्या भी मालूम करे।

ज्ञात रहे कि आर.टी.आई. कार्यकर्ता अशोक पाठक ने पिछले दिनों जेडीए कमिश्नर, सचिव और निदेशक विधि को ज्ञापन सौंपकर इस मामले की शिकायत की थी। शिकायत में उन्होंने कहा था कि जेडीए क्षेत्राधिकार के राजस्व ग्राम गोनेर में खसरा नंबर 3383 की करीब 30 बीघा जमीन के पास लगभग 500 बीघा सरकारी व जेडीए की बेशकीमती जमीन है, जो कि गोनेर में ग्रास फार्म के नाम से राजस्व रिकॉर्ड में अंतिम है। इस भूमि पर उगे हुए सरकारी हजारों पेड़ों को बिना किसी अनुमति भूमाफियाओं ने काट लिया है और इनकी लकड़ियों को खुर्दबुर्द कर दिया है। जो सरकारी जमीन ग्रास फार्म के नाम से राजस्व रिकॉर्ड में अंकित है, वह जे.डी.ए. के मास्टर प्लान में सेंट्रल पार्क के रूप में आरक्षित होने की जानकारी भी सामने आई है।

अशोक पाठक ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी कि क्या ग्रास फार्म की भूमि जेडीए के नाम अंकित है या नहीं? अगर यह भूमि सरकारी है तो फिर जेडीए ने हाल ही में इस भूमि पर बनी बाउंड्रीवाल को ध्वस्त क्यों नहीं किया।

उन्होंने मांग उठाई कि सरकारी भूमि पर उगे हुए हरे पेड़ों को बिना अनुमति काटने और खुर्द-बुर्द करने के लिए अपराधिक, वन कानून और अन्य नियमों के तहत कार्रवाई करे। जेडीए भूमि के चारों ओर 8 फीट ऊंची दीवार बनाई जा रही है, इससे वहां बचे हुए पेड़ों को भी काटे जाने की कोई भनक नहीं लगेगी, ऐसे में जेडीए प्रशासन दीवार के बजाय यहां शासन सचिवालय के गेट पर लगी हुई लोहे की जालियां लगाई जाये। अशोक पाठक के शिकायती पत्र के बाद जेडीए प्रशासन हरकत में आया और आनन-फानन में पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया।

## सार-समाचार

### समेस्टर प्रणाली लागू करने का निर्णय

**जयपुर** । राजस्थान यूनिवर्सिटी और संघटक कॉलेजों के साथ सभी एफीलेटेड कॉलेजों में अब समेस्टर प्रणाली लागू होगी। राजस्थान यूनिवर्सिटी में सोमवार को हुई स्पेशल एकडेमिक काउसिल की बैठक में इस एजेडे को मंजूरी दे दी गई। कुलपति राजीव जैन की अध्यक्षता में करीब 2 घंटे काउसिल की बैठक चली। हालांकि कुछ सदस्यों ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी को लागू करने का विरोध किया, लेकिन ज्यादातर सदस्य पॉलिसी को लागू करने के पक्ष में दिखे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इसी सत्र से समेस्टर प्रणाली लागू होगी जिसमें यूजी कोर्सेज शामिल है। इससे पहले सिर्फ पीजी कोर्सेज में समेस्टर प्रणाली लागू थी। अब यूनिवर्सिटी के संघटक कॉलेजों के साथ जयपुर और दौसा के सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में भी नई शिक्षा नीति के तहत प्रवेश होंगे। इसके साथ ही यूजी फर्स्ट ईयर में सेमेस्टर सिस्टम लागू किया जा रहा है। जिसके तहत 6-6 महीने के दो सेमेस्टर पढ़ाए जाएंगे। तीन साल के यूजी पाठ्यक्रम के लिए 6 सेमेस्टर में पढ़ाई होगी। इसके लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से क्रेडिट स्कोर भी तय कर दिए गए हैं। वहीं एकेडमिक काउंसिल की बैठक के मिनट्स फाइनल होने के बाद पूर्ण रूप से तैयार किया गया ड्राफ्ट लागू होगा। इस दौरान कुछ छात्रों ने पीएचडी में रजिस्ट्रेशन नहीं होने की वजह से कुलपति सचिवालय को दोनों तरफ से बंद कर जमकर हंगामा भी किया।

### लाखों की नकदी व गहने चोरी

**जयपुर** । शास्त्री नगर इलाके में एक युवती को उसका प्रेमी घर से भगा ले गया। भागने से पहले दोनों ने मिलकर घर से लाखों रुपए के गहने-कैश भी चोरी कर लिए। प्रेमिका को भगाने के साथ उसने चोरी की प्लानिंग भी अपने दोस्त के साथ मिलकर बनाई थी। शास्त्री नगर थाने में पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 8 जून को उसकी 20 वर्षीय बेटी घर से कोचिंग गई थी। पढ़ने के बाद शाम को वह वापस घर नहीं लौटी, ढूंढने पर उसके लापता होने का पता चला। उसी दिन शास्त्री नगर थाने में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। बेटी को ढूंढते हुए परिवार के लोग हरियाणा तक पहुंच गए। पता चला कि बेटी को राहुल नायक नाम का लड़का शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर भगाकर लेकर आया है। करीब 4-5 दिन आरोपी राहुल अपने दोस्त योगेश के साथ जयपुर आकर रूका था। दोस्त के साथ मिलकर उसने बेटी को भगाने की प्लानिंग बनाई थी। जयपुर में रूककर बेटी को भागने के लिए उकसाता रहा। परिवार ने बेटी को ढूंढने के बाद घर वापस आकर तलाशी ली तो घर का कीमती सामान गायब मिला। घर पर बक्से में रखे गहने-कैश का बॉक्स गायब मिले। बेटी को भगाकर ले जाने के साथ ही दोनों युवकों ने मिलकर कैश-गहने भी चुराए। चोरी गए सामान में सोने की 3 अंगूठी, 3 चेन, 2 मंगलसूत्र, 4 जोड़ी कान की बाली, चांदी के 2 गिलास, नारियल, पायजेब जोड़ी, 4 अंगूठी, 4 चेन व 2 लाख रुपए और मोबाइल-लेपटॉप हैं।

### 'लॉजेस्टिक-कार्गो का व्यापार बढ़ाएंगे'

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसिको) बोर्ड की 370वीं बैठक सोमवार को उद्योग भवन में आयोजित की गई। राजसिको अध्यक्ष राजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित इस बोर्ड मीटिंग में अनेक अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राजीव अरोड़ा ने कहा कि बोर्ड मीटिंग में राजसिको में आरजीएचएस सुविधा आरम्भ करने पर चर्चा की गई और इसके लिए हमने कर्मचारियों से विचार मांगे हैं। इसके अलावा आईसीडी एयरकार्गो के व्यापार को बढ़ाने को लेकर विस्तृत रुप में चर्चा की गई। हमें उम्मीद है कि आगामी वर्ष में एयर कार्गो के बिजनेस का विस्तार होगा।

### प्रताप नगर में युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** । प्रताप नगर में एक युवती से देहशोषण करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 25 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि करीब दो माह पहले परिचित नाहर सिंह झाड़ फूंक करवाने की कह कर अपने गांव ले गया, जहां उसके भोपा पिता ने झाड़ फूंक किया। इस दौरान नाहर सिंह ने पीड़िता को अपने घर में एक माह तक बंधक बना लिया और प्रतिदिन उसकी अस्मत लूटता रहा। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर** । रामनगरिया थाना पुलिस ने मारपीट के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी विष्णु खत्री ने बताया गिरफ्तार आरोपित जितेंद्र कुमार मीणा उर्फ़ जीतू मीणा (27) और आशीष कुमार मीणा (28) थाना नादौती करौली के रहने वाले हैं। आरोपियों ने अपने साथियों सहित दिसंबर में इलाके स्थित एक घर में घुस कर युवक से मारपीट की थी।

### अश्लील वीडिया से ब्लैकमेलिंग

**जयपुर** । माणक चौक इलाके में एक युवती से देहशोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कालाडेरा क्षेत्र निवासी 25 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है। आरोप है प्रकाश शर्मा पिछले दो साल पहले दुष्कर्म किया और वीडियो बना ली। वह ब्लैकमेल कर दो साल से देहशोषण कर रहा है। अब उसकी मां और बहन अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### योग शिविर लगा रही है माइंडरी टेक्नोलॉजीज़

**जयपुर**, (का.सं.)। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, माइंडरी टेक्नोलॉजीज ने एक विशेष पहल शुरू की है, जिसके तहत वे कई अलग-अलग लोकेशन्स पर योग सत्र आयोजित कर रहे हैं। यह सत्र न केवल कंपनी कर्मचारियों को फायदेमंद होने का अवसर प्रदान करेगा बल्कि स्वस्थ जीवन शैली को ध्यान और स्वस्थ दिमाग की तरफ बढ़ाने को प्रेरित करेगा। कई राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियां, संस्थाएं और संगठन इस योग सत्र का हिस्सा बनेंगे। पूरे भारत में यह आयोजन बहुत बड़ा होगा और इसके लिए माइंडरी की टीम द्वारा पूरी तरह से व्यवस्था का ध्यान रखा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि व्यापारिक सेक्टर में कार्यरत लोगों को एक स्वस्थ मानसिकता और उच्चतम स्तर की कार्य प्रदर्शन की सुरक्षित और सुगम वातावरण प्रदान किया जा सके। योग सत्र का आयोजन पूरे भारत में 21 राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियां में कई पेशेवर प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों और मनोवैज्ञानिकों के साथ किया जाएगा।

### युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** । मुहाना इलाके में एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 24 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि सोशल मीडिया के मार्फ़त अभिषेक से जान पहचान हुई थी। आरोप है करीब 3 साल पहले अभिषेक मिलने के लिए फ़्लैट पर आया और दुष्कर्म किया। शादी का झांसा देकर देहशोषण करता आ रहा है, अब शादी से इंकार कर दिया।

# 'मुनेश गुर्जर अगर इस्तीफा दे चुकी हैं तो फिर मेयर ऑफिस में किस हक से धरना दे रही हैं?'

## भाजपा पार्षदों ने यह कटाक्ष करते हुए हैरिटेज नगर निगम पहुंचकर महापौर कार्यालय पर ताला जड़ने की कोशिश की, पुलिस जाप्ते ने मौके से हटाया

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । हैरिटेज निगम की महापौर मुनेश गुर्जर और अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा के बीच अब आर-पार की लडाई शुरू हो गई है। जहां एक ओर मुनेश गुर्जर अपने समर्थक पार्षदों के साथ राजेन्द्र वर्मा के निलंबन की मांग को लेकर बीते 4 दिनों से अपने कार्यालय में धरने पर बैठी हैं, वहीं दूसरी ओर राजेन्द्र वर्मा के पक्ष में राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद् उतर आई है।

इसी घटनाक्रम के बीच सोमवार सुबह भाजपा पार्षद अचानक निगम मुख्यालय पहुंचे और मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्ष में सिर्फ एक बोर्ड मीटिंग बुलाने और समितियों का गठन नहीं करने वाली मुनेश गुर्जर को अब खुद को पार्षदों की हितैषी बता रही है। अगर मुनेश गुर्जर और उनके समर्थक 47 पार्षदों ने मुख्यमंत्री को अपने इस्तीफे भेज ही दिए हैं तो फिर किस हक से महापौर कार्यालय में यह धरना प्रदर्शन चल रहा है। यह कहते हुए पार्षदों ने महापौर कार्यालय में ताला जड़ने की भी कोशिश की। उधर भाजपा के विरोध को देखते हुए हैरिटेज निगम प्रशासन को अतिरिक्त पुलिस जाप्ता बुलाना पड़ा। इस पर भाजपा और कांग्रेस पार्षद आमने-सामने हो गए। निगम मुख्यालय में हंगामे जैसे हालात हो गए। प्रदर्शन के बाद बीजेपी पार्षद धरने पर बैठ गए।



हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर के खिलाफ सोमवार को बीजेपी पार्षदों ने निगम मुख्यालय में विरोध-प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

- **उधर हैरिटेज नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा के पक्ष में उतरी राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद् ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**
- **आर.ए.एस. एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव बजाड़ ने अपने पत्र में लिखा कि 30 मई 2023 को राजेन्द्र वर्मा आकस्मिक अवकाश पर थे, फिर भी पार्षदों ने उन्हें मेयर के कक्ष में जबरदस्ती ले जाकर उस दिनांक की प्रोसिडिंग पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया**

उधर मजेदार बात यह है कि पहले दिन मेयर मुनेश गुर्जर के साथ करीब 46 पार्षद मौजूद थे, जो अब घटकर 20 ही रह गए हैं। भले ही महापौर व उनके समर्थक पार्षदों ने अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा पर अभद्रता और सरकारी फाइलों व टैंडर के वर्क ऑर्डर अटकाने का आरोप लगाते हुए निलंबन की मांग उठा रखी है, लेकिन मुख्यमंत्री से लेकर तमाम मंत्री-विधायक इस पूरे मामले में चुप्पी साधे बैठे हैं। सिविल लाइंस क्षेत्र के पार्षदों ने मेयर मुनेश के इस धरने-प्रदर्शन से दूरी बना ली है। फिलहाल मेयर-पार्षदों के धरने पर अब मेयर मुनेश गुर्जर और डिप्टी मेयर असलम फारूखी सहित 20 से 25 पार्षद ही नजर आ रहे है। अपने समर्थक पार्षदों की संख्या घटती देखकर महापौर मुनेश गुर्जर ने सोशल मीडिया पर 47 पार्षदों का हस्ताक्षर युक्त पत्र सार्वजनिक कर दिया है। मेयर मुनेश गुर्जर का कहना है कि इस पत्र को सीएम अशोक गहलोत तक पहुंचा चुके है। हालांकि धरने के दूसरे ही दिन से सिविल लाइंस क्षेत्र के कांग्रेसी पार्षदों ने दूरी बना ली।

वहीं दूसरी ओर राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद् के अध्यक्ष गौरव बजाड़ और महासचिव डॉ. प्रवीण कुमार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राजेन्द्र वर्मा के साथ महापौर मुनेश गुर्जर और उनके पार्षदों द्वारा अभद्रता किए जाने की शिकायत भेजी है। गौरव बजाड़ ने अपने पत्र में लिखा कि 16 जून को जयपुर हैरिटेज नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा के कक्ष में कुछ पार्षद और असमाजिक तत्व घुसे, जो कि जबरदस्ती करते हुए वर्मा को महापौर कक्ष में ले गए। जहां मेयर और उनके पार्षदों ने राजेन्द्र वर्मा से 30 मई 2023 की प्रोसिडिंग पर जबरदस्ती हस्ताक्षर करवाने की कोशिश की, मना करने पर अभद्र व्यवहार किया। राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद् इस घटना की घोर निंदा करती है, पूर्व में भी कई बार आर.ए.एस. अधिकारियों की सुरक्षा के लिए उपयुक्त कदम उठाने की मांग रखी गई थी, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। इसलिए राज्य सरकार से मांग है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवाई जाये और नगर निगम में कार्यरत आर.ए.एस. अधिकारियों को सुरक्षा दी जाये।

# मोस्ट वांटेड तस्कर कमल राणा समेत पांच बदमाश गिरफ्तार

## स्टेट क्राइम ब्रांच ने महाराष्ट्र के शिरडी से दबोचा



राजस्थान और मध्य प्रदेश के मोस्ट वांटेड तस्कर कमल राणा को राजस्थान सी.आई.डी. की क्राइम ब्रांच टीम ने महाराष्ट्र के शिरड़ी से गिरफ्तार किया।

- **राणा पर हत्या, लूट, डकैती, हत्या का प्रयास व आर्म्स के 40 प्रकरण दर्ज है। इस पर राजस्थान पुलिस ने 50 हजार और मध्यप्रदेश पुलिस से 20 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।**

**जयपुर**, (कासं)। राजस्थान और मध्य प्रदेश के मोस्ट वांटेड तस्कर कमल राणा को राजस्थान सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने महाराष्ट्र के शिरड़ी से गिरफ्तार कर लिया है। शिरडी के एक होटल से क्राइम ब्रांच ने कमल राणा के साथ उसके 4 अन्य साथियों को भी पकड़ा है। राणा पर हत्या, लूट, डकैती, हत्या का प्रयास व आर्म्स के 40 प्रकरण दर्ज है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में तस्करी व अन्य आपराधिक मामलों में फरार चल रहे मोस्ट वांटेड तस्कर राणा की लंबे समय से पुलिस को तलाश थी। इस पर राजस्थान पुलिस ने 50 हजार व एमपी पुलिस ने 20 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। एडीजी एमएन ने बताया कि पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम काफी समय से कमल राणा के पीछे लगी हुई थी। प्राप्त सूचना एवं तकनीकी सहायता से आरोपी के महाराष्ट्र के शिरडी क्षेत्र में छुपे होने की जानकारी मिली। इस पर आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार के सुपर विजन में विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम में चित्तौड़गढ़ से हेड कांस्टेबल महावीर सिंह व कांस्टेबल रमेश, भीलवाड़ा जिले से गोपाल लाल व विजय सिंह, क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा, कांस्टेबल मुकेश और जयपुर पुलिस कमिश्नरेट से हेड कांस्टेबल कमल शामिल थे। एडीजी ने बताया कि स्थानीय सहयोग के लिए आईजी प्रफुल कुमार ने अहमदनगर एसपी राकेश ओला से समन्वय बनाया। शिरडी पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से करीब 400 होटलों में सर्च करके वांटेड कमल सिंह राणा पुत्र डूंगरसिंह (26) निवासी बम्बोरी प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ 4 अन्य साथियों जितेन्द्र सिंह निवासी कोटडी ईस्तमुरार जीरन, ओमप्रकाश उर्फ गुड्डु रावत निवासी गमेरपुरा, विरेन्द्र सिंह जाट (19) निवासी रायनखेडा और चन्दर सिंह निवासी कोटडी इस्तमुरार हर्कियाखाल को भी गिरफ्तार किया।

### दहेज को लेकर शादी के दिन दुल्हन से मारपीट

**जयपुर** । रामगंज इलाके में दहेज को लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिसमें शादी के बाद दहेज देने से इनकार किया गया तो दुल्हन की विदाई ही नहीं हो पाई। दहेज की मांग को लेकर बारातियों ने दुल्हन के परिवार से मारपीट की। साथ ले जाने से मना कर दुल्हन को धक्का देकर नीचे गिरा दिया। रामगंज थाने में दुल्हन के पीड़िता पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि घाटगेट रामगंज निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 17 जून को उनकी बेटी का निकाह जाहिद से हुआ था। शादी के बाद दुल्हन की विदाई का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान दूल्हा, उसके पिता व भाई ने 10 लाख रुपए की मांग कर डाली। कहने लगे कि तुमने हमारी मांग से कम दहेज दिया है। दुल्हन को हम अपने साथ तब ही लेकर जाएंगे, जब तुम हमें 10 लाख रुपए कैश दे दोगे। परिवार के लाख मिन्नतें करने पर भी वे नहीं माने। ताने कसने लगे और मारपीट दुल्हन के परिवार के साथ मारपीट भी की। मामला और बिगड़ गया जब बारातियों ने दुल्हन को जोर से धक्का देकर गिरा दिया। दुल्हन के गले से सोने का हार भी खींच कर निकाल लिया। दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो बेटी की विदाई नहीं हो पाई। ऐसे में एक बेटी की जिंदगी बर्बाद करने वालों के खिलाफ रविवार को मामला दर्ज करवाया गया।

पुलिस का कहना है कि पीड़िता के पिता की शिकायत पर फिलहाल एफ.आई.आर. दर्ज कर ली है। मारपीट में घायलों का मेडिकल करवाकर जांच शुरू कर दी गई है। दोनों पक्षों को बुलाकर बयान दर्ज किए जाएंगे। जिसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पानी की निकासी नहीं होने से सड़क बनी दरिया



**'बिपरजॉय' चक्रवाती तूफान के कारण राजधानी जयपुर में बीते दो दिनों में हुई बारिश ने प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। शहर के बाहरी इलाकों में सड़क किनारे बने नालों की सफाई नहीं होने के कारण सड़कें दरिया बनी दिखी। बैनाड़ रोड पर श्याम नगर में मुख्य सड़क पर सोमवार को बारिश के दौरान पानी भर गया, इस कारण यहां से गुजरने वाले वाहनचालकों को भारी परेशानी हुई।**

# मोबाइल टावर की मशीनें चुराने वाले 3 गिरफ्तार

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल और जिला पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये चोर मोबाइल टावर की मशीनें चोरी किया करते थे। इन बदमाशों ने 150 से अधिक मोबाइल टावरों की मशीने चोरी करना स्वीकार किया है। हैरानी की बात यह है कि मोबाइल टावर से मशीन चुराने वाला चोर पूर्व में इन टावरों की मशीन लगाने का काम कर चुका हैं। बस्सी थाना पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ शुरू कर दी हैं। इन बदमाशों के पास से पुलिस ने अब तक 5 मोबाइल टावर की आरआरयू मशीन और वारदात में प्रयोग ली गई बोलेरो गाड़ी जब्त की।

एडिशनल कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि पिछले कुछ समय से मोबाइल कम्पनी के प्रतिनिधियों से सूचना मिल रही थी की खुले इलाकों में लगे हुए मोबाइल टावरों में निरंतर चोरियां हो रही हैं। इस पर इन चोरों को पकड़ने की जिम्मेदारी सीएसटी और डीएसटी की टीम को दी गई। दोनों ही टीमों ने बदमाशों को राउंड अप किया। जिस पर पुलिस ने आलोक जांगीड पुत्र महावीर प्रसाद, चन्द्र मोहन शर्मा पुत्र मुरारीलाल , जितेन्द्र शर्मा पुत्र चिरंजीलाल को गिरफ्तार किया इन बदमाशों के पास से पुलिस को 5 मोबाईल टॉवर की मशीन एवं वारदात में प्रयुक्त 1 बोलेरो कार बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी आलोक जांगिड़ पुत्र महावीर प्रसाद निवासी गेटोर जगतपुरा जयपुर का रहने वाला है। आरोपी आलोक पोलोटेक्नीक डिप्लोमा किया हुआ दक्ष व्यक्ति है इस कारण मोबाईल टॉवर तकनीकी की अच्छी जानकारी रखता है। मोबाईल टॉवर में लगे प्रत्येक मशीन की कीमत 3.50 लाख रुपये के लगभग है, जो अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करता है। आरोपित आलोक राजस्थान के पाली, उदयपुर, टोंक सवाई माधोपुर, बूंदी, जयपुर ग्रामीण, अजमेर एंव दौसा आदि में वारदात करना स्वीकार किया है।

बदमाशों राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में लगे मोबाइल टॉवर में प्रयुक्त होने वाली मशीन, इलेक्ट्रॉनिक सामान व अन्य कीमती सामान की चोरी करते है। आलोक ने पूर्व में टावर इंटोलेशन व मैकेनिजम का काम विभिन्न वेंडरों के पास ठेके पर सीखा हुआ था। अपनी सहायता के लिए वह चंद्रमोहन और जितेन्द्र शर्मा को रखता था।



**World Productivity Day**

Staying productive can be a serious challenge, especially when you're in charge of overseeing the efficiency of an entire company. Staying productive requires you to focus on keeping things efficient, on stripping out waste and finding ways to streamline processes. It's difficult to do this without the aid of products and services that help to keep you on track and moving smoothly, World Productivity Day encourages you to remember those who make it possible. Nip procrastinate in the bud and focus on how you can maximize your productivity & decrease wasted time.



*We have introduced a new format that showcases the works of many Jaipur artists and professionals we think should be brought to the attention of our readers. We start with the works of Nihal Mathur and his unique stamp presentations. He tells the Story of Flight by arranging his stamps in historically sequential order to tell the tale. There are in all 38 presentations that takes the reader from the beginning made by the early pioneers and ends with modern aircrafts today.*

*-Editor*




Concept and Design by Nihal Mathur
Computer Graphics by Bharat Kumawat



**Nihal Mathur,** *Filmmaker, Writer*

Ostensibly, a stamp is postage paid to the government for delivering our letter to distant friends and family. But these small bits of perforated printed paper are actually cultural ambassadors of a nation because glued on mail, they go far and wide carrying images of the country. Imagine a kid in Kuwait captivated by the image of a Royal Bengal Tiger or a boy in Barbados seeing his hero Tendulkar on a letter from India. Once upon a time, before the advent of television, stamps were one of the mediums that brought these representative colourful images from around the world. People loved to collect flowers, birds, animals etc. Over the years, the popularity of the Hobby of the King's declined as other mediums captured the children's imagination. Like any school going child in early Sixties, Nihal also began to collect stamps as a hobby. This was a random collection that ended soon after he joined college. But stamps lurked in his subconscious and wherever he could get his hands on them, he collected them and put them away in a big paper box as a compulsive action. Later in his professional life, when he visited different metros for work, he would take time out to visit stamp dealers in the city and spend hours sifting through heaps of cheaply priced stamps to select what he wanted. His selection depended on his interests and he pulled out stamps on all kinds of themes - writers, poets, scientists, national parks, wildlife, space and of course aircrafts. Nihal has written many popular stories on stamps. One of them 'Daughters of the Land' described how Indian postage stamps portrayed the Indian women. The National Philatelic Museum in New Delhi displayed pages of the story for some time. He also produced a brochure "Reminiscences of Steam Era: A Journey Through Stamps" for the Ministry of Railways. Today, he is a member of many online stamp communities.

# Early Pioneers 1914-1918




# Advancement of Aeronautical Era

With the arrival of Wright Brother's invention there was fervent activity amid the early pioneers to make their own aircrafts. Many different aircraft configurations were experimented with, all over Europe by the early pioneers. The development of the internal combustion engine enabled the designers to successfully produce heavier-than-air machines to take off. During this period, aviation passed from being seen as the preserve of few eccentric rich enthusiasts to being an established technology with its complex aeronautical engineering. Industrial aircraft manufacturing businesses also sprang up and aviation became a subject of enormous popular interest. Popular aircraft magazines appeared along with Aero Clubs in many countries where series of prizes were announced to encourage the pioneers to invent and innovate to address aeronautical problems. In America there were Glenn Curtiss, Octave Chanute, Lawrence & Elmer, Sikorsky, Langley to name a few, who did pioneering work. But it was the French who considered themselves as the true inheritors of the aerial era because it was abuzz with many aviators - Bleriot, Farman, Voison, Nieuport, Bruguet, Potez, Dassault, and not to forget Santos Dumont who was a Brazilian living and working in France. In England Geoffrey Havilland, Handley Page, Short Brothers, Vickers and many others, were all involved in designing and manufacturing aircrafts. The other significant aviators were Hugo Junker and Claudius Dornier from Germany while in Romania there were Aurel Vlaica and Traian-Vula who were busy building aircrafts. Besides these, there were many other pioneers in Europe who were all competing with one another for prizes and trophies like the Gordon Bennett Cup for Racing and other technical achievements. These attracted huge audiences and successful pilots achieved celebrity status. By 1914, the competition between the aviators was raging and that was reflected in World War I which was not long in coming.

# भूंगरा गैसकांड पीड़िता के 18 लाख रुपये गलत खाते में डाले

## सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने के बाद भी पीड़िता के खाते में राशि ट्रांसफर नहीं हुई

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर जिले के भूंगरा में हुए गैसकांड में पीड़ित परिवार को दी जाने वाली मुआवजा राशि गलत खाते में डाल दी गई। सरकारी कार्यालयों के कई चक्कर काटने के बावजूद पीड़िता के खाते में अभी तक राशि ट्रांसफर नहीं की जा सकी है। इसी को लेकर सोमवार को ओम बन्ना टाइगर फोर्स की देखरेख में प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में पीड़ित महिला के खाते में पैसे ट्रांसफर करने की मांग की गई।

जानकारी के अनुसार भूंगरा गैस हादसे में 35 लोगों की मौत हो गई थी। जिसमें एक परिवार की विधवा महिला कैलाश कंवर के बैंक खाते में सरकार ने 18 लाख रुपए की राशि डालने की बात कही, लेकिन ये राशि हनुमानगढ़ के टिब्बी तहसील के एक गांव में अन्य व्यक्ति के खाते में जमा हो गई। मामले को लेकर प्रशासन ने किसी भी प्रकार का नोटिस टिब्बी गांव के दिनेश को नहीं दिया। इसी मामले को लेकर आज प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपकर पीड़ित महिला कैलाश कंवर को न्याय दिलाने की मांग की है। 15 दिन में पैसे नहीं आने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ओम बन्ना टाइगर फोर्स के अध्यक्ष माधोसिंह ने बताया इस गैस कांड में पीड़ित परिवारों को सरकार ने

- प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

मुआवजा राशि देने का ऐलान किया था। परिवार में विधवा महिला कैलाश कंवर के खाते में 18 लाख की राशि डालनी थी लेकिन यह राशि हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी तहसील के गांव में रहने वाले व्यक्ति के खाते में डाल दी गई।इस राशि को पीड़ित महिला के खाते में डालने के लिए कई बार जिला प्रशासन को बताया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

पीड़ित परिवार के साथ जोधपुर से लगभग 600 किलोमीटर दूर जिस व्यक्ति के खाते में राशि डाली गई , वहां भी हम लोग पहुंचे। उसने बताया कि प्रशासन ने मुझे किसी भी प्रकार का नोटिस नहीं दिया है। नोटिस आने के बाद ही यह राशि लौटाई जाएगी। प्रशासन एक नोटिस देने के लिए भी पीड़ित परिवार को चक्कर कटवा रहा है। ऐसे में मजबूरन आज जिला कलेक्टर को कार्रवाई के लिए ज्ञापन देना पड़ रहा है। यदि हमारी मांगे 15 दिन में नहीं मानी गई तो उठा आंदोलन सर्व समाज की ओर से किया जाएगा।

वहीं मामले को लेकर जिला प्रशासन का कहना था कि पीड़ित महिला ने अपने बैंक डिटेल की जानकारी दी उसी आधार पर पैसा डाला गया। गलत खाते में भी पैसा डाल दिया गया है तो हनुमानगढ़ कलेक्टर से बात की जाएगी।

बीते साल 8 दिसंबर को जोधपुर के भूंगरा गांव में शादी विवाह समारोह की तैयारियां चल रही थीं। उस दिन दोपहर 3.30 बजे अचानक गैस सिलेंडरों में ब्लास्ट होने लगा। शादी समारोह के लिए लगा शामियाना भभक उठा। एक के बाद एक गैस सिलेंडर में ब्लास्ट से लगी आग में कुल 58 लोग झुलसे, जिसमें से 35 की मौत हो गई थी।

# पी.सी.सी. सदस्य घासीलाल सहित दस के विरूद्ध मामला दर्ज

## बिना प्रशासनिक स्वीकृति के जूलूस निकालने से मना करने को लेकर हुई कहासुनी को लेकर मामला दर्ज

**मालपुरा,** (निसं)। बिना प्रशासनिक स्वीकृति के डीजे बजाने तथा जूलूस निकालने से मना करने को लेकर बीते दिन सांवरकर सर्किल पर कांग्रेस पीसीसी सदस्य घासीलाल चौधरी सहित भीड़ से हुई कहासुनी व धक्का-मुक्की सहित राजकार्य में बाधा डालने को लेकर तत्कालीन थानाधिकारी भूराराम खिलेरी की ओर से घासीलाल चौधरी सहित दस जनों के विरूद्ध नामजद मामला मालपुरा थाने में दर्ज हुआ।

थाना पुलिस से मिली जानकारी में सामने आया कि रविवार को कांग्रेस पीसीसी सदस्य व समाजसेवी भामाशाह घासीलाल चौधरी कुहाडा की ओर से नसियां बालाजी मंदिर परिसर में जनसंवाद कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में कार्यक्रम में भीड़ जुटाने की योजना के बावजूद पुलिस व प्रशासन से आयोजकों ने किसी प्रकार की कोई लिखित अनुमति नहीं ली और ना ही लिखित में सूचना दी गई। जबकि मौसम विभाग द्वारा चक्रवाती तूफान के दौरान भारी बारिश व तूफान की चेतावनी के बाद टोंक जिले में यलो अलर्ट घोषित किया गया था। जिसको लेकर महंगाई राहत कैम्प जैसे सरकारी कार्यक्रम भी रद्द किये गये लेकिन आयोजकों द्वारा बिना प्रशासन को सूचना दिये ही कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटाई गई। सम्पूर्ण राजस्थान में डीजे पर प्रतिबंध के बावजूद भीड़ के काफिले में दो डीजे बजाये गये। कांस्टेबल देवीशंकर की आसूचना पर मय जाप्ता सांवरकर सर्किल पहुंच दोनों डीजे ट्रोलियों को स्वीकृति के अभाव में बंद कर पुलिस सुरक्षा में लेने के दौरान थानाधिकारी भूराराम खिलेरी के साथ धक्का-मुक्की कर वर्दी फाड़ने सहित राजकार्य में बाधा पहुंचाई गई।

एएसपी राकेश कुमार बैरवा व डीवाईएसपी सुशील मान के निर्देशों पर खिलेरी का मेडिकल करवाया गया। खिलेरी की ओर से कार्यक्रम आयोजक व कांग्रेस पीसीसी सदस्य घासीलाल चौधरी सहित दस जनों के विरूद्ध नामजद सहित अन्य के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज की गई। आयोजक घासीलाल चौधरी का कहना है कि जिस दौरान भीड़ के साथ थानाधिकारी की झड़प हुई तथा पुलिस द्वारा कार्यकर्ताओं पर हल्का बल प्रयोग किया गया। उस दौरान वो मौके पर नहीं थे। पुलिस कार्यवाही व विवाद की सूचना मिलने के बाद वो कार्यक्रम स्थल से मौके पर पहुंचे थे। उन पर लगाये आरोप बेबुनियाद हैं।

# अवैध वसूली व डकैती के मामले में दो गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त वाहन थार जीप जप्त

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर बस स्टैंड पर प्राइवेट बस चालक से महिने की अवैध वसूली करने और विरोध करने पर बस परिचालक से मारपीट करने व रुपए छीनने व बस के शीशे तोड़ क्षतिग्रस्त करने तथा थाना क्षेत्र में बढ़ रही डकैती की वारदातों को देखते हुए मामला पंजीबद्ध किया गया था। मामले में पुलिस ने दो जनों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी विराटनगर रामसिंह ने बताया कि 15 जून को दीपक शर्मा पुत्र रामजी लाल निवासी शाहपुरा ने विराटनगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह एक निजी बस पर परिचालक का कार्य करता है। 15 जून को वह अलवर से जयपुर के लिए रवाना हुआ था। विराटनगर बस स्टैंड पर पहुंचते ही थार जीप में सवार होकर आये कुछ लोगों द्वारा महिने की अवैध वसूली के रुपए मांगे और विरोध करने पर मारपीट करते हुए करीब आठ हजार रुपए छीनकर ले गए व जाते जाते बस के शीशे तोड़ क्षतिग्रस्त कर गए।



पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

वहीं थाना क्षेत्र में बढ़ती हुई डकैती की वारदातों को मद्देनजर रखते हुए जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजीव पचार के आदेशों की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्याप्रकाश के निर्देशन, वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर संजीव चौधरी के निकटतम सुपरविजन व थानाधिकारी विराटनगर रामसिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर तलाश करते हुए प्रकाश पुत्र रामनिवास निवासी कांदोलाई, नरेश पुत्र मूलचंद निवासी बीसा का बास थाना नारायणपुर को गिरफ्तार किया गया।

### ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर चूरू रेलखण्ड पर डीवाईएसपी ऑफिस राजगढ़ के सामने सोमवार सुबह एक 31 वर्षीय व्यक्ति की मालगाड़ी के चपेट में आने से मौत हो गई। हांलाकि अभी तक इस संबन्ध में पुलिस थाना राजगढ़ में मामला दर्ज नहीं हुआ है कि युवक ने ट्रेन के आगे आत्महत्या की है या अचानक ट्रेन के आने से मौत हुई है। वहीं घटना की मिली सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक रामनिवास राव मौके पर पहुंचे तथा क्षतविक्षत हालात में रेलवे लाईन पर मिले मृतक के शव को कब्जे में लेकर राजकीय रैफरल अस्पताल राजगढ़ के मोर्चरी रूम में रखवाया गया है। सहायक उपनिरीक्षक रामनिवास राव ने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार डीवाईएसपी ऑफिस राजगढ़ के सामने सादुलपुर चूरू रेल लाईनों पर मालगाड़ी की चपेट में आये युवक की पहचान धर्मेन्द्र कुमार पुत्र लालता प्रसाद ग्राम लोधीपुर बहेरी उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है।

# हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर जिले के ओसियां थाना क्षेत्र के चेराई गांव में हुए श्याम पालीवाल हत्याकांड में मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सोमवार को सर्व समाज के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर और रेंज आईजी को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया कि 24 मई को हुए हत्याकांड के बाद पुलिस और प्रशासन ने धरना स्थल पर समाज के लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही मामले में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा लेकिन अभी तक मुख्य आरोपी पुलिस पकड़ से दूर हैं। पुलिस की ऐसी क्या मजबूरी रही कि श्याम की हत्या के बाद घटनास्थल से सीधा परिवार के सदस्य को बिना जानकारी और बिना मेडिकल जांच के बॉडी को मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया। इस घटना से यह भी संदेह है कि कहीं इस घटना में पुलिस प्रशासन की मिलीभगत तो नहीं थी, क्योंकि मुख्य आरोपी का पिता खुद पुलिस विभाग में आला अधिकारी है।

घटना के बाद से ही परिजनों और गवाह में भय का माहौल है। इसलिए मामले में जल्द कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। अगले सप्ताह सोमवार तक कार्रवाई नहीं होने पर सर्व समाज की ओर से जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। नथमल पालीवाल ने बताया कि मामले में एक माह बाद भी मुख्य आरोपी खुले में घूम रहे हैं। गवाहों को धमकाया जा रहा है। मुख्य आरोपी के पिता पुलिस अधिकारी है। धरना स्थल पर जो आश्वासन दिया गया, उसे पूरा नहीं किया गया। यदि अगले सप्ताह सोमवार तक कार्रवाई नहीं की जाती है तो सर्व समाज की ओर से जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। गांव सत्रह एमएल के ईंट भट्टे पर देर रात एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक और उसके परिवार के सदस्य ईंट भट्ठे पर काम करते थे। इस दौरान किसी समय वह ईंटे भट्टे पर बने कमरे में गया और फंदा लगा लिया। कुछ समय बाद परिवार के लोगों ने उसे ढूंढा तो फंदे पर लटका मिला। मामले की जांच सदर थाना एसएचओ कुलदीप चारण कर रहे हैं। युवक अमर कुमार पुत्र लखविंद्र पिछले कुछ समय से गांव सत्रह एमएल के ईंट भटटे पर काम करता था। वह रविवार को अन्य दिनों की तरह काम पर आया। वह सुबह से कामकाज में जुट गया। इस दौरान देर शाम वह नजर नहीं आया। भट्टे पर ही काम कर रहे उसके परिवार के लोगों ने उसे ढूंढा लेकिन वह नहीं मिला। कुछ देर बार भट्टे पर बने कमरे में देखा तो वह फंदे पर झूलता मिला। इस संबंध में मृतक के चाचा इंद्र यादव पुत्र सूबेलाल ने रात रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# अजय मर्डर प्रकरण : तीसरे दिन भी नहीं उठाया शव

**जोधपुर,** (कासं)। पाली जिले के अजय मर्डर केस में लगातार तीन दिन से मथुरादास माथुर हॉस्पिटल के बाहर परिजन धरने पर बेठे हैं।

पाली जिले के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र के इंदिरा कॉलोनी विस्तार में 15 जून की रात को आरोपियों ने अजय को मोबाइल फोन कर घर पर बुलाया और बंधक बनाकर मारपीट कर मोबाइल छीन लिया और घटना को हादसे का रूप देने के लिए उसकी बाइक के साथ

- घटना में लिप्त सारे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

भी तोड़फोड़ की। बाद में मोहल्ले में हो हल्ला होने पर आरोपियों ने ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस को युवक पर चोरी का आरोप लगाकर पकड़वा दिया। परिजनों का आरोप है कि मृतक को पुलिस ने दो घण्टे चोरी के फर्जी मामले में थाने बिठाए रखा रात को हालात बिगड़ने पर बांगड अस्पताल लेकर गए जंहा गंभीर होने पर जोधपुर रैफर किए जाने के बाद सुबह 4 बजे परिजनों को इतला दी जोधपुर में 17 जून की सुबह को युवक की मौत हो गई।

शनिवार से परिजन अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बेठे हैं। मृतक अजय की माता पिंकी देवी का कहना है घटना से 3 दिन पहले आरोपियों ने अजय को उठाने की धमकी दी थी। इस पर वह थाने भी गई लेकिन पुलिस से आरोपियों की साठगांठ होने के चलते पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया तो वो पाली पुलिस उप अधिक्षक के पास भी गुहार लेकर पहुचीं। उसकी सुनवाई नहीं गई। पिंकी देवी का कहना है कि मेरी सिर्फ इतनी मांग है कि घटना में लिप्त सारे आरोपियों की गिरफ्तारी हो ओर ट्रांसपोर्ट नगर थाने के दोषी पुलिसकर्मियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएं।

# होटल पर खाना खाने गए दोस्तों पर हमला, तीन घायल

**अनूपगढ़,** (निसं)। उपकारागृह रोड पर स्थित नई मिस्त्री मार्केट में देर रात होटल में खाना खाने गए तीन दोस्तों पर 15-20 लोगों ने हमला कर दिया।

हमले में तीनों दोस्त घायल हो गए। घायलों को कुछ लोगों के द्वारा अनूपगढ़ के राजकीय चिकित्सालय में ले जाया गया। सूचना पर हेड कांस्टेबल पदम सिंह और हेड कांस्टेबल नरेंद्र मौके पर पहुंचे। घायलों ने बताया कि हमलावरों के पास दो पिस्टल भी थे।

रमनदीप सिंह(22) पुत्र राजेन्द्र सिंह ने बताया कि उसका भाई अवतार सिंह अपने दोस्त प्रवीण (28) पुत्र भगवान दास निवासी वार्ड 19, विनोद चौधरी (28) पुत्र पेमाराम निवासी वार्ड 32 के साथ नई मिस्त्री मार्केट में स्थित होटल पर खाना खाने के लिए गया था। रमनदीप ने बताया कि रात्रि वह भी कुछ काम होने पर होटल पर गया। होटल में ऊपर बने कमरे में चारों खाना खा रहे थे। उसी समय 5-7 व्यक्ति हथियार लेकर कमरे में आए। आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हेड कोस्टल पदम सिंह ने बताया कि अभी तक घायलों की ओर से कोई परिवाद नहीं दिया गया है, पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए प्रयास कर रही है।

### ट्रोला एवं डंपर में आग लगी

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना-कोटपूतली बाईपास रोड पर धांधेला मोड से आगे घुमाव के पास ट्रोला और डंपर की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिससे दोनों वाहनों में आग लग गई। सूचना पर पहुंची पाटन पुलिस ने तुरंत दोनों वाहनों के चालकों को वाहनों से बाहर निकाला जिसमें डंपर के चालक को राजकीय रैफफल चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां चालक की गंभीर हालत होने से उसे तुरंत कोटपूतली के लिए रेफर कर दिया गया।

# पत्नी के सुसाइड के बाद पति भी फंदे पर लटका

## पीहर वालों ने केस दर्ज करवाया था, परेशान होकर की आत्महत्या

**बीकानेर,** (निसं)। पत्नी के सुसाइड के 24 घंटे बाद पति ने भी फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। पति ने सोमवार सुबह श्मशान पहुंचकर फांसी का फंदा लगा लिया। जाकनारी के अनुसार महिला के पीहर वालों ने पति समेत सास, ससुर के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया था।

रविवार को रंजना नाम की एक महिला ने सुसाइड कर लिया। रंजना ईदगाह बारी के पास रहती थी। उसने जहर खा लिया था। पीबीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद उसके पिता प्रदीप भाटी ने नयाशहर थाने में मामला दर्ज कराया। इसमें पति चंद्र प्रकाश, ससुर कंवरलाल, सास मीना और ननद रेखा और ननदोई हर कुलिश भाटी के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया। इसके बाद एफआईआर से परेशान होकर पति चंद्र प्रकाश ने घर के पास ही एक श्मशान घाट में पहुंचकर पेड़ से फंदा लगा लिया। उसे भी पीबीएम अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मृत घोषित कर दिया गया। मृतक का पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद से दोनों परिवार सदमे में है। पत्नी की मौत के बाद इस तरह पति की सुसाइड ने हर किसी को सकते में डाल दिया है। रंजना और चंद्रप्रकाश के दो बच्चे हैं। दो ही दिन में मां और बाप दोनों दुनिया छोड़कर चले गए हैं। दोनों मामलों की छानबीन सीओ सिटी पवन भदौरिया करेंगे। फिलहाल चंद्रप्रकाश के परिवार की ओर से कोई एफआईआर नहीं दी गई है। बल्कि पोस्टमार्टम के आधार पर ही छानबीन की जा रही है।

# होद में गिरने से छह वर्षीय बालक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। कस्बा राजगढ़ के वार्ड तीन में बीते रोज देर शाम को एक महिला द्वारा पानी की होद से पानी निकालते समय खेलते हुए.6 वर्षीय बालक की होद में गिरने से पानी में डूबने के कारण मौत हो गई।

जिसका सोमवार को राजगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया है। राजगढ़ थाने में दर्ज प्रकरण के अनुसार मुबारिक पुत्र मुस्ताक कयामखानी निवासी वार्ड तीन कस्बा राजगढ़ ने रिपोर्ट पेश कर मामला दर्ज करवाया है कि 18 जून को उनके घर में उसकी पत्नी सायरा बानो पानी की होद से पानी निकाल रही थी, तभी उसका.6 वर्षीय पुत्र तोफिक खेलता हुआ उसकी पत्नी की ओर दौड़ता हुआ आया तथा पैर फिसलने से ताफिक पानी की होद में गिर गया। जैसे ही उसकी पत्नी ने हल्ला मचाया तो वह दौडकर आया तब तक उसके बेटे तोफिक की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद 19 जून को राजगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। वहीं मिली सूचना पर हैड कास्टेबल सुनील कुमार पिलानियां मौके पर पहुंचे तथा मृतक बालक का राजकीय रैफरल अस्पताल राजगढ़ में पोस्टमार्टम करवाकर बालक तोफिक के शव को उनके परिजनों को सुपूर्द कर दिया तथा पुलिस ने राजगढ़ थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

### बच्चे से भीख मंगवाने के आरोप में पिता व नानी गिरफ्तार

**मालपुरा,** (निसं)। पचेवर थाना क्षेत्र के बरोल निवासी एक मासूम आठ वर्ष के बच्चे से चण्डीगढ़ में भींख मंगवाने के आरोप में पचेवर पुलिस ने बालक के पिता व नानी को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी राजमल कुमावत ने बताया कि बरोल निवासी घासीलाल बागरिया की पत्नी उसे छोड़ दूसरे पुरूष के साथ नाता-प्रथा पर चली जाने के बाद पिता घासीलाल और नानी रतनी देवी निवासी बनेडिया चारणान ने मिलकर बालक से चण्डीगढ़ गुरूद्वारे के पास भींख मंगवाने का कार्य करवाया जा रहा था। सड़क पर बने स्पीड ब्रेकरों के पास चौपहिया वाहन रूकने पर मासूम बालक द्वारा वाहन चालकों से

- चण्डीगढ़ गुरूद्वारे के पास भींख मंगवाने का कार्य करवाया जा रहा था

हाथ फैलाकर भींख मांगने के दौरान बाल कल्याण इकाई चण्डीगढ प्रभारी प्रभति कोर द्वारा बालक को डिटेन कर जीरो नम्बरी एफआईआर प्राप्त होने पर बालश्रम अधिनियम में मामला पंजीबद्ध कर पचेवर पुलिस को मामले से अवगत करवाया गया। चण्डीगढ इकाई की सूचना पर पचेवर पुलिस ने आरोपी पिता घासीलाल निवासी बरोल व आरोपी नानी रतनी देवी निवासी बनेडिया चारणान को गिरफ्तार किया गया।

# वारदात की फिराक में घूम रहे चार युवक गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (निसं)। हनुमानगढ़ जिले की पीलीबंगा पुलिस ने वारदात की फिराक में अवैध हथियार और कारतूस सहित घूम रहे 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों के कब्जे से बीकानेर नम्बर की बोलेरो गाड़ी भी जब्त की गई है। पीलीबंगा पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीलीबंगा सीआई विजय कुमार मीणा ने बताया कि आईजी और एसपी के निर्देश पर जिले भर में अवैध बदमाशों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ बदमाश स्टेट हाईवे कर जरिये पीलीबंगा की तरफ आ रहे हैं, जो कि सन्दिग्ध लग रहे हैं। एएसपी

- अवैध पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद, बोलेरो गाड़ी भी जब्त

जस्साराम बोस के निर्देश पर पीलीबंगा सीआई विजय कुमार मीणा ने मय टीम सूरतगढ़-हनुमानगढ़ स्टेट हाईवे पर नाकाबन्दी की। नाकाबन्दी के दौरान संदिग्ध बीकानेर नम्बर की बोलेरो आती हुई दिखाई दी, जिसके बाद पुलिस ने बोलेरो को चेक किया तो उसके अंदर चार युवक बैठे हुए थे। जिनकी तलाशी ली तो उनके पास से एक देशी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस मिले।

पीलीबंगा पुलिस टीम चारों आरोपियो को बोलेरो गाड़ी सहित गिरफ्तार कर थाने ले आई। चारों युवकों की पहचान आत्माराम (45) पुत्र हेतराम बिश्नोई निवासी माणकसर हाल वार्ड 26 शक्तिनगर सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर, सुरेश (25) पुत्र राजाराम मेघवाल निवासी श्योपुराबास चक 4 केएस पीएस सदर सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर,आशीष उर्फ आशु (22) पुत्र चरणसिंह वैरागी निवासी वार्ड 6 जुलाना पीएस जुलाना जिला जींद हरियाणा और अमित उर्फ तोता उर्फ सुनील (24) पुत्र जयपाल जाट निवासी करसोला रोड जुलाना जिला जींद हरियाणा के रूप में हुई।

पुलिस ने चारों युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। चारों पकड़े गए आरोपियों से पुलिस कड़ी पूछताछ कर जानने का प्रयास कर रही है कि वो कहां से आ रहे थे और उन्होंने किस वारदात को अंजाम देना था।

# वाल्मीकि और भांभी समाज के कई लोगों ने बसपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद एवं सादुलपुर विधायक पद्मश्री डॉ कृष्णा पूनिया के नेतृत्व में सांखू फोर्ट में आबादी भूमि विस्तार करवाने पर किए गए भव्य स्वागत समारोह में सांखू फोर्ट के वाल्मीकि समाज से लक्ष्मण वाल्मीकि, गोपीराम वाल्मीकि, भवानीशंकर वाल्मीकि, सुरेश वाल्मीकि, श्यामलाल वाल्मीकि और भांभी समाज से भंवरलाल बारूपाल, पतराम, प्रताप बारूपाल, प्रकाश बारूपाल, सतवीर बारूपाल ने बसपा छोड कांग्रेस पार्टी ज्वॉइन की।

इस दौरान वाल्मीकि और भांभी समाज के परिवार के लोगों ने विधायक कृष्णा पूनिया पर विश्वास जताया। कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर समाज के लोगों ने कहा कि हम विधायक डॉ



सादुलपुर विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां ने लोगों का स्वागत किया।

कृष्णा पूनिया के विकास कार्यो से प्रेरित होकर सबको बिना भेदभाव के साथ लेकर चलने वाली कार्यशैली को देखते हुए कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं। जिससे कांग्रेस पार्टी में विश्वास जताया और आने वाले चुनावों में समाज के लोगों को जागरूक करेंगे। विधायक पूनियां ने कहा कि आप सभी हमारे कांग्रेस परिवार के सदस्य हैं, हम उनका स्वागत करते हैं।

इस दौरान मुख्य खेल अधिकारी कोच वीरेंद्र पूनिया, देहात कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पूनिया, शहर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, पीसीसी सदस्य शिशुपाल पूनिया, सरपंच सीता कँवर, सुमेर पूनिया बीडीसी, वरिष्ठ नेता करतार टाँडी, राजकुमार प्रजापत, मनोज भारद्वाज, उदयराम प्रजापत, रणधीर जाखड, मनोज डूडी, अमरसिंह गोठवाल, चन्द्रभान नायक, जोगेंद्र फगेडिया, मानसिंह रेबारी, धर्मवीर सिहांग, नंदलाल शर्मा, सुरेश भाटिया, रामसिंह झाझडिया आदि सहित हजारों लोग उपस्थित थे।



हालांकि उसने पहली पारी में 9 रन ही बनाये। परंतु जिस तरह उसने अपनी पारी की शुरुआत की। मैंने पिछले दो साल में टेस्ट क्रिकेट में उसे ऐसा करते नहीं देखा। - रिकी पोंटिंग

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान, उम्मीद जताते हुए कि डेविड वार्नर शीघ्र ही कुछ रन बनायेंगे।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** निक किर्गियोस



**पिछले** साल विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के उप विजेता रहे निक किर्गियोस ने घुटने की चोट के कारण सोमवार को हाले ओपन से हटने का फैसला किया। वह लंबे समय से घुटने की चोट से जूझ रहे हैं। पिछले दो दिन में मैंने हाले में हर चीज करने का प्रयास किया लेकिन फिर मुझे हटने का फैसला करना पड़ा। उनहोंने कहा, ''मैं पिछले साल की तरह अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था, जब मैं सेमीफाइनल में पहुंचा था। लेकिन अब यह संभव नहीं है। किर्गियोस ने जनवरी में घुटने की सर्जरी करायी थी और अक्टूबर के बाद पिछले हफ्ते टेनिस कोर्ट पर लौटे थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

# भवानी ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता ऐतिहासिक पदक



वुक्शी (चीन), 19 जून। भारत की शीर्ष तलवारबाज भवानी देवी ने सोमवार को यहां एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप 2023 में महिला सेबर स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। यह एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक है। विश्व रैंकिंग में 49वें नंबर की तलवारबाज भवानी ने यह उपलब्धि हासिल करने के लिये क्वार्टरफाइनल में गत विश्व चैंपियन मिसाकी इमुरा को 15-10 से मात दी। यह विश्व नंबर एक मिसाकी के विरुद्ध भवानी की पहली जीत थी, जबकि इससे पहले चार मुकाबलों मे जापानी तलवारबाज़ ने बाज़ी मारी थी।

भवानी सेमीफाइनल में भले ही उज़्बेकिस्तान की ज़ैनब दाइबेकोवा से 14-15 से हार गयीं, लेकिन शीर्ष-चार में पहुंचकर उन्होंने ऐतिहासिक कांस्य हासिल कर लिया। एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप में सेमीफाइनल हारने वाले खिलाड़ी कांस्य पदक जीतते हैं, जबकि विजेता खिताबी मुकाबले में प्रतिस्पर्धा करते हैं। ज़ैनब ने फाइनल में कोरिया गणराज्य की विश्व नंबर 28 जीसु यून पर 15-9 की जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता।

इससे पूर्व, भवानी देवी को राउंड ऑफ़ 64 में बाई मिली थी। उन्होंने अगले राउंड में दुनिया की 95वें नंबर की कज़ाकिस्तान की डोस्पे करीना को 15-13 से हराया, जबकि दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी जापान की सेरी ओजाकी को प्री-क्वार्टरफाइनल में 15-11 से मात दी।

महिलाओं की सेबर स्पर्धा में हिस्सा लेने वाली अन्य भारतीय तलवारबाज जगमीत कौर, रिशिका खजूरिया और जोस्ना क्रिस्टी पदक नहीं जीत सकीं। दो बार की राष्ट्रमंडल चैंपियन भवानी देवी के नाम पहले दो एशियाई पदक थे, लेकिन दोनों अंडर-23 स्तर पर आये। उन्होंने 2014 में व्यक्तिगत रजत पदक और 2015 में कांस्य पदक जीता था। भवानी टोक्यो ओलंपिक 2020 में भाग लेने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बनी थीं, जहां वह शीर्ष-32 चरण में बाहर हो गयी थीं। एशियाई तलवारबाज़ी चैंपियनशिप 2023 में सेबर टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के अलावा फ़ॉइल और एपी स्पर्धाओं की प्रतियोगिता भी शामिल हैं। महाद्वीपीय चैंपियनशिप 20 जून को समाप्त होगी।

## पाकिस्तान कई बार भारत गया, अब भारत की बारी : मियांदाद

नयी दिल्ली, 19 जून। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने कहा है कि जब तक भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करती तब तक उनकी टीम को भारत नहीं आना चाहिये। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की योजना के अनुसार भारत और पाकिस्तान को एकदिवसीय विश्व कप में 15 अक्टूबर को एक-दूसरे का सामना करना है, हालांकि मियांदाद नहीं चाहते कि उनके देश के खिलाड़ी भारत आयें। मियांदाद ने सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में कहा, ''पाकिस्तान 2012 में और 2016 में भी भारत गया था। अब भारतीयों के यहां आने की बारी है।'' उन्होंने कहा, ''अगर मुझे फैसला करना होता तो मैं कोई भी मैच खेलने के लिये भारत नहीं जाता, यहां तक कि विश्व कप भी नहीं। हम उनके (भारत) साथ खेलने के लिये हमेशा तैयार रहते हैं लेकिन वे कभी भी इसका बदला नहीं चुकाते।'' उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान क्रिकेट बड़ा है। हम अब भी अच्छे खिलाड़ी पैदा कर रहे हैं। इसलिए मुझे नहीं लगता कि अगर हम भारत नहीं जाते हैं तो इससे हमें कोई फर्क पड़ेगा।'' भारत ने आखिरी बार 2008 में एकदिवसीय एशिया कप के लिये पाकिस्तान का दौरा किया था। तब से दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक तनाव के कारण द्विपक्षीय क्रिकेट संबंधों को निलंबित कर दिया गया था। मियांदाद का कहना है कि क्रिकेट और राजनीति को अलग अलग रखना चाहिये। मियांदाद ने कहा, ''मैं हमेशा कहता हूं कि कोई अपने पड़ोसियों को नहीं चुन सकता है, इसलिए एक दूसरे के साथ सहयोग करके रहना बेहतर है। मैंने हमेशा कहा है कि क्रिकेट एक ऐसा खेल है जो लोगों को एक-दूसरे के करीब लाता है और देशों के बीच गलतफहमियों और शिकायतों को दूर कर सकता है।'' उल्लेखनीय है कि भारत को सितंबर में होने वाले एशिया कप के लिये पाकिस्तान जाना था, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर पड़ोसी मुल्क जाने से मना कर दिया।

## सैफ कप : पाकिस्तान को भारत का वीजा मिला

नयी दिल्ली, 19 जून। कर्नाटक के बेंगलुरु में 21 जून से होने वाली दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) चैंपियनशिप के लिये पाकिस्तान पुरुष फुटबॉल टीम को भारत का वीज़ा मिल चुका है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने सोमवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि जियो न्यूज की ओर से आज प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रभाकरण ने पाकिस्तानी टीम को सोमवार तक वीज़ा मिलने की बात कही थी। पाकिस्तान टीम के अधिकारियों ने आज शाम मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुइस में भारतीय दूतावास जाकर पूरी टीम के पासपोर्ट प्राप्त किये। पासपोर्ट मिलने के बाद पाकिस्तान फुटबॉल संघ (पीएफएफ) ने ट्वीट किया, ''आप से जल्द मिलते हैं भारत।'' पाकिस्तान सैफ चैंपियनशिफ में अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को रात 7:30 बजे भारत के खिलाफ करेगा। यह नौ साल में पाकिस्तान फुटबॉल टीम का पहला भारत दौरा होगा। गौरतलब है कि पाकिस्तान टीम को रविवार सुबह भारत के लिये रवाना होना था, लेकिन समय पर वीज़ा न मिलने के कारण ऐसा नहीं हो सका। पाकिस्तान टीम इस समय मॉरीशस में है, जहां वह मेज़बान मॉरिशस, केन्या और ड्जिबूटी के विरुद्ध मैत्री मैच खेलने गयी थी। पाकिस्तान को अगर सोमवार को भी वीज़ा नहीं मिल पाता तो उसे अपने खर्चे पर मॉरीशस में रुकना पड़ सकता था। टीम अगर मंगलवार सुबह तक भारत नहीं पहुंचती तो उसके लिये भारत के विरुद्ध अपना पहला मैच खेलना मुश्किल होता। जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान टीम के एक सूत्र ने कहा था, आप नहीं समझ सकते कि हम पिछले तीन दिनों में किस तनाव से गुज़रे हैं। सभी चिंतित हैं कि हमें वीज़ा मिलेगा या नहीं। सभी खिलाड़ी सैफ कप को लेकर उत्साहित थे लेकिन वीज़ा की समस्या ने उन्हें चिंता में डाल दिया है। सूत्र ने कहा था, अगर हम 21 जून या मैच से एक रात पहले भारत पहुंचे तो आयोजकों को भारत के खिलाफ हमारा मुकाबला स्थगित करना चाहिये।

## ताइफे ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे प्रणय

ताइपे, 19 जून। इंडोनेशिया में सेमीफाइनल में मिली हार से उबरकर एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे ताइपे ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को यहां नौंवी वरीयता दी गई है और वह इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 प्रतियोगिता के पुरुष एकल के पहले दौर में क्वालीफायर से भिड़ेंगे।

पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतने वाले प्रणय ने सुपर 1000 टूर्नामेंट इंडोनेशिया ओपन में प्रभावी प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई थी जहां उन्हें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और चैंपियन बने डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ 15-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में मेइराबा लुवांग मेसनाम, किरण जॉर्ज, सतीश कुमार करूणाकरन, मिथुन मंजूनाथ और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन भी चुनौती पेश करेंगे। शुभंकर डे और पारूपल्ली कश्यप क्वालीफायर में हिस्सा लेंगे।

महिला एकल में लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल फॉर्म हासिल करने का प्रयास करेंगी जबकि मालविका बंसोड़, आकर्षी कश्यप और रुतविका शिवानी गड्डे भी खिताब के लिए भिड़ेंगी। साइना को पहले दौर में थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकीवोंग से भिड़ना है जबकि मालविका का सामना तीसरी वरीय बेइवेन झेंग से होगा।

सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बने सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ताइपे में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेगी। उनकी गैरमौजूदगी में कृष्ण प्रसाद गारगा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की आठवीं वरीय जोड़ी पुरुष युगल में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। इस जोड़ी को पहले दौर में अमेरिका के विंसन च्यू और जोशुआ युआन से भिड़ना है।

महिला युगल में रितुपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा पांडा के रूप के एकमात्र भारतीय जोड़ी कोर्ट पर उतरेगी जबकि मिश्रित युगल में रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी तथा नवनीत बोक्का और प्रिया कोंजेंगबाम चुनौती पेश करेंगे।

# पहला एशेज टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया के सामने 281 रन का लक्ष्य



बर्मिंघम, 19 जून। कप्तान पैट कमिंस (63/4) और नेथन लायन (80/4) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को पहले एशेज़ टेस्ट की दूसरी पारी में इंग्लैंड को 273 रन पर ऑलआउट कर दिया। पहली पारी में सात रन से पिछड़ने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मुकाबला जीतने के लिये 281 रन का लक्ष्य हासिल करना है। इंग्लैंड को इस छोटे स्कोर पर रोकने के लिये कमिंस ने कप्तानी भूमिका निभाते हुए चार विकेट चटकाये, जिसमें विपक्षी टीम के कप्तान बेन स्टोक्स (43) का विकेट शामिल रहा। लायन ने इंग्लैंड के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले जो रूट (46) और हैरी ब्रूक (46) सहित चार बल्लेबाजों को पवेलियन लौटाया।

तीसरे दिन इंग्लैंड की पारी को 28/2 से आगे बढ़ाने उतरे रूट ने दिन की पहली ही गेंद पर रिवर्स स्कूप खेलना चाहा। वह इस मौके पर चूक गये, लेकिन कुछ देर बाद उन्होंने रिवर्स स्कूप की मदद से लायन के विरुद्ध एक छक्का और एक चौका बटोरा।

रूट ने ओली पोप के साथ तीसरे विकेट के लिये 50 रन की साझेदारी की। पोप हालांकि कमिंस की दर्शनीय यॉर्कर का शिकार होने से पहले 16 गेंद पर 14 रन का योगदान ही दे सके। दिन की पहली सफलता के बाद ऑस्ट्रेलिया को रूट और ब्रूक की ओर से आक्रामक बल्लेबाजी देखने को मिली। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिये 52 रन जोड़े, जबकि ऑस्ट्रेलिया को लंच से पहले कोई और सफलता नहीं मिली।

इंग्लैंड लंच के बाद भी आसानी से पारी को आगे बढ़ा सकती थी, लेकिन लायन के विरुद्ध बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रूट स्टंप आउट हो गये। लायन ने कुछ देर बाद युवा प्रतिभा ब्रूक को भी मिड-ऑन पर कैचआउट करवा दिया। जॉनी बेयरस्टो ने विकेटों के पतन के बीच 39 गेंदें खेलकर पिच पर समय बिताया, लेकिन वह भी लायन का शिकार होने से पहले 20 रन ही बना सके। इंग्लैंड के छह विकेट 200 रन के अंदर गिरने के बाद स्टोक्स टीम को संभाल सकते थे लेकिन कमिंस ने उन्हें पगबाधा कर इंग्लैंड को संकट में डाल दिया।

इंग्लैंड के सात विकेट 210 रन पर गिर गये, जिसके बाद पुछल्ले बल्लेबाजों ने 63 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। मोईन अली ने हेज़लवुड की गेंद पर आउट होने से पहले 19 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी 31 गेंद की छोटी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। इसके अलावा ओली रॉबिनसन ने 27 रन का, जबकि जेम्स एंडरसन ने 12 रन का योगदान दिया। स्टुअर्ट ब्रॉड 12 रन बनाकर नाबाद रहे। लायन ने रॉबिनसन को जबकि कमिंस ने एंडरसन को आउट करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया।

## एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में भारत का सामना उज्बेकिस्तान से

पाथुम थानी ( थाईलैंड), 19 जून। इंटर कॉंटिनेंटल कप में सीनियर टीम की जीत से प्रेरित भारतीय जूनियर टीम एएफसी अंडर 17 एशियाई कप में मंगलवार को यहां उजबेकिस्तान से खेलेगी। एक अंक हासिल कर चुकी भारतीय टीम ग्रुप डी के मैच में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। भारत ने पहले मैच में वियतनाम से 1.1 से ड्रॉ खेला था। मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने कहा ,'' हमारे लिये यह बहुत जरूरी है कि उजबेकिस्तान के खिलाफ शांतचित्त होकर खेलें।'' उन्होंने कहा ,'' हमारे पास एक अंक है जो अच्छी शुरूआत है। इस समय ग्रुप में सभी टीमों के पास एक एक अंक है और एक अच्छा नतीजा मिलते ही हमारा पलड़ा भारी हो जायेगा।'' भारत की सीनियर टीम ने भुवनेश्वर में लेबनान को 2.0 से हराकर इंटर कॉंटिनेंटल कप जीता था।

## मध्यांतर के समय कोच की फटकार ने आंखें खोल दी : छेत्री

भुवनेश्वर, 19 जून। राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कहा है कि मुख्य कोच इगोर स्टिमक से मध्यांतर में मिली फटकार आंखें खोलने वाली थी जिसकी भारत को इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब जीतने के लिए जरूरत थी। भारत पहले हाफ में लेबनान के डिफेंस को भेदने में नाकाम रहा था लेकिन दूसरे हाफ में सुनील छेत्री के 87वें अंतरराष्ट्रीय गोल के अलावा लालियानजुआला छांगटे के गोल की मदद से रविवार रात फाइनल में लेबनान को 2-0 से हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतने में सफल रहा।

छेत्री ने कहा, ''मध्यांतर के समय बॉस ने फटकार लगाई। हम पिछले मैच के अपने प्रदर्शन के आसपास भी नहीं थे। यह आंखें खोलने वाला था जिसकी हमें जरूरत थी।'' उन्होंने कहा, ''काफी कुछ कहा गया जिनमें से कुछ को मैं यहां दोहरा नहीं सकता। लेकिन अहम बात यह है कि हमें पता था कि हमारे पास क्षमता है और अंत में हमें कोई पछतावा नहीं है। बेशक 2-0 से जीत दर्ज करने के बाद अब यह कहना आसान है लेकिन हम जीत से खुश हैं।'' छेत्री टूर्नामेंट में भारत के प्रदर्शन से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, ''हम इंटरकॉन्टिनेंटल कप को पिछली बार जीत नहीं सके थे लेकिन यह जीत अच्छी थी। यह आसान नहीं था, लेकिन हम बहुत खुश हैं, खासकर टूर्नामेंट में हमारे खिलाफ कोई गोल नहीं होने के कारण।''

मुख्य कोच स्टिमक ने स्वीकार किया कि वह लेबनान के खिलाफ शुरुआती 45 मिनट में अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश नहीं थे। उन्होंने कहा, ''हर मैच महत्वपूर्ण है, हर जीत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से जब आपके खिलाफ कोई गोल नहीं हो इसलिए मैं बहुत खुश हूं। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि मैं मध्यांतर के समय बिल्कुल भी खुश नहीं था। हमने पहले 10 मिनट में अच्छा खेला और फिर हम पिछड़ गए।''

क्रोएशिया के इस कोच ने कहा, ''हमें उन्हें (लेबनान) 20 मिनट के आसपास खेल को नियंत्रित नहीं करने देना चाहिए था। यह सबसे अच्छा है कि मैं नहीं बताऊं कि मध्यांतर के समय क्या कहा गया लेकिन यह काम कर गया। दूसरे हाफ में लड़कों की प्रतिक्रिया शानदार थी। यह वह भारत है जिसे मैं देखना पसंद करता हूं।''

## प्रमोद भगत ने एकल में रजत और युगल में दो कांस्य पदक जीते

नयी दिल्ली, 19 जून। भारतीय शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने हाल में ओटावा में समाप्त हुई कनाडा पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय 2023 प्रतियोगिता की एकल स्पर्धा में एक रजत पदक और युगल स्पर्धाओं (पुरुष युगल और मिश्रित युगल) में दो कांस्य पदक जीते।

पुरुष एकल के फाइनल में भगत को इंग्लैंड के डेनियल बेथेल से 58 मिनट में 12-21 13-21 से हार मिली जिससे पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित इस खिलाड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भगत और सुकांत कदम की दुनिया की नंबर एक जोड़ी पुरुष युगल में पिछले कुछ समय से चल रही शानदार फॉर्म को बरकरार नहीं रख सकी और कांस्य पदक ही जीत सकी।

मिश्रित युगल में भगत और मनीषा रामदास की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय जोड़ी को फ्रेडी सेटियावान और खालीमाटुस सादिया की इंडोनेशियाई जोड़ी से हार मिली। भगत ने कहा, ''मैं इस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से ज्यादा खुश नहीं हूं, बेथेल ने काफी अच्छा खेल दिखाया। मुझे अपनी गलतियों को देखकर

## एकदिवसीय विश्व कप : कुछ जगह पर खेलने को लेकर सहज नहीं पाक

नयी दिल्ली, 19 जून। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान कुछ विशिष्ट स्थलों में कुछ टीमों के खिलाफ खेलने को लेकर 'सहज' नहीं है जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ चेन्नई और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरू में खेलना शामिल है। एशिया कप के आयोजन को लेकर गतिरोध समाप्त हो गया है और अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए पाकिस्तान के भारत आने की उम्मीद है। भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला 15 अक्टूबर को अहमदबाद में होने की संभावना है। विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पीसीबी सहित सभी सदस्य बोर्ड से प्रस्तावित कार्यक्रम पर सुझाव मांगे हैं। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि बोर्ड के आंकड़े, विश्लेषक और टीम रणनीति विशेषज्ञ को उन आयोजन स्थलों को स्वीकृति देने का काम सौंपा गया है जहां आईसीसी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने 50 ओवर के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तान के मुकाबलों का अस्थाई कायक्रम तैयार किया है। सूत्र ने कहा, ''पीसीबी ने टीम का अस्थाई कार्यक्रम चयनकर्ताओं/विशेषज्ञों के पास भेजा है जो संभवतः पाकिस्तान टीम के कुछ मुकाबलों के कार्यक्रम और स्थल को लेकर सहज नहीं हैं। जैसे कि उन्हें चेन्नई में अफगानिस्तान और बेंगलुरू में ऑस्ट्रेलिया से खेलने को लेकर आपत्ति है।''

## नीदरलैंड के फुटबॉलर प्रॉम्स को 18 माह की सजा

एम्सटर्डम 19 जून। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम की एक अदालत ने देश के राष्ट्रीय फुटबाल टीम के पूर्व सदस्य क्विंसी प्रॉम्स को एक पारिवारिक समारोह के दौरान अपने चचेरे भाई के पैर में चाकू मारने के आरोप में सोमवार को 18 महीने कैद की सजा सुनाई। डच प्रसारक एनओएस के अनुसार, प्रॉम्स फिलहाल स्पार्टक मॉस्को की ओर से खेलते हैं और रूस में रहते हैं और उन्हें इस हमले का दोषी करार दिया गया। 31 वर्षीय फुटबॉलर इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे। नीदरलैंड और रूस के बीच अबतक कोई प्रत्यर्पण समझौता नहीं हुआ है। उन दोनों के बीच कथित रूप से 2020 की गर्मियों में चोरी हुए गले का हार को लेकर मौखिक लड़ाई हुई जिस दौरान चाकूबाजी की यह घटना हुई थी। जब यह घटना हुई तक प्रॉम्स डच फुटबॉल क्लब अजाक्स के लिए खेलते थे और 2021 में स्पार्टक मॉस्को के लिए खेलने लगे।

## आडवाणी ने भारत को अफगानिस्तान और मलेशिया पर बड़ी जीत दिलायी

तेहरान,, 19 जून। कई बार के विश्व चैम्पियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पंकज आडवाणी की अगुआई में 'टीम इंडिया 1' ने यहां एशियाई टीम स्नूकर चैम्पियनशिप के ग्रुप चरण के मैचों में दो शानदार जीत हासिल कीं। भारत ने अफगानिस्तान और मलेशिया को 3-0 के समान अंतर से शिकस्त दी जिसमें आडवाणी दोनों मैच में खेले। अफगानिस्तान के खिलाफ आडवाणी ने मोहम्मद नूर जई को 54-07 से जबकि लक्ष्मण रावत ने सालेह मोहम्मद को 75-17 से हराया। भारत ने डबल्स फ्रेम 68-41 के अंतर से जीता। मलेशिया के खिलाफ मैच में आडवाणी ने मोह कीन हू को 109-13 से मात दी। आदित्य मेहता ने थोर चुआन लियोंग की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए 60-47 से जीत दर्ज की जिसके बाद भारत ने डबल्स फ्रेम 57-46 से जीता। भारत ने नॉकआउट चरण के लिये क्वालीफाई कर लिया है लेकिन टीम अपना अंतिम लीग मैच संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ खेलेगी।

## जिला बैडमिंटन में रुद्राक्ष मिड्ढा व अर्थ सिंह ने तीसरे राउंड में प्रवेश किया

जयपुर, 19 जून। सवाई मानसिंह बैडमिंटन हॉल पर समर जयपुर डिस्टिक बैडमिंटन चैंपियनशिप का आज शुभारंभ हुआ अंडर 11, अंडर 13 महिला व पुरुष वर्ग के लगभग 170 मैच खेले गए अंडर 13में प्रथम वरीयता प्राप्त रुद्राक्ष मिड्ढा ने अपना शानदार गेम दिखाते हुए सिद्धांत को 15-2, 15-3 से परास्त किया वही लड़कों के अंडर 11 में प्रथम वरीयता के अथर्व सिंह ने जयपुर स्पोर्ट्स के युवराज सिंह को 15-8, 15-7 से हराया तथा द्वितीय वरीयता प्राप्त रक्षित सिंह मेहरा ने वैश्विक शर्मा को आसान गेम में परास्त किया कार्यक्रम का उद्घाटन कजरिया सिरेमिक के रवि जैन ने किया इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जस्टिस रिटायर्ड जस्टिस एनके जैन संघ की उपाध्यक्ष रितु लोहिया तथा संघ के सचिव मनोज दास उपस्थित थे। आयोजन सचिव अतुल गुप्ता के अनुसार कल अंडर 11 अंडर 13 पुरुष व महिला वर्ग के दूसरे वे तीसरे राउंड के मैच खेले जाएंगे साथ ही अंडर-19 के प्रथम फर्स्ट राउंड के मैच खेले जाएंगे वह अंडर 11 बालिका वर्ग में भी फर्स्ट राउंड के मैच होंगे।

## बालासोर पीड़ितों को 20 लाख दान करेगी भारतीय फुटबॉल टीम

भुवनेश्वर, 19 जून। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम इस महीने की शुरुआत में हुई बालासोर ट्रेन दुर्घटना के प्रभावित परिवारों के राहत और पुनर्वास कार्य के लिये 20 लाख रुपये दान करेगी। भारत ने कप्तान सुनील छेत्री के 87वें अंतरराष्ट्रीय गोल और लल्लियांजुआला छांगटे के गोल की बदौलत रविवार रात कलिंगा स्टेडियम में इंटरकॉन्टिनेंटल कप के फाइनल में लेबनान को 2-0 से हरा दिया।

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस उपलब्धि पर भारतीय फुटबाल टीम को एक करोड़ रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की। फुटबाल टीम ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि वे 20 लाख रुपये बालासोर ट्रेन दुर्घटना के पीड़ितों के लिये दान करेंगे। भारतीय फुटबॉल ने ट्वीट किया, हम अपनी जीत के लिये टीम को नकद पुरस्कार देने के लिये ओडिशा सरकार के आभारी हैं। ड्रेसिंग रूम द्वारा एक त्वरित और सामूहिक निर्णय के रूप में हमने इस महीने की शुरुआत में राज्य में हुई दुर्भाग्यपूर्ण ट्रेन दुर्घटना के प्रभावित परिवारों के राहत और पुनर्वास कार्य के लिये उस धनराशि में से 20 लाख रुपये दान करने का फैसला किया है।

ट्वीट में कहा गया, जो जन हानि हुई है, उसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता, लेकिन हम आशा करते हैं कि यह परिवारों को मुश्किल समय से निपटने में मदद करने में अपनी छोटी भूमिका निभाएगा। इसी बीच, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप की सफल मेजबानी के लिये ओडिशा सरकार को धन्यवाद दिया।

अध्यक्ष ने कहा, हमारे पास आयोजन के लिये इससे बेहतर स्थान नहीं हो सकता था और हीरो इंटरकॉन्टिनेंटल कप का बेहतर अंत हो सकता था। मैं भाग लेने वाली टीमों को सभी समर्थन और आतिथ्य प्रदान करने और एक शानदार टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिये ओडिशा सरकार को धन्यवाद देता हूं। मुख्यमंत्री पटनायक ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि इंटरकॉन्टिनेंटल कप की मेजबानी करना राज्य के लिये गर्व की बात है।

## यूटीटी के चौथे सत्र के पहले मैच में चेन्नई लायंस की भिड़ंत पुणेरी पल्टन से

मुंबई, 19 जून। गत चैंपियन चेन्नई लायंस अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के चौथे सत्र के पहले मैच में 13 जुलाई को पुणे में पुणेरी पल्टन से भिड़ेगा। लीग के कार्यक्रम की सोमवार को घोषणा हुई। छह फ्रेंचाइजी के बीच सेमीफाइनल और फाइनल सहित कुल 18 मैच खेले जाएंगे।


**पच्चीसवी पुण्यतिथि**



**स्व. श्रीमती गुरप्यारी खंडेलवाल**

पत्नी स्व. श्री द्वारका प्रसाद खंडेलवाल (आगरा वाले)

निर्वाण-20/6/1998

*आपको कृतज्ञ मन से आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।*

**श्रद्धावनत-** कृष्ण गोपाल खंडेलवाल-बीना खंडेलवाल, सुरेश खंडेलवाल-स्व. श्रीमती सरोज खंडेलवाल, स्व. सतीश खंडेलवाल- श्रीमती कुसुम खंडेलवाल, अनिल खंडेलवाल- श्रीमती वंदना खंडेलवाल (पुत्र- पुत्रवधूएं), श्रीमती कुसुम गुप्ता- स्व. महेश कुमार गुप्ता (पुत्री- पुत्रीदामाद), जयदीप- अलका, दिलीप- रितु, विवेक- पिंकी, विनीत- शालिनी, रोहित- दीपा, उमंग- नेहा (पौत्र- पौत्रवधू) रिचा- अभिषेक (पौत्री- पौत्रीदामाद), एवं समस्त पडपौत्र- पडपौत्रवधूएं, पडपौत्रीदामाद एवं समस्त खंडेलवाल परिवार (आगरा वाले)


# राजस्थान सहित 5 इकाईयों को आईओए की तदर्थ समिति ने सुनवाई के लिये बुलाया

**कुश्ती महासंघ चुनाव : महाराष्ट्र, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान की अमान्य ईकाइयों ने हाल ही में तदर्थ समिति से संपर्क करके दावा किया था कि वे मतदाता सूची में सदस्यों को नामित करने के पात्र हैं**

नयी दिल्ली, 19 जून। भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव की तैयारी में जुटी भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति ने सोमवार को पांच विवादित प्रदेश ईकाइयों को 21 जून को सुनवाई के लिये बुलाया है और मतदाता सूची तैयार करने के लिये नामांकन जमा करने की तारीख भी दो दिन के लिये बढा दी है। प्रदेश ईकाइयों को मतदाता सूची तैयार करने के लिये नाम भेजने की तारीख 19 जून दी गई थी जो बढाकर 21 जून कर दी गई है। महाराष्ट्र, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान की अमान्य ईकाइयों ने हाल ही में तदर्थ समिति से संपर्क करके दावा किया था कि वे मतदाता सूची में सदस्यों को नामित करने के पात्र हैं और छह जुलाई को होने वाले चुनाव में उन्हें भाग लेने का अधिकार है। सहायक निर्वाचन अधिकारी तापस कुमार भट्टाचार्य द्वारा जारी एक सूचना में कहा गया ,'' निर्वाचन अधिकारी ने उक्त प्रतिनिधियों को सुनवाई के लिये 21 जून को तीन से चार बजे के बीच बुलाया है।

इसके लिये मतदाता सूची तैयार करने के लिये नामांकन भेजने की सीमा बढाकर 21 जून को रात 12 बजे तक कर दी गई है।'' समझा जाता है कि डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान महासचिव वी एम प्रसूद भी सुनवाई के दौरान मौजूद रहेंगे। डब्ल्यूएफआई ने हरियाणा और महाराष्ट्र की प्रदेश ईकाइयों को जून 2022 में भंग करके नयी ईकाइयों को नियुक्त किया था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार की अध्यक्षता वाली महाराष्ट्र ईकाई ने बंबई उच्च न्यायालय की शरण ली थी जिसने प्रदेश ईकाई को भंग करने के डब्ल्यूएफआई के फैसले को अवैध करार देकर 31 जुलाई को हुए चुनाव भी रद्द कर दिये थे। डब्ल्यूएफआई अधिकारियों ने हरियाणा ईकाई को भंग कर दिया था क्योंकि पदाधिकारी अपने कार्यकाल से अधिक समय तक जमे हुए थे और प्रदेश ईकाई पूरी तरह से निष्क्रिय थी। हिमाचल प्रदेश ईकाई के चुनाव इस साल जनवरी में होने थे लेकिन कुश्ती में जारी घमासान के कारण नहीं हो सके। समझा जाता है कि अधिकांश प्रदेश ईकाइयों ने मतदाता सूची तैयार करने के लिये अपने सदस्यों के नाम भेज दिया हैं। दिल्ली अमैच्योर कुश्ती संघ के प्रतिनिधि अध्यक्ष ओलंपियन जय प्रकाश और महासचिव रमेश पहलवान होंगे।



*चक्रवाती तूफान "बिपरजॉय" के प्रभाव से राजधानी जयपुर में सोमवार को दिनभर सुहावनी बारिश का दौर चला। अलसुबह से ही शहर के आसमान पर काले बादलों ने डेरा डाल रखा था। दिनभर कभी बूंदा-बांदी तो कभी मध्यम बारिश ने भिगोया। इससे एकबारगी तो ऐसा लगा, मानो सावन का मौसम आ गया है। जयपुर परकोटा, एम.आई. रोड, जनपथ और सरदार पटेल मार्ग समेत कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश के कारण कई सड़कों पर पानी जमा हो गया। सोडाला रोड पर अजमेर पुलिया के पास मुख्य सड़क पर पानी भर गया। हालांकि शाम होते-होते कुछ देर के लिए मौसम खुला और धूप भी छायी। मौसम विभाग के मुताबिक, जयपुर में बीते दो दिनों में 21.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है, मंगलवार को भी हल्की बारिश होने की संभावना है।*

# 'कांग्रेस घमण्ड से उन्मादित वामपंथी मानसिकता का शिकार हो गई है'

**भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि, कांग्रेस से क्या उम्मीद की जा सकती है, जिसने राम मंदिर निर्माण की राह में रोड़े अटकाए? वो अब गीता प्रेस गोरखपुर के भी विरोध में उतर आई है**

■ **असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिसवा सरमा ने कहा कि, कर्नाटक में जीत से उन्मादित कांग्रेस ने अब खुले तौर पर भारत के सभ्यतागत मूल्यों और समृद्ध विरासत के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया है, चाहे वह धर्मांतरण विरोधी कानून को रद्द करने या गीता प्रेस के खिलाफ आलोचना के रूप में हो।**

नई दिल्ली, 19 जून। गीता प्रेस गोरखपुर को 2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार मिलने पर कांग्रेस पार्टी ने एतराज जताया है। कांग्रेस ने केंद्र के कदम को उपद्रव जैसा बताया। कांग्रेस के बयान के बाद भाजपा ने भी अब पलटवार किया है।

कांग्रेस द्वारा गीता प्रेस को दिए जाने वाले गांधी शांति पुरस्कार 2021 की आलोचना पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, कांग्रेस से क्या उम्मीद की जा सकती है जिसने राम मंदिर निर्माण की राह में रोड़े अटकाए? जो तीन तलाक का विरोध करती है ... गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार पर उनकी टिप्पणी से ज्यादा शर्मनाक और क्या हो सकता है? हम इसकी निंदा करते हैं। मैं भारी मन से कहना चाहता हूं कि देश पर शासन करने वाली पार्टी में अब माओवादी मानसिकता वाले लोग हैं, वे राहुल गांधी के भी सलाहकार हैं और इसका पूरे देश को विरोध करना चाहिए।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिसवा सरमा ने भी कांग्रेस पर हमला बोला है। हिमंता ने कहा कि कर्नाटक में जीत के साथ ही कांग्रेस ने अब खुले तौर पर भारत के सभ्यतागत मूल्यों और समृद्ध विरासत के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया है, चाहे वह धर्मांतरण विरोधी कानून को रद्द करने या गीता प्रेस के खिलाफ आलोचना के रूप में हो।

हिमंता ने कहा कि कर्नाटक में मिली चुनावी जीत के घमंड में चूर होकर कांग्रेस अब भारतीय संस्कृति पर खुला प्रहार कर रही है।

उन्होंने कहा कि भारत की जनता कांग्रेस को सही जवाब देगी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार 2021 देना सावरकर और गोडसे को पुरस्कृत करने जैसा है। ये फैसला एक उपहास की तरह है।

बता दें कि केंद्र सरकार ने गांधीवादी तरीकों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए गीता प्रेस को सम्मानित किया है।

## जे.डी.यू. गठबंधन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

स्वास्थ्य कारणों से भी वहां जा रहे हैं।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष संतोष मांझी ने महागठबंधन सरकार से समर्थन वापस लेने का एलान किया। उन्होंने इसके लिए सोमवार शाम को बिहार के गवर्नर से मुलाकात का समय भी मांगा था।

जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के महागठबंधन सरकार से अलग होने के बाद आज पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक के बाद हम के अध्यक्ष और जीतन राम मांझी के बेटे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में महागठबंधन सरकार से समर्थन वापस लेने की आधिकारिक औपचारिकता पूरी करने की बात कही। संतोष सुमन ने गठबंधन को लेकर पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि यह निर्णय उनके लिए चुनौती और परीक्षा की घड़ी है।

उन्होंने कहा कि पार्टी की बेहतरी और उसे बढ़ाने और विस्तार के लिए जो भी निर्णय होगा, वह उस पर विचार करेंगे। संतोष सुमन ने कहा कि अभी फिलहाल वे (पार्टी के प्रमुख नेता) दिल्ली जा रहे हैं और ऐसा नहीं है कि हम लोगों ने गठबंधन को लेकर फैसला कर लिया है। अभी हमारे विकल्प खुले हुए हैं।

उन्होंने कहा कि अगर एन.डी.ए. के नेताओं की तरफ से उन्हें बुलावा आया तो उनसे भी बात करेंगे, लेकिन हम एक थर्ड फ्रंट की भी बात करेंगे। बहुत सारी अन्य पार्टियां, एन.जी.ओ. और सामाजिक विकासकर्ता हैं, उनसे भी हमारी बात होगी और इसका जो भी परिणाम होगा, वह तीन-चार दिन में आपको बता दिया जाएगा।

# 'जयराम रमेश ने भारत की आध्यात्मिक सोच और परम्परा का अपमान किया है'

**विश्व हिन्दू परिषद ने जयराम रमेश के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की**

■ **विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने एक बयान में कहा, मुझे दुःख है कि, कांग्रेस अभी तक अपनी औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त नहीं हुई है। उनका यह बयान भारतीय आध्यामिकता एवं परम्परा का बड़ा अपमान है।**

नई दिल्ली, 19 जून (वार्ता)। विश्व हिंदू परिषद ने गीता प्रेस को वर्ष 2021 का गाँधी शान्ति पुरस्कार दिये जाने के विरोध में कांग्रेस के प्रवक्ता जयराम रमेश के बयान को दुःखद और औपनिवेशिक मानसिकता से ग्रस्त करार दिया है।

विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने सोमवार को एक बयान में कहा, मुझे दुःख है कि कांग्रेस अभी तक अपनी कोलोनियल मानसिकता से मुक्त नहीं हुई। कितना घटिया बयान है कि यह कहा जाए कि, यह सम्मान सावरकर और गोडसे का आदर है।

उन्होंने कहा कि 100 वर्षों से गीता प्रेस ने निःस्वार्थ एवं निष्ठा भाव से भारतीय सद्-साहित्य, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक साहित्य बहुत साधारण मूल्यों पर जन सामान्य को उपलब्ध कराया है। भाषा, व्याकरण और शब्दावली की उत्कृष्टता, छपाई की उत्तमता, बिना विज्ञापन लिए पुस्तक और पत्र-पत्रिकाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम उन्होंने किया है। उनको गांधी शांति पुरस्कार मिलना हनुमान प्रसाद पोद्दार और जयदयाल गोयनका जैसे लोगों की साधना की स्वीकार्यता ही है।

विहिप कार्याध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा इसकी गोडसे से तुलना करना पूरे भारतीय आध्यात्मिक वांग्मय का अपमान करने के समान है। उन्होंने सवाल किया, कांग्रेस आखिर कौनसी मानसिकता से ग्रस्त हैं? चर्च की या मस्जिद की! मैं समझता हूं कि कांग्रेस का ये बयान देश के लिए हताशा और अपमानजनक बयान है। मैं इसकी निंदा करता हूँ और गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस को दिए जाने पर सरकार को साधुवाद देता हूँ।

गौरतलब है कि, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने हिंदू धर्म ग्रंथों पर करोड़ों पुस्तकों के प्रकाशक गीता प्रेस गोरखपुर को गांधी शांति पुरस्कार देने का विरोध करते हुए इस पर तीखी टिप्पणी की है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सरकार के गीता प्रेस को यह पुरस्कार देने के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया की है। उन्होंने कहा कि गीता प्रेस को 1921 का गांधी शांति पुरस्कार देना विनायक दामोदर सावरकर और महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को सम्मानित करने जैसे है।

इससे पहले सरकार ने सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गीता प्रेस गोरखपुर को गांधी शांति पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# अमेरिका जाने से पहले मणिपुर हिंसा पर प्र.मंत्री चुप्पी तोड़ेंगे अथवा नहीं

■ **कांग्रेस महासचिव संगठन के.सी. वेणुगोपाल ने सवाल किया, मणिपुर 49 दिनों से जल रहा है, 50वें दिन क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस संकट पर एक शब्द भी बोले बिना विदेश चले जाएंगे?**

नई दिल्ली, 19 जून (वार्ता)। पिछले 49 दिन से हिंसा में जल रहे मणिपुर को लेकर कांग्रेस ने उम्मीद जताई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश दौरे पर जाने से पहले इस संकट के समाधान को लेकर चुप्पी तोड़ेंगे।

कांग्रेस महासचिव संगठन के.सी. वेणुगोपाल ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि मणिपुर पिछले 49 दिन से हिंसा की चपेट में है और 50वें दिन मोदी विदेश यात्रा पर जा रहे हैं इसलिए पार्टी को उम्मीद है कि वह मणिपुर में शांति बहाली पर मौन तोड़ेंगे और संकट के समाधान के लिए जरूरी कदम उठाएंगे।

उन्होंने सवाल किया ,मणिपुर 49 दिनों से जल रहा है। 50वें दिन क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस संकट पर एक शब्द भी बोले बिना विदेश चले जाएंगे। सैकड़ों लोग मारे गए, हजारों बेघर हो गए, अनगिनत चर्च और पूजा स्थल नष्ट हो गए और संकटग्रस्त राज्य का प्रशासन समस्या का समाधान नहीं निकाल पा रहा है। मामला अब और भी बदतर बनता जा रहा है और हिंसा अब मिजोरम में भी फैल रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा ,पिछले कई दिनों से मणिपुरी मामले में प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने के लिए समय मांग रहे हैं लेकिन मोदी सरकार की उपेक्षा का हर गुजरता दिन इस विश्वास की पुष्टि करता है कि मोदी और उनके नेतृत्व वाली भाजपा मणिपुर संकट का समाधान खोजने के बजाय संघर्ष को लंबा करने में रुचि रखते हैं। सवाल है कि स्वयंभू विश्वगुरु कब सुनेंगे मणिपुर की बात। शांति की सीधी-सादी अपील करने के लिए वे देश से कब बात करेंगे। वे कब केंद्रीय गृह मंत्री और मणिपुर के मुख्यमंत्री से शांति स्थापित करने में पूरी तरह विफल रहने के लिए जवाबदेही की मांग करेंगे।

## जो कभी भारत को ....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अपने समय में 19 सदी के यूरोपियन देशों की ताकतों के पुराने संतुलन के मामले में वैश्विक राजनीति की परिकल्पना की थी। यह मुट्ठी भर अग्रणी देशों की ताकत का प्रदर्शन था। लेकिन अब वे देश इतिहास बन चुके हैं तथा पश्चिमी दुनिया के वे अग्रणी देश आगे की पंक्ति में नहीं रहे हैं।

आज की दुनिया में, भारत के विदेश मंत्री जयशंकर "बड़ी ताकतों- मुख्यतः अमेरिका, चीन, रूस तथा भारत को उभरती हुई भूमिका में देख रहे हैं। इस गतिशील दौर में, भारत विभिन्न देशों से अवसरानुकुल विभिन्न मुद्राओं में जुड़ेगा। सौ वर्ष होने के बाद भी अन्तर्राष्ट्रीय कूटनीति में हेनरी किसिंजर को एक मजबूत हस्ती माना जाता है और संवेदनशील अन्तर्राष्ट्रीय मसलों पर राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री अभी भी उनकी राय लेते हैं।

एक प्रतिष्ठित पत्रिका "द इकोनॉमिस्ट ऑफ लंदन को दिए गए एक इंटरव्यू में उन्होंने जो कहा उसे नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व उठाया जा रहा है। अपने दिनों में किसिंजर ने गत सदी की कूटनीति के प्रोफाइल को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। उन्होंने चीन को दुनिया के लिए सुलभ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी व अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन को चीन ले गए थे और चीन व अमेरिका के कूटनीतिक रिश्ते बहाल किए थे।

जब अमेरिका चीन संबंधों की बहाली का दौर चल रहा था उन दिनों फोटोग्राफर्स में अनायास ही एक तस्वीर ले ली थी जो काफी चर्चित हुई। तस्वीर में रिचर्ड निक्सन माओत्से तुंग को ओवरकोट पहनने में मदद करते दिख रहे थे। इस समय भारत पर किसिंजर का ध्यान जाना विश्व महाशक्तियों की लीग में भारत के आगमन का संकेत है।

अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य में आर्थिक सुधार से भारत की स्थिति में इतना भारी परिवर्तन आया है। आर्थिक सुधार लागू करने के बाद से भारत के आर्थिक विकास की शुरुआत हुई थी। वर्ष 1992 में नरसिम्हा राव की सरकार के सत्ता में आने के साथ आर्थिक सुधार लागू हुए थे। उसके बाद से आर्थिक सुधार के मार्ग से भारत ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

भारत अभी विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जल्दी ही यह चीन और जापान को पीछे छोड़ देगा। देश का बाजार इतना बड़ा है कि कोई भी बहुराष्ट्रीय कंपनी इसे अनदेखा नहीं कर सकती है। चीन के उग्र रुख के कारण अन्तर्राष्ट्रीय सप्लाई चेन्स में बदलाव आ रहा है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत को मुख्यधारा में ला रहा है।

## राहुल गांधी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उनकी मां पार्टी नेतृत्व में अपने-अपने पदों पर बने रहे।

2017 के अंत में, जब सोनिया गांधी ने पार्टी के नेता पद से हटने का निर्णय लिया, वे कांग्रेस पार्टी के नेता बन गये।

नेहरू-गांधी वंश की चौथी पीढ़ी के रूप में, अन्य बातों के अतिरिक्त, उनके "अभिजात्य एवं गैर गंभीर" होने के लिये उनकी आलोचना भी हुई। शिव, जो हिन्दुओं के सबसे बड़े देवताओं में से एक माने जाते हैं, की भक्ति के प्रदर्शन को लेकर, भाजपा सदस्यों तथा उनकी अपनी पार्टी के लोगों ने भी उनकी आलोचना की।

लेकिन पिछले आम चुनावों में मिली हार के बाद भी वे अडिग बने रहे तथा अब तक अपने सिद्धांतों एवं संविधान में आस्था के मामले में वे अटल बने हुये हैं। पूरे देश की 4080 किमी लम्बी भारत जोड़ो यात्रा, जो 150 दिन तक चली थी, करके उन्होंने अपने नेतृत्व के गुणों को स्थापित कर दिया है तथा कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी की जीत में काफी हद तक योगदान दिया है।

# यू.पी., बिहार व झारखण्ड में हीट वेव, सौ की मौत

**एक तरफ देश के कई राज्यों में सायक्लोन के कारण हो रही बारिश ने मौसम खुशनुमा बना दिया है तो वहीं देश के चार राज्य हीट वेव की परेशानी से जूझ रहे हैं**

नई दिल्ली, 19 जून। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा समेत देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और प्रचंड लू का कहर जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, चार राज्यों में बीते चार दिनों में हीट वेव के चलते 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। यूपी के बलिया के जिला अस्पताल में ही 24 घंटे में 14 और लोगों की जान चली गई। इससे चार दिन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 68 हो गई है। बलिया जिला अस्पताल में अप्रत्याशित रूप से मरीजों की मौत का सिलसिला लागातार जारी है। इसे लेकर लखनऊ से आई जांच टीम ने विभिन्न बिंदुओं पर जांच की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जयंत कुमार ने बताया कि बलिया में गर्मी ज्यादा है। इसकी वजह से इनडोर मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है।

बिहार की बात करें तो यहां भी भीषण गर्मी कहर बनकर टूटी है। लू के साथ-साथ लोग उल्टी, दस्त व बुखार जैसी बीमारी से पीड़ितों की संख्या बढ़ती जा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में लू से अब तक मौत का आंकड़ा 44 पहुंच गया है। हालांकि, इसे लेकर अभी तक कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। मृतकों में कई पहले से बीमार बताए जा रहे हैं।

बलिया जिला अस्पताल में गत 18 जून को 178 मरीज भर्ती हुए थे, जिनमें 14 मरीजों की मौत पिछले चौबीस घंटों में हो चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मरने वाले लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रसित थे। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में मरीजों की देखभाल की जा रही है। यहां पर्याप्त मात्रा में दवाइयों व कूलर, पंखों की व्यवस्था की गई है। लखनऊ से मृत्यु के कारणों की जांच करने आई जांच टीम लागातार मामले की जांच कर रही है। टीम जिन क्षेत्रों से ज्यादा मरीज आएं हैं वहां जांच करने गई है। उन्होंने बताया कि टीम ने जल व मरीजों के रक्त, यूरीन आदि के नमूने लिए हैं और उन्हें जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।

## इंडिगो 500 नई...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बिलियन डॉलर की डील हो सकती है।

यह खरीददारी ऐसे समय में हो रही है जब एविएशन इंडस्ट्री में देश की ज्यादातर एयरलाइन कंपनियां संघर्ष कर रही हैं। आर्थिक तंगी की वजह से गो फर्स्ट एयरलाइन स्वैच्छिक दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही है। वहीं, स्पाइसजेट के खिलाफ भी कई कंपनियों ने दिवाला प्रक्रिया के लिए आवेदन किया है। ये कंपनियां लीज पर विमान दी हुई हैं। ऐसे में यह एयरबस को किसी भी एयरलाइन की तरफ से दिया गया सबसे बड़ा विमान ऑर्डर है।

इंडिगो एयरलाइन ने इस ऑर्डर को लेकर बताया कि विमानों की डिलीवरी साल 2030 से 2035 के बीच होने की उम्मीद है। इंडिगो ने कहा, "यह 500 विमानों का ऑर्डर न केवल इंडिगो का सबसे बड़ा ऑर्डर है, बल्कि एयरबस के साथ किसी भी एयरलाइन द्वारा सबसे बड़ा एकमुश्त विमान खरीद भी है।" कंपनी ने कहा कि इन 500 विमानों के लिए इंजन का चयन समय के साथ किया जाएगा; इनमें ए320 और ए321 विमान शामिल रहेंगे। वहीं, एयरबस ने अपने ट्विटर अकाउंट पर बताया कि कॉमर्शियल एयरलाइन के इतिहास में यह सबसे बड़ी खरीद है।

इससे पहले एयर इंडिया ने फरवरी महीने में 470 विमान खरीदने की ऐतिहासिक घोषणा की थी। इनमें 250 विमान एयरबस और 220 विमान बोइंग से खरीदा जाना है। इसके अलावा दो विमान निर्माताओं से अतिरिक्त 370 विमान खरीदने का भी विकल्प है। एयर इंडिया ने 17 से ज्यादा वर्षों में पहली बार नए विमानों का ऑर्डर दिया है। एयर इंडिया का स्वामित्व पिछले वर्ष जनवरी में टाटा समूह ने सरकार से लिया था।

इंडिगो के शेयर आज सोमवार को .41 की तेजी के साथ 2,440 रुपये पर बंद हुए हैं। कंपनी के शेयर इस साल में 19.41 चढ़ा है। पिछले एक साल में यह शेयर 57.48 और पिछले पांच साल में 105.96 का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इंडिगो के शेयर का 52 वीक लो प्राइस 1,513.30 रुपये और इसका 52 वीक हाई प्राइस 2,488 रुपये है। इसका मार्केट कैप 94,073.49 करोड़ रुपये का है।

## 'बी.पी.एल. परिवारों को चावल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

परिस्थिति के लिये तथा प्राइस लाइन को संतुलित बनाये रखने के लिये खाद्यान्न की जरूरत है। भाजपा का मानना है कि अगर चावल की कीमतें बढ़ती हैं तो वह भाजपा के लिये अच्छी बात नहीं होगी, उसके हित में नहीं होगी।

कांग्रेस, जिसने चुनावों से पहले जनता की सोच को बदलकर अपने अनुकूल करने के लिये जी-जान लगा दिया था, अब केन्द्र सरकार को कर्नाटक वासियों के दुश्मन के रूप में प्रस्तुत करने में कोई अवसर हाथ से नहीं जाने दे रही है तथा इस काम में देर भी नहीं लगा रही है। कांग्रेस नेता जनता को बार-बार यह याद दिलाते नहीं थकते कि भाजपा अपनी उन धमकियों को सच करके दिखा रही है कि अगर कर्नाटक के लोगों ने भाजपा को वोट नहीं दिये, तो वे केन्द्र का संरक्षण खो बैठेंगे।

आप के प्रांतीय संयोजक रेड्डी ने कहा कि जैसे ही उनकी पार्टी को यह दिखाई दिया कि केन्द्र सरकार गरीबों के लिये जरूरी खाद्यान्न को लेकर राजनीति कर रही है, उनकी पार्टी ने पेशकश का कदम आगे बढ़ा दिया। आप के प्रांतीय संयोजक ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री इस संकट के समय कर्नाटक की मदद करने तथा यह सुनिश्चित करने को तुरंत तैयार हो गये कि राज्य सरकार अपनी कल्याणकारी योजनाएं जारी रख सके। रेड्डी ने बेंगलुरू में पत्रकारों से यह भी कहा कि अन्न भाग्य स्कीम के लिये चावल की कमी की समस्या को पराजित करने के लिये पंजाब राज्य कर्नाटक को पूरा सहयोग प्रदान करेगा। लेकिन उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर यह दोषारोपण करने का अवसर भी खोया कि उसने बिना किसी तैयारी के वादे कर दिये थे तथा जल्दबाजी में गारंटी दे दी थी।

लेकिन उन्होंने घोर निन्दा को तो भाजपा के इस रूख और सोच के लिये सुरक्षित रख छोड़ा था कि भाजपा कर्नाटक के गरीब लोगों की जरूरतों के मामले में भी राजनीति खेल रही है।

# बाइडन प्रशासन में 130 भारतीय हैं तथा अमेरिका की 1.3 प्रतिशत आबादी भारतीय मूल की है

**2010 के बाद अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की संख्या में 40 प्रतिशत का इजाफा हुआ है**

■ **अमेरिकन कम्युनिटी सर्वे के डेटा के अनुसार, भारतीय मूल के कम से कम 4.1 मिलियन लोग अमेरिका में रहते हैं, जो अमेरिकी आबादी का 1.3 प्रतिशत है और मैक्सिकन अमेरिकन्स के बाद अमेरिका में दूसरा सबसे बड़ा आप्रवासी समूह है।**

नई दिल्ली/वॉशिंगटन, 19 जून। भारतीय मूल के लोगों ने अमेरिका में अपनी राजनीतिक पकड़ को काफी मजबूत बना लिया है। गौरतलब है कि, जो बाइडन की सरकार भारत के प्रधानमंत्री का राजकीय स्वागत कर रही है। एशिया के लोगों के बीच, भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं का हिस्सा सबसे अधिक है और राजनीतिक रूप से भी यह काफी सक्रिय है। बाइडन प्रशासन में प्रमुख पदों पर भारतीय-अमेरिकियों का उच्च प्रतिनिधित्व देखने को मिल रहा है। पूरे प्रशासन में वरिष्ठ पदों पर 130 से अधिक भारतीय अमेरिकी हैं, जिनमें से कई उच्च रैंकिंग वाले व्हाइट हाउस में पदों पर सेवारत हैं, जिनमें पहले कभी अप्रवासियों का कब्जा नहीं हुआ करता था।

अमेरिकन कम्युनिटी सर्वे के डेटा का कहना है कि भारतीय मूल के कम से कम 4.1 मिलियन लोग अमेरिका में रहते हैं, जो अमेरिकी आबादी का 1.3 प्रतिशत है और मैक्सिकन अमेरिकियों के बाद अमेरिका में दूसरा सबसे बड़ा अप्रवासी समूह है।

प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका की पिछली यात्राओं के दौरान भारतीय समुदाय के बड़ी संख्या में लोग मैडिसन स्क्वायर और ह्यूस्टन पहुंचे थे। हालांकि इस बार समय की कमी के कारण भारतीय समुदाय के सदस्यों को प्रधानमंत्री के साथ बिताने के लिए सिर्फ एक घंटा का ही समय मिलेगा। 23 जून को, राजकीय दौरे पर अपनी आधिकारिक व्यस्तताओं को पूरा करने के तुरंत बाद और अपने मिस्त्र की यात्रा को शुरू करने से पहले। पी.एम. मोदी रीगन सेंटर, वाशिंगटन डी.सी. में 1,000 अमेरिकी भारतीयों की एक सभा को संबोधित करेंगे।

इंडियन अमेरिकन कम्युनिटी फाउंडेशन के अध्यक्ष भरत बरई ने हुए कहा है कि प्रधानमंत्री के पास संबोधन के लिए सिर्फ एक घंटे का समय होगा क्योंकि वह जल्द ही मिस्त्र के लिए रवाना होने वाले हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सिख समूह, दाउदी बोहरा समुदाय, महाराष्ट्र मंडलों, गुजराती समाज, डॉक्टरों के संघों, मोटल मालिकों के संघों, तेलुगु और तमिल समूहों के समुदाय के नेताओं और कई अन्य लोग इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका मैरी मिलिगेन के राष्ट्रगान गाने की संभावना है, जबकि रिया पवार अमेरिकी गान गाएंगी। वास्तव में, भारतीय-अमेरिकी समुदाय समूह शिकागो में प्रधानमंत्री की मेजबानी करने की उम्मीद कर रहे थे और उन्होंने पहले ही तीन स्टेडियम बुक कर लिए थे। लेकिन, चूंकि राजकीय यात्रा दो दिनों के लिए निर्धारित थी और उसके तुरंत बाद पी.एम. मोदी की मिस्त्र की यात्रा थी। शिकागो में कार्यक्रम की योजना को रद्द कर दिया गया है। पेंसिल्वेनिया, फ्लोरिडा और ओहियो जैसे कई प्रमुख राज्यों में भारतीय-अमेरिकी समुदाय की अच्छी खासी उपस्थिति है, जो राष्ट्रपति पद का फैसला करने के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं। लगभग 1.8 मिलियन भारतीय अमेरिकी हैं, जिनके वोट एरिजोना और विस्कॉन्सिन जैसे राज्यों में महत्वपूर्ण हैं और चुनाव को एक या दूसरे तरीके से मदद कर सकते हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

## संक्षिप्त

### तीन घंटे बिजली बाधित रहेगी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** मंगलवार को सुबह 6 बजे से 9 बजे तक 132 जालपाली श्रीमाधोपुर में रखरखाव व मरम्मत कार्य करने के लिए 3 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता भावेश गुप्ता ने बताया कि इनके अधीन आने वाले जी एस एस तीजावाला जोहड़ा, श्रीमाधोपुर, डेरारामसागर, हांसपुर, बस्सी, जोरावरनगर, कंचनपुर, तिवाड़ी की ढाणी, निमड़ावाली, खेड़ी, मऊ, बागरियावास, नांगल, पृथ्वीपुरा, होल्याकाबास व इनके आस पास के गांव व ढाणीयों कि विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। बिजली कटौती से होने वाली असुविधा के लिए खेद हैं।

### समर कैंप का समापन

**टोंक, (निसं)।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में 15 मई से लगाए गए समर कैंप का 19 जून को समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता मंजू गर्ग ने की और सीता सिंघल द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। मंजू गर्ग ने बताया की एक महीने से अधिक चले इस समर कैंप में 100 से अधिक महिलाओं और बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस समर कैंप में प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक मेहंदी, पार्लर कोर्स, ढोलक बजाना, गिटार, हारमोनियम और डांस सिखाया गया। मेहंदी रानू चौरसिया, ढोलक हजरत अली उर्फ गुड्डू भाई डांस सोनू पालीवाल ने सिखाया।

### भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आज

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के मौहल्ला बुचाहेड़ा स्थित भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर का वार्षिकोत्सव मंगलवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। मंदिर महंत एड. मुकलेश दीक्षित ने बताया कि मंगलवार को प्रातः श्री गणेश पूजन के साथ भगवान श्री जगन्नाथ का अभिषेक किया जायेगा। जिसके बाद भगवान श्री जगन्नाथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। रथ यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर विसर्जित होगी। जहां भगवान की महाआरती उतारी जायेगी। इसके बाद विशाल भण्डारे का आयोजन होगा।

### ओ.एस.डी. शुक्ला को ज्ञापन सौंपा

**दूदू, (निसं)।** अभिभाषक सघं दूदू के प्रतिनिधि मण्डल ने विशेषाधिकारी जिला दूदू को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपकर उपखण्ड अधिकारी भूपेन्द्र यादव के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार व अनियमिता की जांच करवाये जाने व स्थानान्तरण कराने की मांग की है। उधर सरपंच संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में सरपंचों ने भी शुक्ला को ज्ञापन सौपंकर उपखण्ड अधिकारी भूपेन्द्र यादव को यथावत रखने एवं व कार्य शैली की जांच कराने की मांग की है।

### पांच उपस्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर के प्रयासों व अनुशंसा पर चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमरपुरा, गणेशपुरा बाछडी, कांकराणा बडा, तालूकाबास, महासिंहकाबास में उपस्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत किए हैं। इस पर ग्रामीणों ने चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा व विधायक इंद्राज गुर्जर का आभार जताया।

### थानाधिकारी ने पदभार संभाला

**मालपुरा, (निसं)।** जिला पुलिस अधिक्षक राजर्षि राज द्वारा बीते दिनों जारी आदेशों में मालपुरा थानाधिकारी भूराराम खिलेरी का स्थानान्तरण टोडारायसिंह कर देने के बाद सोमवार को खिलेरी को मालपुरा थाने से रिलिव कर विदाई दी गई तथा पुलिस लाईन से मालपुरा थानाधिकारी बृजेन्द्र सिंह राठौड़ ने विधिवत पदभार संभाला। तो वहीं भूराराम खिलेरी ने भी टोडारायसिंह थानाधिकारी का पदभार संभाला।

### योग शिविर का आयोजन

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से एमजेएम मीनीक्षी अग्रवाल द्वारा दिलीप सिंह राठौड़ पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग एरोबिक्स के माध्यम से शरीर की कोशिकाओं में ऊर्जा भरने और फिर स्ट्रेचिंग से ब्लॉक ऊर्जा को प्रवाहित करने के तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान बी के लक्ष्मी, बी के मीना, बी के प्रियंका बहन समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पावटा में बारिश से घरों और दुकानों में भरा पानी

**पावटा, (निसं)।** कस्बे में दो दिन से हो रही बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात दिलाया वहीं यह बारिश कुछ लोगों के लिए मुसीबत बन के आई।

दरअसल पावटा कस्बे की यह हालत है कि जरा सी बारिश के बाद सड़कों पर जल भराव हो जाता है जिससे यहां का जनजीवन अस्तव्यस्त हो जाता है। लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर जाता है जिससे उन्हें मुसीबत का सामना तो करना पड़ता है। लोगों ने कई बार जलभराव की शिकायत प्रशासन और नगरपालिका से की लेकिन बरसों से यह समस्या जस की तस है। लोगों की माने तो शहर के नाले कचरे से अटे पड़े हैं, जिसके चलते पानी सड़कों पर जमा हो गया। अगर कुछ दिन इसी तरह बारिश ओर आई तो पानी से हालात बिगड़ भी सकते है। नालों की सफाई नहीं होने से बारिश से भरे पानी के बाद नालों की गंदगी निकलकर भी सड़कों पर आ गई। वहीं प्रशासन द्वारा 17 व 18 जून को चक्रवाती तूफान बिपरजॉय में तेज गति की आवाज के साथ भारी बारिश की संभावना के चलते निर्देशॉं के बावजूद प्रशासन द्वारा जल भराव की समस्या के समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं किये गए हैं।

■ भारी बारिश की संभावना के निर्देशों के बावजूद प्रशासन द्वारा जल भराव की समस्या का कोई समाधान नहीं किया



पावटा में दो दिन से हो रही बारिश से सड़कों पर पानी भर गया।

## टेऊराम का पांच दिवसीय जन्मोत्सव शुरू

**खैरथल, (निसं)।** प्रेमप्रकाश सम्प्रदाय के संस्थापक सतगुरु स्वामी टेऊराम महाराज का 137वां जन्मोत्सव सोमवार से श्रद्धा और भक्ति भाव से शुरू हुआ। भारत सहित दुनिया में स्थापित सभी प्रेमप्रकाश आश्रमों में मनाए जा रहे वाले पांच दिवसीय जन्मोत्सव खैरथल में प्रेमप्रकाश आश्रम (डिब) पर भी आयोजित किया गया है। आश्रम के प्रभारी संत हरि सांई ने बताया कि सोमवार को पाठों का आरंभ, 7 से 8.30 बजे और सांय 5 से 7 बजे सत्संग व चालीहा पाठ हुआ। प्रतिदिन इसी समय सत्संग व चालीहा पाठ होगा।

तृतीय दिन सांय 5से 7 बजे तक भगवान झूलेलाल का बहराणा साहिब व हाथप्रसादी होगी। चतुर्थ दिन 22 जून को प्रातः 11 बजे ब्रह्मभोज और सांय 56 केक का प्रसाद वितरण होगा। पांचवें दिन 23 जून को सुबह पाठों का भोग, 9 बजे कन्या वंदन,सांय 5 बजे सत्संग, चालीहा पाठ, जन्मसाखी, भक्तिमय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, शहनाई वादन के बाद भंडारा होगा।

## सार-समाचार

### थड़ी व ठेला संचालकों ने विरोध जताया



**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे में जिला कलेक्टर के आदेश के बाद नगर पालिका प्रशासन द्वारा अस्थाई अतिक्रमण हटाने के दौरान हाथ, थड़ी व ठेला संचालकों ने विरोध जताते हुए आरोप लगाया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा 6 सितंबर 22 को लिखित में समझौता होने के बावजूद भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा हाथ, थड़ी व ठेला संचालकों को परेशान करते हैं अस्थाई अतिक्रमण के नाम पर जुर्माना वसूला जाता है। कई बार जब्त कर नगर पालिका में ले जाते हैं। यह गरीबों के साथ अन्याय है। कस्बे के सौ से अधिक थड़ी ठेला संचालक न्याय की मांग को लेकर नगरपालिका पहुंचकर विरोध जताकर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन नगर पालिका प्रशासन को दिया गया। इसके साथ ही नगर पालिका प्रशासन द्वारा जल्द जल्द समस्या का समाधान नहीं किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेवारी प्रशासन की होगी।

### डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ



**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** कालाडेरा पशु चिकित्सालय के पास विनायक कॉम्पलेक्स में नव प्रतिष्ठान यादव डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ सोमवार को विधिवत रुप से पूजा अर्चना कर जानकीदास महाराज, चौमूं विधायक रामलाल शर्मा गोविन्दगढ पंचायत समिति प्रधान रामसरूप यादव एवं पीसीसी सचिव डॉ शिखा मील बराला, रुक्ष्मणी कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा बंधवाकर माला पहना कर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया। डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक अमर चन्द यादव ने बताया कि डायग्नोस्टिक सेंटर पर अतिआधुनिक मशीनों से हार्मोंस व डिजिटल एक्स - रे रिपोर्ट सहित अन्य जांचें की जायेगी। इस दौरान सुषमा यादव, डॉ राम नारायण यादव, डॉ. डी सी काबरा, डॉ अमर चंद शर्मा, राजस्थानी कॉमेडी काका, कजोड़, ओमप्रकाश धामाणी, कालाडेरा सरपंच अशोक कुमार शर्मा, गोविन्दगढ पंचायत समिति के पूर्व उपप्रधान ओमप्रकाश कुमावत, डॉ अपूर्व गौड़, लालाराम दूत, ओमप्रकाश यादव, अशोक खोज, सचिन शर्मा, राकेश कुमावत सहीत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बालाजी मंदिर पर यज्ञ शुरू



**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** हरसोरा के कुंड वाले बालाजी हनुमान मंदिर पर सर्वसमाज सहित ग्रामीणों के सहयोग से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रीराम हनुमत के आशीर्वाद के लिए विश्व कल्याणार्थ 11 कुंडीय नौ दिवसीय श्री राम हनुमान महायज्ञ का श्रीगणेश किया गया। रविवार को गांव की सैकड़ों की संख्या में महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा के बाद सोमवार को श्री कुंड वाले बालाजी हनुमान मंदिर हरसोरा बानसूर पर श्यामदास त्यागी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हुए 11 कुंडीय नौ दिवसीय महायज्ञ में धर्म ध्वजा की प्रतिष्ठा के सम्मान में पवित्र यजमान जोड़ों के माध्यम से सामवेद के मंत्रोंच्चारो के गायन से यज्ञ वेदियों में यज्ञाचार्य विकास शास्त्री व ब्रह्माचार्य निर्मल शास्त्री के निर्देशन में यजमान जोड़ो को संकल्प दिलाते हुए मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ का श्रीगणेश किया गया।

## भाजपा की जनाक्रोश सभा आज

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी नगर एवं देहात कार्यकर्ताओं द्वारा आज 20 जून को शाम 5 बजे जन आक्रोश सभा का आयोजन बस स्टैंड चौमूं में जायेगा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय क़ानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया, अलवर सांसद बालकनाथ, सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, मकराना विधायक रूपाराम मुरावतिया शिरकत करेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा करेंगे। जन आक्रोश सभा का आयोजन किसानों से संपूर्ण कर्ज़ माफ़ी का वादा कर की गई वादाखिलाफी, युवाओं के साथ बेरोज़गारी भत्ते का झूठा वादा, पेपर लीक, संविदाकर्मियों को नियमितिकरण का झूठा वादा, मासूम बच्चियों के साथ दरिंदगी की बढ़ती घटनाएँ, लम्पी वायरस से कृषकों की गौ माता की मृत्यु का मुआवज़ा, बिगड़ती क़ानून व्यवस्था, अनुसूचित जाति और जनजाति पर बढ़ते अत्याचार, नगर पालिका चौमूं में पेयजल पाइप लाइन में घोटाला, घटिया सड़क निर्माण, तिरंगा लाइट में 50 लाख का घोटाला, अवैध निर्माण के लिए लाखों रुपया की वसूली, बिना क़ानूनी प्रक्रिया अपनाएं के बदले लाखों रुपया की वसूली, सरकारी कर्मचारियों की स्थानांतरण में लाखों रुपये की लूट, सीवरेज लाइन की समस्या से जूझता चौमूं, टूटी सड़कों पर आए दिन दुर्घटनाएं आदि मुद्दों को लेकर लेकर किया जाएगा।

# मोखमपुरा महापड़ाव को पूर्व सांसद के पुत्र का समर्थन

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर-फुलेरा जिला घोषित किए जाने की मांग को लेकर आगामी 25 तारीख को मोखमपुरा महापड़ाव का खुलकर समर्थन करते हुए पूर्व सांसद डॉ. हरि सिंह के पुत्र व फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार रहे विद्याधर चौधरी ने कहा कि महापड़ाव को लेकर दूदू विधायक बाबूलाल नागर द्वारा दी गई खुली चुनौती से हम घबराने वाले नहीं हैं।

एक मुख्यमंत्री के सलाहकार होने के बावजूद इस प्रकार का घमंड दिखाना सरकार को सीधे तौर पर कठघरे में खड़ा करने का काम कर रहे हैं। क्षेत्र के साथ किसी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सांभर -फुलेरा जिले के हकदार हैं और यह हक की लड़ाई हमारी जारी रहेगी। उन्होंने नागर को चेतावनी देते हुए यह भी कहा कि हमने अपनी मां का दूध पिया है इसकी याद दिलाने की जरूरत नहीं है। नागर द्वारा की गई अनर्गल टिप्पणी व बयान के लिए सांभर फुलेरा की जनता के बीच आकर सार्वजनिक रूप से से खंडन करें, माफी मांगें। आगामी 25 तारीख को 50 हजार लोग छाती पर बैनर लगाकर "हां हमने अपनी मां का दूध पिया है" के साथ प्रदर्शन करेंगे। मोखमपुरा महापड़ाव को सफल बनाएंगे और आजादी से पहले जो हमारे जिले की मांग चल रही है उसका हक भी लेकर रहेंगे। आगामी 25 तारीख को महापड़ाव के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, व्यापार महासंघों, सामाजिक संगठनों, साधु संत और महंत के अलावा फुलेरा विधानसभा क्षेत्र गणमान्य लोगों की ओर से भी खुला समर्थन दिया गया है। इसमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी मानाराम ठोलिया व जोबनेर के पूर्व चेयरमैन फूलचंद मीणा सहित अनेक ने महापड़ाव में शामिल होने की घोषणा की है।

■ 'हां हमने अपनी मां का दूध पिया है' के बैनर लगाकर प्रदर्शन करेंगे : विद्याधर चौधरी

# लालसोट क्षेत्र में नौ उपस्वास्थ्य केन्द्रों की स्वीकृति जारी

**रामगढ़ पचवारा/ लालसोट, (निसं)।** बजट घोषणा की क्रियान्विति में लालसोट विधानसभा क्षेत्र में नौ नवीन उपस्वास्थ्य केन्द्रों के स्वीकृति मिलने पर स्थानीय लोगों को बड़ी सौगात मिली है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने लालसोट विधानसभा क्षेत्र में नौ उपस्वास्थ्य केन्द्र के स्वीकृति को लेकर कहा कि प्रत्येक नागरिक को ग्रासरूट लेवल तक चिकित्सा सेवाएं सुलभ कराना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि लालसोट पंचायत समिति के बडेखण किराडी डिवांचली कला खुर्रा तथा रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति के श्रीया मानपुरिया मोहम्मदपुरा, नौरंगपुरा व डाबर कलां गांवों में एक एक नवीन उपस्वास्थ्य केन्द्र खोले जाएंगे। मीणा ने बताया कि इन उपस्वास्थ्य केन्द्रों में एक एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के नवीन पदों कुल नौ पद के सृजन की भी स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष की पिटाई का वीडियो वायरल

**लालसोट, (निसं)।** खंड मुख्यालय के राजकीय कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रहे एक युवक का नग्न कर पिटाई करने का वीडियो तेजी वायरल से हो रहा है। छात्रसंघ अध्यक्ष रहे युवक को नग्न कर पिटाई का वायरल वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है।

यह वायरल वीडियो 15 जून की रात का बताया जा रहा है। यह वीडियो उस समय का है जब युवक खुद की तथाकथित विवाहित प्रेमिका से मिलने उसके ससुराल कुनकटा ग्राम पहुंचा था। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रहे इस युवक का पहले से ही प्रेम प्रसंग होने के कारण वहां आना जाना रहता था।

वहीं किसी शरारती तत्व को इस मामले की खबर लगने के कारण वह पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं उसकी तथाकथित विवाहिता प्रेमिका पर निगाहें बनाए हुए था। जहां 15 जून की रात जैसे ही पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष खुद की तथाकथित प्रेमिका के घर पहुंचा तो पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं उसकी तथाकथित विवाहिता प्रेमिका को लोगों द्वारा संदिग्ध हालत में ही पकड़ लिया गया। इसके बाद पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष युवक की जमकर पिटाई की गई एवं उसे एक पेड़ से बांध दिया गया। इसी के साथ पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष के साथ संदिग्ध अवस्था में विवाहिता के पकड़े जाने के बाद विवाहिता के साथ भी मारपीट की गई। वहीं अर्ध नग्न अवस्था में तथाकथित प्रेमी के साथ पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष की तथाकथित विवाहिता प्रेमिका का मदद मांगने का गुहार लगाने का वीडियो वायरल हो रहा है।

वह इस मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार सामाजिक पंचायत की बैठक हुई एवं बिना किसी कानूनी कार्रवाई के बाद समझौता वार्ता कर मामले को रफा-दफा कर दिया गया। लेकिन पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं उसकी तथाकथित प्रेमिका के साथ की गई बर्बरता एवं किए गए हैं मानवीय बर्ताव के बाद प्रमाण स्वरूप इस वीडियो के वायरल होने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई कदम नहीं उठाने को लेकर भी काफी चर्चाओं का दौर जारी है।

■ प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है मामला

## मालपुरा क्षेत्र में बारिश से दो कच्चे मकान गिरे

**मालपुरा, (निसं)।** चक्रवाती तुफान के दौरान बीते 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश से जहां जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया तो मालपुरा व टोडारायसिंह क्षेत्र में कच्चे मकान गिरने से दो भैंस व छह बकरियों की मौत हो गई।

लाम्बाहरिसिंह के देवल गांव में बालु कुम्हार का कच्चा मकान धराशाही हो जाने से दो भैंसों की मौके पर मौत हो गई। टोडारायसिंह की पहाड़ी में हुए भूस्खलन से बिसलपुर देवली मार्ग अवरूद्ध हो गया। पहाड़ का एक बड़ा भाग धराशाही हो बीसलपुर-देवली सड़क मार्ग पर गिर जाने के दौरान वाहनों की आवाजाही नहीं होने से बड़ा हादसा होने से टल गया।

इसी क्रम में टोडारायसिंह थाना क्षेत्र के रामसिंहपुरा गांव में मानसिंह का कच्चा मकान गिर जाने से छह बकरियों की मौत हो गई।

■ दो भैंस व छह बकरियां मरी

## सड़क का शिलान्यास आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत के प्रयासों से स्वीकृत रतनपुरा मोड से गढतकनेट वाया रतनपुरा, नांगल, आसपुरा तक 10 करोड़ 29 लाख 36 हजार रुपए की लागत से बनने वाली 13. 70 किमी सड़क का शिलान्यास मंगलवार को प्रातः 10 बजे ग्राम नांगल में विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत द्वारा किया जाएगा। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव युवा नेता बालेंदु सिंह शेखावत ने क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में पधारने का आग्रह किया है।

# चिकित्सा मंत्री ने दो उप स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन किया

**लालसोट/मंडावरी, (निसं)।** चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने उद्घाटन एवं लोकार्पण कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में प्राथमिक स्तर पर ही बेहतर चिकित्सा सुलभ कराना गहलोत सरकार का पहला लक्ष्य है।

सोमवार को चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा लालसोट पंचायत समिति कि लाखनपुर व बडकापाडा सहित नगर पालिका क्षेत्र की कोठी वाली ढाणी में जनता क्लीनिक का विधिवत उद्घाटन कर ढाणियों के लोगों को चिकित्सा सुविधा के लिए यह सौगात दी गई। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा फीता काटकर उद्घाटन के बाद जनता क्लीनिक का अवलोकन भी किया गया। इस दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा जनता के हित में लगाए गए चिकित्सा कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा गया कि आने वाले मरीज का बेहतर तरीके से इलाज करते हुए मुख्यमंत्री दवा एवं जांच योजना से लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा की गई जन सुनवाई के दौरान स्थानीय ढाणी के लोगों द्वारा वहां सड़क की समस्या बताई गई जहां मंत्री मीणा द्वारा समाधान का आश्वासन दिया गया।

कार्यक्रम को पंचायत समिति के प्रधान एडवोकेट नाथु लाल मीणा द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा पूर्व सरपंच रामविलास मीणा प्रेम राज मीणा इंद्र मीणा गिर्राज प्रसाद मीणा रामस्वरूप मीणा लाकड़ा पूर्व सरपंच मल्हार जांगिड़ मीठा लाल मीणा जोहरी लाल मीणा आदि कई लोग मौजूद रहे।इसके साथ ही मंत्री मीणा ने नवसृजित ग्राम पंचायत लाखनपुर के पंचायत भवन का लोकार्पण व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाखनपुर में बीस लाख रुपए की लागत से निर्मित दो कक्षा कक्ष मय बरामदा का लोकार्पण व 82 लाख की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र बड़कापाड़ा व लाखनपुर का लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत लाडपुरा व लाखनपुर मैं महंगाई राहत एवं प्रशासन गांव के संग अभियान लाडपुरा में 521 व लाखनपुर कुल 426 परिवारों का पंजीयन किया गया। कैंप में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना ने लोगों को गारंटी कार्ड वितरण किए।

■ प्रदेश में प्राथमिक स्तर पर बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य : परसादी लाला मीणा



लाखनपुर ग्राम पंचायत में चिकित्सा मंत्री मीणा ने उप स्वास्थ्य केंद्रों की पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया।

## राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

**अलवर, (निसं)।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किये गये। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना करते हैं। राहुल गांधी के जन्मदिन पर जिला कांग्रेस कमेटी अलवर ने प्रातः 8-30 बजे नेहरू गार्डन में पौधारोपण किया उसके पश्चात प्रातः 9 बजे राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, कविता यादव, रिपुदमन गुप्ता, जयदीप आर्यन, राजेश कृष्ण सिद्ध,कृष्ण कुमार खंडेलवाल, अनवर साजिद खान, राजेश विरमानी, देशपाल यादव, प्रेमेंद्र शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, गोपेश शर्मा, सोनू गोपालिया, धारा सिंह, कुलदीप माथूर, डालचंद वर्मा, तस्लीम खान, जमशेद खान, भगवान सहाय बैरवा देवेंद्र शर्मा, छंगामल लखेरा, रामगोपाल सोनी,माणक चंद गुप्ता, अशोक सरदाना, विमल चंद जैन, किशन रस्तोगी, महेंद्र चौधरी, प्रदीप कुमार जैन, कुलदीप चौधरी, बाबूलाल सैनी, बालकिशन गुप्ता, दिनेश गुप्ता, लक्ष्मण दास गुप्ता, ओम प्रकाश शर्मा, दौलत राम आदि उपस्थित रहे।

## धन्यवाद यात्रा निकाली

**दौसा, (निसं)।** नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक पटेल ने बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जन धन्यवाद यात्रा निकालकर जनसुनवाई की। नव निर्वाचित युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पटेल ने बताया कि देलाड़ी मित्रवाड़ी द्वारापुरा श्यामसिंहपुरा पिचूपाड़ा खुर्द आभानेरी नानवाडा पंडितपुरा बसवा बांदीकुई गुढ़ा कटला महलूनी धपावन खुर्द तिहाड़ा खुर्द काटरवाडा और खेड़ा सहित अनेक गांवों में अपने काफिले के साथ जाकर युवा मतदाताओं से संवाद किया एवं राजस्थान सरकार की योजनाओं की जानकारी उन्हें देते हुए उनसे आमजन तक उन जानकारियों को पहुंचाने का आव्हान किया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पटेल ने गूलर चौराहा स्थित किसान नेता राजेश पायलट की मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं बसवा राणा सांगा चौराहा पर राणा सांगा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग
जयपुर प्रथम जयपुर
(फार्म नं. 3)
परिवाद अन्तर्गत धारा 35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019
परिवाद संख्या-52/23
पांचूलाल सुईवाल बनाम मैसर्स गुरू प्रज्ञा इन्फा.प्रा.लि.

की पांचूलाल सुईवाल पुत्र स्व.श्री कजोड़मल सुईवाल निवासी सईवाल भवन दादाबाडी के पास स्टेशन रोड सांगानेर जयपुर।

आपको एतदद्वारा सूचित कियाजाता है कि श्री मैसर्स गुरू प्रज्ञा प्रा. लि. सुभाष सैनी पुत्र/पुत्री श्री तेजमल सैनी निवासी 37, सुभाष सैनी निर्माण नगर, डी.सी.एम., अजमेर रोड जयपुर ने इस जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष एक परिवाद पेश किया है, जिसकी प्रतिलिपि संलग्न है।

आपको एतद द्वारा निर्देशित किया जाता हहै कि इस नोटिस की प्राप्ति के 30 दिवस के अन्दर अपना पक्ष प्रस्तुत करें एवं अपने बचाव में पेश करने वाले समस्त साक्ष्य एवं दस्तावेजों को पेश करें।

आपको पुनः सूचित किया जाता है कि प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.07.2023 को 10 बजे दिन में रखी गयी है। यदि आप स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होने में असफल रहे तो उपर्युक्त सुनवाई की तारीख पर परिवाद का एक पक्षीय निर्णय कर दिया जायेगा।

जिलाउपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जयपुर
मोहर

नगर कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड़, जयपुर-15) (राजस्व-द्वितीय प्रकोष्ठ)
क्रमांक एफ-6( )उपा राज.-द्वितीय (सा. प्र.)/ननिज/2023/74 सार्वजनिक सूचना दिनांक: 19-06-23

सर्वप्रथम दिनांक 22.10.1956 को ठाकुर उम्मेद सिंह ठाकुर धीरत सिंह जागीरदार महेला गारजीयन ठाकुर शिवप्रकाश सिंह पुत्र ठाकुर सांवल सिंह द्वारा ठाकुर साहब की सांगानेर रोड़ पर गांधीनगर, लालकोठी की आबादी के नाम से विख्यात है उक्त जमीन में से एक भूखण्ड जिसकी लम्बाई चौड़ाई इन्टू 100X80 फुट जिसका क्षेत्रफल 889 मुरब्बा गज श्री मदन मोहन शर्मा पुत्र श्री रामपाल शर्मा को बेचान किया गया। दिनांक 26.07.1971 को श्रीमती राजन देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री मदन मोहन शर्मा व श्रीमती कमलेश कुमारी पुत्री स्व. श्री मदन मोहन शर्मा द्वारा भूखण्ड संख्या सी-79 में से क्षेत्रफल 444.5 वर्गगज श्री बाबू लाल शर्मा को बेचान किया गया। दिनांक 11.07.1988 को श्रीमती राजन देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री मदन मोहन शर्मा व श्रीमती कमलेश कुमारी पुत्री स्व. श्री मदन मोहन शर्मा द्वारा भूखण्ड संख्या सी-79 का पीछे का उत्तरी पूर्वी भाग स्थित जिसका कुल क्षेत्रफल 150.39 वर्गमीटर श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी श्री मेघचन्द शर्मा को बेचान किया गया। दिनांक 26.07.1993 को श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी श्री मेघचन्द शर्मा द्वारा खरीदशुदा भूखण्ड संख्या सी-79, शिवाड़ एरिया, बापू नगर, जयपुर का मुख्यारनामा आम श्री बाबूलाल शर्मा को नियुक्त किया गया। दिनांक 19.03.2006 को श्रीमती राजन देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री मदन मोहन शर्मा द्वारा उपरोक्त भूखण्ड संख्या सी-79, सिवाड़ एरिया, उत्तरी पश्चिमी हिस्सा जिसका कुल क्षेत्रफल 158.88 वर्गगज की वसीयत अपनी पुत्री श्रीमती कमलेश कुमारी (कमला) पत्नी श्री बाबूलाल शर्मा के पक्ष में निष्पादित की गई। दिनांक 16.08.2022 को श्री बाबूलाल शर्मा पुत्र श्री देवकी नन्दन शर्मा बहैसियत मुख्यारआम श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी श्री मेघचन्द शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या सी-79 का पीछे का उत्तरी पूर्वी भाग जो पूर्व में विक्रेती को प्राप्त थे, अब क्रेता में निहित होगें श्री मनीष चन्द्र शर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द्र शर्मा को बेचान किया गया। दिनांक 24.08.2000 को श्री मनीष चन्द्र शर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द्र शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या सी-79 का पीछे का उत्तरी पूर्वी भाग स्थित जिसका क्षेत्रफल 150.39 वर्गमीटर श्रीमती प्रियंका कोठारी पत्नी श्री सिद्धार्थ कोठारी को बेचान किया गया। दिनांक 27.01.2023 को श्रीमती कमला शर्मा एवं श्रीमती राजन देवी शर्मा द्वारा भूखण्ड संख्या सी-79 का उत्तरी पश्चिमी भाग कुल क्षेत्रफल 264.44 वर्गगज श्रीमती मधु कोठारी पत्नी श्री अरूण कोठारी को बेचान किया गया। दिनांक 27.01.2023 को श्री बाबूलाल शर्मा पुत्र श्री देवकी नन्दन शर्मा द्वारा भूखण्ड संख्या सी-79 का दक्षिणी भाग कुल क्षेत्रफल 355.56 वर्गगज श्री अरूण कोठारी पुत्र श्री माणक चन्द कोठारी को बेचान किया गया। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र रजिस्टर्ड मुख्यारनामा आम रजिस्टर्ड वसीयतनामा, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा 1. श्री अरूण कुमार कोठारी पुत्र श्री माणक चन्द कोठारी 2. श्रीमती मधु कोठारी पत्नी श्री अरूण कुमार कोठारी 3. श्रीमती प्रियंका कोठारी पत्नी श्री सिद्धार्थ कोठारी के पक्ष में क्षेत्रफल 800 वर्गगज का फ्री होल्ड पट्टा जारी किया जाना है। इस फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व - द्वितीय) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
मोहर
उपायुक्त(राजस्व द्वितीय) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर




**E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: bharat.mittal@maruti.co.in**

**AUTHORISED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT. LTD:** CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: CALL: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: CALL: 4411111, 9785023000. **AURIC MOTORS PVT LTD.:** MANSAROVAR: CALL: 8929207471. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: CALL: 9209056789. **VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: CALL: 4065555, 9660000363. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** ADARSH NAGAR: CALL: 4074444, 9549650361. BANIPARK: CALL: 4072222, 2201365, 8698003009. **SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.:** MALVIYA NAGAR: CALL: 2523400, 8302890000. **SANGA AUTONATION:** TONK ROAD: CALL: 9057809150, 7734901000. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: CALL: 9773364861. LALSOT: CALL: 9773364863. BANDIKUI: CALL: 9773364864. MAHWA: CALL: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9773364865. UNIARA: CALL: 7742944482. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: CALL: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058401166. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058406655. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794167. TUNGA: CALL: 8058794137. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. **AJMER: RELAN MOTORS**: CALL: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **ALWAR: MG MOTORS:** CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. **AURIC MOTORS**: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: CALL: 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: CALL: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: CALL: 8955664400. **CHURU: TRS CHURU:** CALL: 9356501550. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 9001997116, 9001997113, 9587898054. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. KHANPUR: CALL: 07430-299240, 8306333715. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: CALL: 6377715171. AHORE: CALL: 9015900500. SAYLA: CALL: 9015900500. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: CALL: 9928841300, 9116150669, 9929244402. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: CALL: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** CALL: 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** CALL: 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS:** MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS:** GOVARDHAN VILLAS: CALL: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS**: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: CALL: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117.

*Offer includes Consumer offer, Retail support, exchange bonus and ISL/ Rural offer (wherever applicable) on Celerio (Petrol- all variants except L & AGS.). *Terms and conditions apply. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. Creative visualization. Accessories and features shown in the pictures may not be part of the standard equipment and may vary according to the variant. Images used are for illustration purposes only. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. ##As certified by Test Agency Under Rule 115 (G) of CMVR 1989. ^Claim supported by independent research agency-JATO Dynamics Limited and is applicable in the petrol category. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Offer may vary from variant to variant. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offer is valid till 30th June 2023.